निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, गुरुवार 2 अप्रैल 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 313 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित



असम के तिनसुकिया ज़िले के डिगबोई के बोगापानी टी स्टेट में लोगों का अभिवादन करते झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन

## झारखंड विधानसभा में 25 नई समितियों का गठन

### कल्पना सोरेन और मनोज यादव को मिली अहम जिम्मेदारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा सचिवालय ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न स्थायी समितियों के गठन की अधिसूचना जारी कर दी है। गांडेय की झामुमो विधायक कल्पना सोरेन महत्वपूर्ण महिला एवं बाल विकास समिति एवं बरही के कांग्रेस विधायक मनोज कुमार यादव लोक लेखा समिति के अध्यक्ष होंगे। विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने कुल 25 समितियों का गठन किया है, जिनमें नियम समिति, विशेषाधिकार समिति और याचिका समिति के सभापति स्वयं अध्यक्ष रहेंगे। प्राक्कलन समिति की जिम्मेदारी लिट्टीपाड़ा के झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू को सौंपी गई है। वहीं, सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति का नेतृत्व मझगांव के झामुमो विधायक निरल पुरती और प्रत्यायुक्त विधान समिति की कमान जमशेदपुर पश्चिम के जदयू विधायक सरयू राय को दी गई है। अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति के सभापति महेशपुर के झामुमो विधायक स्टीफन मरांडी बनाए गए हैं।



जबकि आवास समिति का नेतृत्व खरसावां के झामुमो विधायक दशरथ गागराई को सौंपा गया है। प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति की कमान दुमका के झामुमो विधायक बसंत सोरेन को दी गई है, जबकि सरकारी आश्वासन समिति के सभापति निरसा के भाकपा माले विधायक अरूप चटर्जी बनाए गए हैं। शून्यकाल समिति का नेतृत्व गुमला के झामुमो विधायक भूषण तिर्की को मिला है। विधायक निधि अनुश्रवण समिति के सभापति रांची के भाजपा विधायक चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह होंगे, जबकि पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति की जिम्मेदारी सारठ के झामुमो विधायक उदय शंकर सिंह को सौंपी गई है। जिला परिषद एवं पंचायती राज समिति का नेतृत्व कंग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव करेंगे। गैर सरकारी संकल्प समिति के सभापति लातेहार के भाजपा विधायक प्रकाश राम बनाए गए हैं, जबकि पुस्तकालय विकास समिति की जिम्मेदारी गढ़वा के भाजपा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी को दी गई है। अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति के सभापति देवघर के राजद विधायक सुरेश पासवान होंगे और निवेदन समिति की कमान चंदनक्यारी के झामुमो विधायक उमाकांत रजक को सौंपी गई है। सदाचार समिति के सभापति मनिका से कांग्रेस के विधायक रामचंद्र सिंह बनाए गए हैं, जबकि युवा कल्याण, संस्कृति एवं पर्यटन विकास समिति का नेतृत्व ईचागढ़ की झामुमो विधायक सविता महतो करेंगी। सामान्य प्रयोजन समिति की जिम्मेदारी कोडरमा की भाजपा विधायक डा. नीरा यादव को दी गई है। आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति के सभापति लोहरदगा के कांग्रेस विधायक रामेश्वर उरांव होंगे, जबकि खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले समिति की जिम्मेदारी तमाड़ के झामुमो विधायक विकास कुमार मुंडा को सौंपी गई है। विधानसभा सचिवालय के अनुसार, सभी समितियों का कार्यकाल एक वर्ष या पुनर्गठन तक प्रभावी रहेगा। सभा सचिव इन सभी समितियों के पदेन सचिव होंगे। विधानसभा के जनसंपर्क पदाधिकारी गुलाम मोहम्मद सरफराज ने यह जानकारी दी।

## सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद ग्रामीणों एवं पुलिस के बीच तीखी झड़प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गढ़वा।** गढ़वा-नगर उंटारी मुख्य पथ पर निर्माणाधीन फोरलेन सड़क पर बुधवार को हुए एक भीषण हादसे ने उग्र रूप ले लिया। रामगढ़ मोड़ के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से 20 वर्षीय पंकज कुमार की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों और पुलिस के बीच तीखी झड़प हो गई। स्थिति को काबू में करने के लिए पुलिस द्वारा किए गए हल्का बल प्रयोग के बाद भीड़ और उग्र हो गई और पुलिस वाहन को पथराव कर क्षतिग्रस्त कर दिया। जानकारी के अनुसार झुरहा निवासी पंकज कुमार सुबह अपनी लूना से बाजार जा रहा था तभी तेज रफ्तार वाहन ने उसे कुचल दिया। घटना के बाद गुस्साये ग्रामीणों ने शहीद भगत सिंह चौक सहित तमाम लिंक सड़कों को जाम कर दिया। पुलिस के साथ हुई वार्ता विफल होने और लाठीचार्ज के बाद माहौल और अधिक तनावपूर्ण हो गया जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की



लंबी कतारें लग गईं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कंपनी पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी का गंभीर आरोप लगाया है। ग्रामीणों की प्रमुख मांग है कि मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा व नौकरी दी जाए और दुर्घटना संभावित रामगढ़ मोड़ पर ओवरब्रिज या अंडरपास का निर्माण कराया जाए। फिलहाल क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात है और जिला प्रशासन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ मिलकर स्थिति को सामान्य बनाने का प्रयास कर रहा है।

## भू-धंसान के बाद मलबे से तीन शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** कतरास के सोनारडीह ओपी क्षेत्र स्थित टंडाबार बस्ती में हुए दर्दनाक भू-धंसान हादसे के बाद चलाए गए रेस्क्यू ऑपरेशन में तीन लोगों के शव मलबे से बाहर निकाले गए। यह रेस्क्यू अभियान देर रात करीब ढाई से तीन बजे तक जारी रहा। मलबे से जिन शवों को निकाला गया उनमें मनोहर उरांव, उनकी बेटी गीता देवी और एक अन्य महिला सरिता देवी शामिल हैं। हादसे में मनोहर उरांव का घर पूरी तरह जमींदोज हो गया, जिसके नीचे ये तीनों दब गए। बताया जा रहा है कि घटना के समय मनोहर उरांव अपनी बेटी गीता देवी के साथ घर में मौजूद थे। इसी दौरान किसी काम से सरिता उनके घर आई हुई थीं। अचानक



हुए भू-धंसान में तीनों को संभलने का मौका तक नहीं मिला और वे मलबे में दब गए। मृतक मनोहर उरांव की पत्नी छोटू देवी ने बताया कि हादसे के वक्त वह घर पर नहीं थीं। वह पड़ोस के घर में गई हुई थीं। उनके पति, बेटी और सरिता घर के अंदर ही थे, जो इस हादसे का शिकार हो गए। रेस्क्यू के बाद तीनों के शव बाहर निकाले गए। वहीं सरिता देवी की बेटी ने भी बताया कि उनकी मां मनोहर उरांव के घर गई थीं और उसी दौरान यह हादसा हुआ, जिसमें घर धंस गया और उनकी मां भी उसमें समा गईं। काफी देर बाद रात में रेस्क्यू कर शव निकाला जा सका। इधर परिजनों ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि अगर समय पर रेस्क्यू कार्य शुरू किया गया होता तो शायद तीनों की जान बचाई जा सकती थी। उन्होंने राहत एवं बचाव कार्य में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।

## प्रभाकर प्रभात बने ईडी रांची जोन के नए संयुक्त निदेशक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय में बड़े पैमाने पर अधिकारियों का तबादला हुआ है। प्रभाकर प्रभात रांची ईडी जोनल के नए संयुक्त निदेशक बनाए गए हैं। वहीं, अजय लुहाच का तबादला रांची से रायपुर किया गया है। इस संबंध में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। प्रवर्तन निदेशालय ने बड़े पैमाने पर अधिकारियों के स्थानांतरण का आदेश जारी किया है जिसमें कई फ़ेरबदल किए गए। झारखंड में भी ईडी में बड़ा तबादला हुआ है। ईडी रांची जोनल के संयुक्त निदेशक अजय लुहाच का तबादला रायपुर किया गया है। वहीं रायपुर से प्रभाकर प्रभात को रांची भेजा गया है जहां उन्हें रांची ईडी जोनल के नए संयुक्त निदेशक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अधिसूचना के अनुसार अवनीश तिवारी पणजी से चंडीगढ़, राकेश कुमार सुमन कोच्चि से लखनऊ, मयंक पांडे गुवाहाटी से मुंबई, प्रभाकर प्रभात रायपुर से रांची ट्रांसफर किए गए हैं। जबकि अजय लुहाच रांची से रायपुर जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला कांस्टेबल की सड़क हादसे में मौत

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी रांची के रातू इलाके में झारखंड पुलिस की एक महिला कांस्टेबल रंजीता एक्का की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब वह अपनी ड्यूटी के लिए घर से निकली थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि स्कूटी सवार महिला कांस्टेबल अचानक अनियंत्रित होकर स्कूटी सहित सड़क पर जा गिरी। इसी दौरान एक वाहन ने उन्हें कुचल दिया। हालांकि वाहन सवार मौके से फरार हो गया। जानकारी मिलने के बाद रातू थाना के सहयोग से महिला कांस्टेबल को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### छात्रा ने फांसी लगा दी जान

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र के बगड़ो गांव में 16 वर्षीय छात्रा चांदनी कुमारी ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। चांदनी, बैद्यनाथ राणा की पुत्री थी। घटना के समय घर के सभी सदस्य एक शादी समारोह की तैयारी के लिए बाजार गए हुए थे। जब परिजन वापस लौटे तो उन्होंने देखा कि छत पर बने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद है। कई बार आवाज लगाने के बावजूद कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर परिजनों ने दरवाजा तोड़ दिया। अंदर बेटी फंदे से लटकी हुई थी। आनन-फानन में उसे नीचे उतारा गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

### डिवाइडर से टकरा बाइक सवार युवक की मौत

**गिरिडीह (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के पंचम्बा थाना क्षेत्र स्थित मोहनपुर में हनी होली स्कूल के पास सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार सभी युवक एक शादी समारोह में शामिल होने घोरथम्बा गए थे और कार्यक्रम समाप्त होने के बाद देर रात एक ही वाहन से गिरिडीह लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में यह दर्दनाक हादसा हो गया। मृतक की पहचान बिहार के नवादा निवासी समीर के रूप में हुई है।

### स्कूल के पास पेड़ से लटका मिला शव

**चतरा (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के इटखोरी में 20 वर्षीय युवक का शव स्कूल परिसर में बेर के पेड़ से लटका मिला। बुधवार सुबह स्कूल पहुंचे बच्चों ने शव देखा और इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। यह घटना इटखोरी थाना क्षेत्र के प्रखंड कॉलोनी मध्य विद्यालय और पंचायत सचिवालय के पास हुई। बुधवार सुबह करीब 8 बजे जब बच्चे स्कूल के पिछले हिस्से में खेलने गए तो उन्हें दुर्गंध महसूस हुई। झाड़ियों के पास जाने पर उन्होंने एक युवक का शव फांसी के फंदे पर झूलता देखा। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## मोबाइल चोर गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** रामनवमी के दिन शोभायात्रा के दौरान रांची के चुटिया इलाके से 12 से ज्यादा मोबाइल फोन गायब हो गए थे। मामले में रांची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोबाइल गायब करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। रांची के सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि चुटिया थाना अन्तर्गत 27 मार्च को रामनवमी पर्व को लेकर अलग-अलग क्षेत्रों से जुलूस निकाला गया था। जुलूस में शामिल लोगों में से कुछ लोगों के भीड़ में मोबाइल फोन गुम हो गए, जब इस संबंध में चुटिया थाना में शिकायत दर्ज की गई और जांच शुरू हुई तो जांच में पता चला कि पश्चिम बंगाल के चोरों के द्वारा तपोवन मंदिर में शामिल जुलूस और विभिन्न जुलूसों से मोबाइल फोन की चोरी की गई है। मामले में कार्रवाई करते हुए तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। सिटी एसपी ने बताया कि मोबाइल गायब होने के सबंध में जांच के क्रम में रांची रेलवे स्टेशन के आसपास सघन जांच और पूछताछ की गई थी। जांच के क्रम में तीन संदिग्ध व्यक्तियों से गहन पूछताछ की गई। पूछताछ के क्रम में उनके द्वारा बताया गया कि पुरुलिया, पश्चिम बंगाल में रहते हैं और विभिन्न शहरों में जाकर भीड़ वाले इलाके में शामिल होकर मोबाइल फोन की चोरी करते हैं और पश्चिम बंगाल में जाकर चोरी के फोन बेच देते हैं। इस संबंध में चुटिया थाना कांड सं0-38/26, धारा-112/317 (5)/3(5) भान्यासं दर्ज कर अग्रतर अनुसंधान किया जा रहा है। पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों के पास से चोरी के 16 मोबाइल बरामद किए हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों में पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिला निवासी भागीरथ सिंह, सूरज सिंह एवं उतराखंड के रूद्रपुर जिला निवासी कृष्णा माली शामिल हैं।

## झारखंड को केन्द्र से मिले 2254 करोड़ रुपये

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** केंद्र सरकार ने झारखंड को वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंत तक 15वें वित्त आयोग के तहत करीब 2254 करोड़ रुपए की राशि मुहैया कराई है जो अब तक की सर्वाधिक रकम है। इधर केंद्र से राज्य सरकार के ग्रामीण विकास विभाग को मिली भारी भरकम राशि पर सियासी बयानबाजी शुरू हो गई है। भाजपा ने इसका स्वागत करते हुए कहा है कि कल तक केंद्र से सहयोग नहीं मिलने का आरोप लगाने वालों के मुंह पर यह तमाचा है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने कहा कि केंद्र सरकार से मिली राशि का सदुपयोग होना चाहिए ना कि दुरुपयोग, बीजेपी इस पर नजर रखेगी और सरकार को भी चाहिए कि जिस मद का पैसा मिला है, उसका सही से खर्च हो। ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा यह राशि काफी जद्दोजहद के बाद मिली है। मुझे उम्मीद है कि इस राशि का सदुपयोग ग्रामीण क्षेत्रों में होगा। मुझे उम्मीद है कि हमारे जो पंचायती राज के प्रतिनिधि हैं, वो अपने क्षेत्र में जो बुनियादी सुविधा खासकर पेयजल एवं अन्य साधनों पर खर्च कर जनता तक इसका लाभ पहुंचाने का काम करेंगे। राज्य के 4345 पंचायतों में विकास कार्य के लिए बड़े पैमाने पर राशि मुहैया कराई गई है। केंद्र सरकार द्वारा वित्तीय साल 2025-26 के अंत तक झारखंड को 15वें वित्त आयोग के तहत करीब



2254 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त हुई है। इस राशि को राज्य के पंचायतों को मिलने वाली राशि के नजरिए से आंके तो हर एक पंचायत के हिस्से में पिछले एक साल में करीब 51 लाख 80 हजार रुपए आयेंगे। यह राशि राज्य गठन के बाद से अब तक मिलने वाली सर्वाधिक राशि है। सबसे बड़ी उपलब्धि ये है कि राज्य वित्त आयोग से पहली बार पंचायतों को अनुदान राशि दी गई है। इससे पहले 15वें वित्त आयोग के तहत झारखंड के हिस्से में वित्तीय वर्ष 2021-22 में 624.50 करोड़, वित्तीय वर्ष 2022-23 में 1271 करोड़, वित्तीय वर्ष 2023-24 में 1300 करोड़, वित्तीय वर्ष 2024-25 में 653.50 करोड़ जबकि वित्तीय 2025-26 में यह राशि सर्वाधिक 2254 करोड़ रुपए राज्य के पंचायतों को मिली है।



# राजद की अहम बैठक 5 को रांची में, कार्यक्रम को लेकर रणनीति तय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह ।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) गिरिडीह जिला कमिटी की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को नया परिसदन भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष इरफान आलम ने की। इस दौरान संगठनात्मक मजबूती और आगामी कार्यक्रमों को लेकर कई अहम बिंदुओं पर चर्चा की गई बैठक का मुख्य मुद्दा 5 अप्रैल को रांची में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में कार्यकताओं की भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। इसको लेकर सभी प्रखंड अध्यक्षों एवं कमिटी सदस्यों के साथ विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।



बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों से अधिक से अधिक लोगों को रांची ले जाने को लेकर सुझाव भी दिए जिला अध्यक्ष इरफान आलम ने बताया कि 5 अप्रैल को बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राजद के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव का रांची आगमन प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम में राज्यभर से पार्टी कार्यकताओं की बड़ी भागीदारी होगी। उन्होंने कहा कि गिरिडीह से भी भारी संख्या में कार्यकर्ता रांची पहुंचें, इसके लिए रणनीति तैयार की गई है इस दौरान इरफान आलम ने गिरिडीह के जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) को अविलंब निलंबित करने की मांग भी मुख्यमंत्री से की। उन्होंने कहा कि डीटीओ संतोष कुमार द्वारा एक टोटो चालक के साथ कथित रूप से अभद्र एवं अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया जाना निंदनीय है। उन्होंने कहा कि इस तरह की अफसरशाही और दादागिरी को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा बैठक में प्रदेश सचिव इनामुल हक, उपाध्यक्ष दशरथ यादव, रामेश्वर प्रसाद यादव, इरफान अंसारी, जमुआ प्रखंड अध्यक्ष ललन यादव, शहजाद अंसारी, उदय कुमार, जियाउद्दीन अंसारी, तितु यादव, मो. अरमान अंसारी, तोसिफ अंसारी, रहमत अंसारी, रजाक अंसारी, प्रभु रविदास, संजय यादव, नेक वारिस सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## उसरी नदी के पानी के बाजारीकरण का विरोध ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** उसरी नदी के पानी को पाइपलाइन के जरिए फैक्ट्री तक ले जाने की योजना को लेकर इलाके में विरोध तेज हो गया है। माले नेता सह उसरी बचाव अभियान के संयोजक राजेश सिन्हा ने स्पष्ट कहा कि किसी भी हालत में नदी के पानी का बाजारीकरण नहीं होने दिया जाएगा जानकारी के अनुसार, पथ निर्माण विभाग द्वारा टुंडी रोड, चतरो स्थित बालमुकुंद स्पंज फैक्ट्री को लगभग 2 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाने की अनुमति दी गई है। इस पाइपलाइन के जरिए उसरी नदी का पानी सीधे फैक्ट्री तक ले जाने की योजना है, जिसका स्थानीय ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकताओं ने कड़ा विरोध किया है राजेश सिन्हा, सामाजिक कार्यकर्ता विजय विशाल राय और शुभांकर कुमार ने कहा कि उसरी नदी गिरिडीह की जीवनदायिनी है और उसी से उसरी वॉटरफॉल का अस्तित्व जुड़ा हुआ है।

यदि नदी का पानी इस तरह निकाला गया, तो इससे पर्यावरण और जल स्रोत दोनों पर गंभीर असर पड़ेगा उन्होंने आरोप लगाया कि बालमुकुंद समूह की बाला जी फैक्ट्री पहले से ही नदी किनारे मोटर के जरिए पानी निकालकर स्टोर करती है और टैंकर के माध्यम से सप्लाई करती है। इस संबंध में जिला प्रशासन को पूर्व में भी जानकारी दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है सामाजिक कार्यकताओं का कहना है कि पूर्व में विरोध करने पर उन पर मुकदमे दर्ज किए गए थे, बावजूद इसके वे इस बार भी लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन जारी रखेंगे। असंगठित मजदूर मोर्चा के नेता किशोर राय और मसूदन कोल ने कहा कि फैक्ट्री के प्रदूषण और अत्यधिक बोरिंग के कारण पहले ही भूजल स्तर गिर चुका है, जिससे इलाके में पानी की किल्लत बढ़ गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि उसरी नदी इस क्षेत्र का अंतिम प्रमुख जलस्रोत है और इसके साथ छेड़छाड़ से जल संकट और गहरा जाएगा। उन्होंने यह भी मांग की कि सरकार इस नदी के पानी का उपयोग स्थानीय लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने में करे, न कि औद्योगिक उपयोग के लिए।ज्ञापन सौंपा, आंदोलन की चेतावनी गादी श्रीरामपुर पंचायत के गंगापुर, चतरो, महुआटांड सहित आसपास के गांवों के जनप्रतिनिधियों, युवाओं और असंगठित मजदूर मोर्चा के सदस्यों ने पाइपलाइन कार्य रोकने की मांग को लेकर जिला प्रशासन को संयुक्त ज्ञापन सौंपा है इस दौरान आजाद आलम, शिंकु मरांडी, धनेश्वर राय उर्फ मिस्त्री, अजय तूरी, अजय टुडू, बुंदीलाल टुडू, प्रकाश टुडू, प्रमोद रवानी समेत कई लोग मौजूद रहे ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने जल्द संज्ञान नहीं लिया, तो बड़े स्तर पर जनआंदोलन किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को किया गया सम्मानित

**पकरीबरावां (नबिटासं)।** बुधवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय कचना में एक समारोह आयोजित कर बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को



सम्मानित किया गया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय कचना की छात्रा समीक्षा कुमारी ने गणित ओलम्पियाड में जिला में प्रथम स्थान प्राप्त की। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में उसने पांचवां स्थान प्राप्त किया। पंचायत के मुखिया आलोक कुमार ने उसे सम्मानित किया। इसी तरह कचना गांव के चार बच्चों ने मैट्रिक की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया। उसे भी सम्मानित किया गया। इसके पूर्व अभिभावक- शिक्षक संगोष्ठी में अभिभावक धर्मेन्द्र यादव के हाथों गणित ओलम्पियाड में नाम रौशन करने वाली समीक्षा को सम्मानित किया गया था। अवसर पर प्रधानाध्यापक संजय कुमार सुमन ,शिक्षक मीठ मोहन कुमार, अरविंद कुमार, बेबी कुमारी, प्रहलाद पासवान, शंकर कुमार, ग्रामीण बाढ़ो यादव, अंकित कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### पुलिस कार्रवाई में विभिन्न जगहों से तीन वारंटी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**रजौली (नबिटासं)।** थाना क्षेत्र में अपराधियों और वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रजौली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार के नेतृत्व में की गई छापेमारी के दौरान पुलिस ने अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे तीन गैर-जमानती वारंटियों को उनके पैतृक आवास से गिरफ्तार कर लिया है।पकड़े गए अभियुक्तों में भौर ग्राम निवासी बालेश्वर यादव का पुत्र रामदेव यादव उर्फ राजदेव यादव शामिल है,जिसके खिलाफ विशेष उत्पाद न्यायालय द्वितीय नवादा से वारंट निर्गत था। वहीं,फुलवरिया गांव से दो अन्य वारंटियों की गिरफ्तारी हुई है, जिनमें स्वर्गीय पैरा चौधरी का पुत्र गणेश चौधरी और स्वर्गीय केदार मिस्त्री का पुत्र रामबालक मिस्त्री शामिल



है, जिसके खिलाफ जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एकादश की अदालत से वारंट जारी था। पुलिस टीम ने कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद तीनों अभियुक्तों को नवादा न्यायालय में पेश किया, जहां से माननीय न्यायालय के आदेश पर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष रणजीत कुमार ने बताया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने और लंबे समय से फरार चल रहे अपराधियों की धरपकड़ के लिए पुलिस की यह कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

### बाबा साहब की 135वीं जयंती की तैयारियों को लेकर कौआकोल में बैठक आयोजित

**कौआकोल (नबिटासं)।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित अम्बेदकर पार्क में आगामी 14 अप्रैल को संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। इसे लेकर बुधवार को प्रखण्ड परिसर के अम्बेदकर भवन में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी एवं गैर-कर्मचारी संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष ब्रह्मदेव रविदास की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जयंती समारोह की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक के दौरान उपस्थित सदस्यों ने कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए आवश्यक तैयारियों,साफ-सफाई आदि पर चर्चा की। इस अवसर पर संघ के सदस्यों और स्थानीय प्रबुद्ध जनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बैठक में मुख्य रूप से विष्णुदेव रजक,सुरेश सोरेन,अशोक पासवान,मनोज चौधरी,कौलेश्वर दास सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। अध्यक्ष ब्रह्मदेव रविदास ने कहा कि बाबा साहब के पदचिन्हों पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी, इसलिए जयंती के अवसर पर उनके विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया जाएगा।

### रग्बी फुटबाल में नवादा का रहा जलवा

**नवादा (नबिटासं)।** 10वीं बिहार राज्य स्तरीय रग्बी फुटबॉल बालक एवं बालिका अंडर 15 चैंपियनशिप का आयोजन खेल मैदान इक्कील जहानाबाद में आयोजित किया गया । जिसमें बालिका वर्ग की टीम ने राज्य में तीसरे स्थान प्राप्त की। वही बालक वर्ग फाइनल में पहुंचकर उपविजेता बनकर जिले का गौरव बढ़ाया । बालिका टीम में चाहत कुमारी कप्तान, निशा कुमारी उप कप्तान, सिमरन ,सपना ,मधु ,खुशबू, हेमा ,शिवानी, प्रियंका, सलोनी, प्रियांशी एवं रिया शामिल रही । वहीं बालक वर्ग में इंद्रजीत कुमार कप्तान ,रजनीश कुमार उप कप्तान ,रौशन, एमडी आलिया ,रमेश ,विकास, सूरज, अमन ,रिशु ,साहिल, अंकित ,नीरज शामिल था । टीम कोच के रूप में गुलशन बाबू, वही टीम मैनेजर के रूप में नंदनी कुमारी टीम के साथ गए थे और टीम को जीताने में अहम भूमिका निभाए । जिले के खिलाड़ियों के इस जीत पर नवादा जिला रग्बी संघ के अध्यक्ष ए के गुरु, सचिव विक्रम कुमार ,शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार वर्मा ,अकेडमी के कोच कीर्ति रंजन, स्काउट प्रशिक्षक संतु कुमार ,समाजसेवी राहुल कुमार आदि लोगों ने टीम को हरी झंडी दिखाकर नवादा स्टेशन से रवाना किया था । संघ के सचिव विक्रम कुमार ने बताया कि नवादा जिले के टीम का प्रैक्टिस बहुत ही शानदार किया था ,जिससे कि नवादा जिले को बालक एवं बालिका दोनों टीमों ने मेडल दिलाकर नाम रौशन किया। साथ ही साथ इसी प्रतियोगिता के आधार पर बिहार टीम का चयन किया गया और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेगा।

# विशेष लोक अदालत का आयोजन 25 अप्रैल को

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह ।** न्यायालय परिसर, गिरिडीह समयः सुबह 07:00 बजे से निःशुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय प्रदान करने के उद्देश्य से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा), रांची के निदेर्शानुसार व्यवहार न्यायालय, गिरिडीह परिसर में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।इस विशेष लोक अदालत में निम्नलिखित मामलों का निपटारा किया जाएगा।



चेक बाउंस से संबंधित मामले अन्य सुलहनीय समझौता योग्य मामले प्री-काउंसलिंग की व्यवस्था 20 अप्रैल 2026 से 24 अप्रैल 2026 तक उक्त अवधि में वादकारीगण उपस्थित होकर अपने मामलों का निपटारा आपसी सुलह-समझौते के आधार पर करा सकते हैं संपर्क एवं जानकारी इस संबंध में विस्तृत जानकारी हेतु आप किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 07:00 बजे से 12:30 बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। टोल फ्री नंबर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा)): 15100 मोबाइलः 7319853377 है।

# हजारीबाग की घटना पर उबाल, 3 अप्रैल को झारखंड बंद का ऐलान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले के विष्णुगढ़ में 12 वर्षीय बच्ची की हत्या की दर्दनाक घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। इस जघन्य अपराध के बाद राज्यभर में आक्रोश का माहौल है और लोग न्याय की मांग को लेकर सड़क पर उतर रहे हैं घटना के विरोध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 3 अप्रैल को झारखंड बंद का आह्वान किया है। पार्टी का कहना है कि जब तक दोषियों को सख्त सजा नहीं मिलती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा वहीं राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज ने भी इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए बंद को समर्थन देने की घोषणा की है। उन्होंने इसे समाज के लिए कलंक बताते हुए कहा कि अपराधियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई जरूरी है राजकुमार राज ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे 3 अप्रैल के बंद को सफल बनाएं, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके और प्रशासन पर त्वरित कार्रवाई का दबाव बने घटना को लेकर विभिन्न सामाजिक संगठनों और आम लोगों में भी भारी आक्रोश है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए यह घटना एक बार फिर राज्य में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करती है, जिस पर सरकार और प्रशासन को तत्काल ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

# अखंड कीर्तन को लेकर निकली कलश शोभायात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा (नालंदा)।** प्रखंड के महमदपुर गांव में 24 घंटा अखंड कीर्तन को लेकर बुधवार के दिन भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में गांव की लगभग डेढ़ सौ महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए।कलश शोभायात्रा को लेकर पटना जिला के फतुहा त्रिवेणी गंगा घाट से गंगा जल लाकर ब्राह्मणों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में गंगा जल भरकर पूरा गांव घूम देवीस्थल पहुंच कलश शोभायात्रा समाप्त हुआ।



इस मौके पर पूजा समिति के सदस्य ने बताया कि गांव व समाज में सुख समृद्धि एवं मानव कल्याण के लिए 24 घंटे का अखंड कीर्तन किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन का मुख्य उद्देश्य समुदायिक एकता को बढ़ावा देना और आध्यात्मिक वातावरण का निर्माण करना है।अखंड कीर्तन समाप्त होने के बाद पूरे विधि विधान पूर्वक हवन के साथ इस आयोजन को संपन्न किया जाएगा।अखंड-कीर्तन से मन, शरीर और आत्मा का कल्याण करता है। यह तनाव कम करने के साथ सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है।अखंड-कीर्तन को लेकर हर तरफ खुशी का माहौल देखा जा रहा है।इस मौके पर राज किशोर प्रसाद,अखिलेश प्रसाद,सतीश कुमार,राजाराम,रंजीत कुमार, फंटूश कुमार, रॉकी कुमार,पबन कुमार, आदित्य कुमार, रिशु कुमार, अरविंद प्रसाद,रवि कुमार सहित सभी गांववासी उपस्थित थे।

# बिहार ओपन फिडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता में भोजपुर की अव्या श्रीवास्तव ने रचा इतिहास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा (भोजपुर)।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, खेल विभाग, बिहार सरकार एवं अखिल बिहार शतरंज संघ के संयुक्त तत्वावधान में कंकड़बाग स्थित पाटलिपुत्र खेल परिसर में 25 से 29 मार्च तक आयोजित बिहार ओपन फिडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता में भोजपुर जिले की नन्हीं प्रतिभा अव्या श्रीवास्तव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया। अव्या श्रीवास्तव ने अंडर-7 बालिका वर्ग में ऑल इंडिया स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर ₹5000 का नगद पुरस्कार अपने नाम किया। उन्होंने कुल 9 राउंड



में 4 अंक अर्जित किए। अव्या केंद्रीय विद्यालय, आरा की कक्षा 2 की छात्रा हैं तथा नेहरू नगर निवासी निशांत कुमार की पुत्री हैं।

अव्या नियमित रूप से आरा चेस एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त करती हैं। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के पीछे कोच बिरेन्द्र कुमार उपाध्याय एवं रंजन कुमार का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन रहा है। उनके निर्देशन में अव्या निरंतर प्रत्येक प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। भोजपुर शतरंज संघ के सचिव डॉ. एम.डी. सैफ ने बताया कि जिले के अन्य खिलाड़ियों ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया। इनमें सिमरन (4.5 अंक), समीर (5.5 अंक), परी (4 अंक), अमन (4 अंक) एवं विशाल पुष्कर (5 अंक) शामिल हैं, जिन्होंने जिले का नाम रोशन किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अव्या श्रीवास्तव आने वाले दिनों में और भी बड़ी उपलब्धियां हासिल कर भोजपुर जिले का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगी। इस उपलब्धि पर भोजपुर जिला शतरंज संघ के मुख्य संरक्षक डॉ. रामकृष्ण, संरक्षक डॉ. एस.के. रूंगटा, अध्यक्ष डॉ. के. एन. सिन्हा एवं उपाध्यक्ष निशी जैन ने अव्या श्रीवास्तव को बधाई दी है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# फोटो शूट करवाने गये छात्र की सोन नदी में डूबने से मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा (भोजपुर)।** जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के कोईलवर पुराने पुल के समीप फोटो शूट करवाने गये छात्र की सोन नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक कोईलवर थाना क्षेत्र के सकड्डी गांव वार्ड नंबर-7 निवासी मो. मोहउद्दीन का 19 वर्षीय पुत्र मो. शाकिब है। वह इंटर का छात्र था। इधर, मृतक के रिश्ते में भाई मो. मुस्तकीम ने बताया कि वह अपने चार दोस्तों के साथ पुरानी कोईलवर पुल स्थित सोन नदी के किनारे फोटो शूट करवाने गया था। जहां फोटो खिंचवाने के दौरान वह सोन नदी में डूब गया। इसके बाद वह मौजूद दोस्तों द्वारा इसकी सूचना उसके परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन पहुंचे और सोन नदी में घुसकर उसे पानी से बाहर निकाला। इसके बाद परिजन अपनी संतुष्टि को लेकर उसे कोईलवर पीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम सदर में करवाया।

# भाजपा का दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा (नालंदा)।** भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत नगरनौसा मंडल में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर बुधवार के दिन संपन्न हो गया। प्रशिक्षण शिविर मंडल के बोधि बिगहा गांव स्थित एक निजी परिसर में आयोजित किया गया था।प्रशिक्षण शिविर में संगठन मजबूती पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।




प्रशिक्षण शिविर के सत्र वक्ताओं ने संगठन की मजबूती और कार्यकताओं की भूमिका पर विशेष जोर दिया साथ ही केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाईं।वक्ताओ ने कहा कि भाजपा सरकार ने समाज के हर वर्ग के विकास के लिए कई योजनाएं संचालित की है। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे इन योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं और पार्टी की नीतियों को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण शिविर कार्यकताओं को नई दिशा और ऊर्जा देने का माध्यम है। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कार्यकताओं को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से अवगत कराना और उन्हें जन-जन तक पहुंचाना था, ताकि कुशल कार्यकताओं का निर्माण हो सके।भारतीय जनता पार्टी का प्रशिक्षण वर्ग हर वर्ष आयोजित होता है। जिसमें मंडल के कार्यकर्ता एक स्थान पर एक विचारधारा के तहत प्रशिक्षण लेते हैं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों पर चर्चा की जाती है। इसका लक्ष्य यह भी है कि कार्यकर्ता समाज में भाजपा की विचारधारा और कार्यशैली को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर सकें। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष राजेश कुमार, उपाध्यक्ष अरविंद पटेल,आशुतोष कुमार,सुधीर कुमार,चंडी ग्रामीण मंडल प्रभारी सतीश कुमार,मंडल अध्यक्ष अभय नंदन पांडेय,वर्ग संचालक प्रणव देव आनंद, जिला मीडिया सह प्रभारी अभिषेक भारती, जिला आईटी सेल संयोजक अमित कुमार, कृष्णा प्रसाद,राज श्री,मंडल महामंत्री अमरजीत कुमार सिंह, युवाध्यक्ष पिंटू कुमार, अरुण कुमार सहित सैकड़ों पार्टी के नेता व कार्यकताओं उपस्थित थे।

# योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें : आयुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी**। नीति आयोग, भारत सरकार अंतर्गत आकांक्षी जिला कार्यक्रम एवं आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत संपूर्णता अभियान 2.0 को लेकर उपायुक्त आर० रॉनिटा ने समाहरणालय स्थित सभागार में सभी संबंधित पदाधिकारियों संग विभिन्न इंडिकेटर पर किए जा रहे कार्यों एवं निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति को लेकर समीक्षा बैठक किया। बैठक में उपायुक्त ने एक एक कर किए गए कार्यों एवं इंडिकेटर की समीक्षा कर संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि यह अभियान 28 जनवरी 2026 से 14 अप्रैल 2026 तक संचालित किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि संपूर्णता अभियान 2.0 का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं पशुपालन सहित विभिन्न विकासात्मक मानकों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत पूर्ण करना है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा की जाए। उपायुक्त ने विशेष रूप से कुपोषण मुक्ति, शत-प्रतिशत टीकाकरण, विद्यालयों में नामांकन, शौचालय एवं उपस्थिति दर में वृद्धि, आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल, शौचालय की व्यवस्था, कुपोषित बच्चों एवं टीबी के मरीजों को चिन्हित कर उनका बेहतर उपचार, नवजात बच्चों के वजन की जांच, पशुओं का टीकाकरण समेत अन्य पशुपालन योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन पर जोर दिया। उपायुक्त ने विभागों को समन्वय एवं सतत निगरानी से अभियान के लक्ष्यों की प्राप्ति के निर्देश दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक कुमार, जिला विकास शाखा पदाधिकारी ब्रजलता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, चिकित्सक, प्रखंड विकास पदाधिकारी कर्रा, फेलो उपस्थित थे।




# सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा के आयोजन को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**खूंटी**। झारखण्ड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा-2023 के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर उपायुक्त आर० रॉनिटा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि दिनांक 12 अप्रैल 2026 को जिले में झारखण्ड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा-2023 का आयोजन किया जाएगा। इस हेतु खूंटी जिले में कुल 14 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिसमें कुल 4668 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा का आयोजन तीन पालियों में सम्पन्न किया जाएगा। उपायुक्त ने परीक्षा के निष्पक्ष, पारदर्शी एवं कदाचार मुक्त वातावरण में संचालन सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर विधि-व्यवस्था संधारण, पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति, स्टेटिक एवं पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट की तैनाती तथा माइक्रो ऑब्जर्वर की नियुक्ति को लेकर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, समय पर प्रश्नपत्र वितरण एवं परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# रामनवमी आयोजन की सफलता पर महावीर नवयुवक दल ने जताया आभार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू )**। श्री रामनवमी उत्सव के भव्य और सफल समापन के बाद श्री महावीर नवयुवक दल ने समाज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे सामूहिक एकजुटता की बड़ी मिसाल बताया है। बुधवार को सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में दल के पदाधिकारियों ने आयोजन की सफलता का श्रेय आम नागरिकों, प्रशासन, मीडिया और स्वयंसेवकों को दिया। दल के जनरल अध्यक्ष मंगल सिंह ने कहा कि शहरवासियों ने जिस अनुशासन, श्रद्धा और उत्साह के साथ पर्व को मनाया, वह पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने इसे समाज की जागरूकता और सहभागिता का परिणाम बताया। महामंत्री मनोहर लाली ने आयोजन की तैयारियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और आकर्षक झांकियों के सुचारु संचालन पर विशेष ध्यान दिया गया था। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक कार्यक्रम तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक पहचान का सशक्त प्रतीक बनकर उभरा। प्रेस वार्ता के दौरान प्रशासनिक सहयोग, मीडिया की सक्रिय भूमिका और निस्वार्थ भाव से कार्य करने वाले स्वयंसेवकों की सराहना की गई। दल के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज की एकजुटता ने यह साबित कर दिया है कि मिलकर किए गए प्रयास हर चुनौती को सफलता में बदल सकते हैं।



# पलामू के प्रतिष्ठित व्यवसायी व समाजसेवी नवल तुलस्यान के निधन से शोक की लहर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर ( पलामू )**। पलामू चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के समस्त चैंबर परिवार ने शहर के प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता और वरिष्ठ व्यवसायी नवल तुलस्यान के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उनके निधन का समाचार मिलते ही पूरे व्यापारिक एवं सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। स्वर्गीय तुलस्यान न केवल एक सफल व्यवसायी थे, बल्कि समाज के प्रति उनकी गहरी संवेदनशीलता और सेवा भावना ने उन्हें विशिष्ट पहचान दिलाई थी। वे सदैव सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते रहे और जरूरतमंदों की सहायता के लिए तत्पर रहते थे। उनके व्यक्तित्व में सादगी, सौम्यता तथा नेतृत्व की अद्भुत क्षमता परिलक्षित होती थी। स्वर्गीय तुलस्यान ब्लड बैंक, रेड क्रॉस, रोटरी क्लब, गौशाला समिति सहित कई सामाजिक संगठनों से जुड़े हुए थे। महासचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि स्वर्गीय तुलस्यान उनके लिए अभिभावक समान थे। वे समय-समय पर मार्गदर्शन देते थे और जीवन में आगे बढ़ने के लिए सार्थक एवं सफल सलाह प्रदान करते थे। उनका गोवंश के प्रति विशेष प्रेम भी उनके धार्मिक और संवेदनशील व्यक्तित्व को दर्शाता है। पलामू गौशाला के विकास में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# मुरहू-खूंटी घटना पर भाजपा का हमला, आदित्य साहू ने सरकार पर तुष्टीकरण का लगाया आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खूंटी/रांची**। मुरहू (खूंटी) में रामनवमी जुलूस के दौरान हुई घटना को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने प्रशासनिक कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए इसे तुष्टीकरण की राजनीति करार दिया है। आदित्य साहू ने कहा कि राज्य सरकार तुष्टीकरण की नीति में पूरी तरह डूबी हुई है और वोट बैंक की राजनीति के कारण एक विशेष समुदाय को संरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके चलते हिन्दू समाज को बार-बार प्रताड़ना झेलनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के पर्व-त्योहारों के दौरान जुलूस, शोभायात्रा, मूर्ति और मंदिरों को निशाना बनाने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। पर्व-त्योहारों में बाधा उत्पन्न करना, अनावश्यक अवरोध पैदा करना तथा जुलूसों पर पथराव करना आम होता जा रहा है। मुरहू में रामनवमी जुलूस पर पथराव की घटना को उन्होंने इसी मानसिकता का परिणाम बताया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार की नीतियों के कारण असामाजिक तत्वों और दंगाइयों का मनोबल बढ़ा है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन निष्पक्ष कार्रवाई करने के बजाय सरकार के "टूल किट" के रूप में काम कर रहा है। साथ ही उन्होंने पुलिस अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने से बचें और अपनी वर्दी की गरिमा बनाए रखें। अन्यथा भाजपा ऐसे अधिकारियों की पहचान कर उनके खिलाफ आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में भ्रष्ट पदाधिकारियों की संपत्ति की जांच कराने और उन्हें जेल भेजने के लिए भी पार्टी आंदोलन तेज करेगी।

# रणधीर वर्मा अंडर-19 टूर्नामेंट में नवादा ने नालंदा को हराया



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में नालंदा के पावापुरी में आयोजित रणधीर वर्मा अंडर-19 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट मुकाबले के उद्घाटन मैच में आज नवादा का मुकाबला नालंदा की टीम से हुआ। नालंदा के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 30.4 ओवर में 154 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। नालंदा के बल्लेबाज सौरभ विजय ने 29 विनीत ने 26 अंकित ने 16 रनों का योगदान दिया और उनकी पूरी टीम बड़ा स्कोर खड़ा कर पाने में नाकाम रही। नवादा की तरफ से शानदार गेंदबाजी करते हुए लेग स्पिनर अमन कुमार ने शानदार 6 विकेट झटके तथा नालंदा के बल्लेबाजों की कमर तोड़ दी। इसके अलावा अंश तिवारी ने दो जबकि सचिन ने भी एक खिलाड़ियों को आउट किया। 154 रनों का पीछा करते हुए नवादा की टीम ने 27 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 157 रन बनाकर मैच को जीत लिया। नवादा की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए सूरज सिंह ने 37, हर्ष ने 31, सुभाष ने 23 विक्रम 21 एवं यीशु ने 20 रनों का योगदान देकर मैच को नवादा की झोली में डाल दी। आज के मैच में शानदार छह विकेट लेने वाले गेंदबाज अमन कुमार को बीसीए अंदर-19 टीम के मैनेजर मनीष कुमार आनन्द ने मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी। कल नवादा का मुकाबला शेखपुरा की टीम से पावापुरी में ही खेला जाएगा। नवादा के शानदार जीत पर संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार मुरारी, उपाध्यक्ष रंजन कुमार सचिव राकेश कुमार, संयुक्त सचिव सुरेश यादव, कोषाध्यक्ष अभिषेक पांडे, क्लब प्रतिनिधि मनीष गोविंद, प्लेयर्स प्रतिनिधि अरुण यादव, चयनकर्ता विकास कुमार एवं सुभाष प्रसाद, अजय कुमार दिनेश कुमार ने टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# अपहरण की कोशिश नाकाम, पुलिस ने घेराबंदी कर आठ आरोपियों को दबोचा

## एक देशी 9 एमएम पिस्टल, एक देशी कट्टा, कई जिंदा कारतूस तथा मोबाइल फोन बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)**। पलामू पुलिस ने अपहरण के प्रयास के एक गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आठ अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से अवैध हथियार, जिंदा कारतूस, मोबाइल फोन और एक काले रंग की स्कॉर्पियो वाहन भी बरामद की गई है।

पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि 30 मार्च 2026 को भट्ठी मोहल्ला के समीप सद्दाम कुरैशी और उसके सहयोगियों ने आनंद कुमार रवि के अपहरण का प्रयास किया था। विरोध करने पर अपराधियों ने पीड़ित के साथ मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के संबंध में शहर थाना में कांड संख्या 116/26, दिनांक 31 मार्च 2026 को विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।



मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि सभी आरोपी काले रंग की स्कॉर्पियो (संख्या जेएच 01 जीजे 3950) से जिले से बाहर भागने की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने बीसफुटा चौक स्थित रेलवे अंडरपास के पास चेक नाका लगाकर सघन वाहन जांच अभियान चलाया। 31 मार्च 2026 की रात करीब 10:45 बजे पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोका और उसमें सवार सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से एक देशी 9 एमएम पिस्टल, एक देशी कट्टा, कई जिंदा कारतूस तथा मोबाइल फोन बरामद किए गए। पुलिस ने इस कार्रवाई के आधार पर शहर थाना कांड संख्या 117/26, दिनांक 01 अप्रैल 2026 को आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं में एक और मामला दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तार आरोपी सद्दाम कुरेशी, छोटू चंद्रवंशी, सूरज चंद्रवंशी, रितेश चंद्रवंशी उर्फ मामा, वसीम अहमद उर्फ बंटी कालिया, वसीम अकरम, रोशन चंद्रवंशी, किशु गुप्ता सभी का आपराधिक इतिहास रहा है। उनके खिलाफ पूर्व में हत्या और रंगदारी जैसे गंभीर मामलों में केस दर्ज हैं। इस सफल कार्रवाई में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार के नेतृत्व में पुलिस अवर निरीक्षक चन्द्रशेखर यादव, टीओपी-3 प्रभारी मंटु कुमार, आरक्षी राकेश कुमार सिंह (संख्या-1925), रोहित कुमार (संख्या-2029), अनिल पासवान (संख्या-1822), अंचन राम (संख्या-926), इशरार अहमद (संख्या-643), सुर्यनाथ सिंह (संख्या-692), सहायक आरक्षी प्रफुल्ल सिंह (संख्या-126) एवं जयंत दुबे (संख्या-196) की महत्वपूर्ण भूमिका रही।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-एएमसी-ईएलडीवाईएनई-795डीपी, दिनांक: 30.03.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा **निविदा सं.: एसडीएसटीई-एएमसी-ईएलडीवाईएनई-795डीपी** के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों पर मेसर्स एल्डाइन प्रस्तुतकारक के मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर (एमएसडीएसी) का 2 वर्षों के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव-मेमारी: 132 डीपी, शक्तिगढ़: 102 डीपी, हावड़ा यार्ड: 89 डीपी, रसूलपुर: 92 डीपी, नलहाटी: 86 डीपी, कटवा: 79 डीपी, मसाग्राम: 62 डीपी, लालबाग कोर्ट रोर्ड: 54 डीपी, भट्टानगर: 52 डीपी, चतरा: 51 डीपी एमवाई कुल = 795 डीपी। **बोली प्रणाली** : एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 4,62,09,629.40, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 9,24,200/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 24 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 30.03.2026 को 18.39 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 13.04.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 27.04.2026 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

HWH-03/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# आरएमपी की बैठक आयोजित, 5 अप्रैल को राजगीर में राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस की तैयारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। जनजीवक संघ बिहार के तत्वावधान में रजौली के ग्रामीण मेडिकल प्रैक्टिशनरों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष डॉ. जनार्दन प्रसाद ने की। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों ने आरएमपी सदस्यों को संगठन की गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी।

बैठक में संघ के प्रदेश महासचिव डॉ. विपिन कुमार सिन्हा ने उपस्थित आरएमपी सदस्यों को संबोधित करते हुए बताया कि आगामी 5 अप्रैल को राजगीर स्थित सरस्वती भवन में आरएमपी का राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन का उद्घाटन पटना के प्रसिद्ध कैंसर सर्जन डॉ. नवीन कुमार करेंगे। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास सह परिवहन मंत्री श्रवण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं नालंदा के लोकप्रिय सांसद कौशलेंद्र कुमार भी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। प्रदेश महासचिव ने कहा कि इस राज्य स्तरीय सम्मेलन में नालंदा, नवादा, गया, पटना, शेखपुरा सहित कई जिलों के आरएमपी सदस्य भाग लेंगे। सम्मेलन के दौरान आरएमपी चिकित्सकों को प्रशिक्षण देने के लिए पटना और बिहार शरीफ के कई विशेषज्ञ डॉक्टर भी उपस्थित रहेंगे, जो ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत चिकित्सकों को नई चिकित्सा जानकारी और उपचार पद्धतियों से अवगत कराएंगे।बैठक में उपस्थित सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में राजगीर सम्मेलन में भाग लेने की अपील की गई। साथ ही संगठन को मजबूत बनाने और ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने पर भी चर्चा की गई।इस मौके पर कई आरएमपी सदस्य मौजूद रहे और उन्होंने सम्मेलन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# गुरु-अभिभावक संगम और मेधावियों के सम्मान से खिल उठे नौनिहालों के चेहरे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। रजौली के शैक्षणिक वातावरण में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ, जब मध्य विद्यालय रजौली और मध्य विद्यालय चिरैला में शिक्षा की गुणवत्ता और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य को समर्पित भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मध्य विद्यालय रजौली के प्रांगण में 'प्रवेश से प्रगति तक अभिभावक व शिक्षक साथ-साथ' विषय पर आयोजित संगोष्ठी ने नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों को धरातल पर उतारने का काम किया। इस दौरान शिक्षकों और अभिभावकों के बीच हुए सीधे संवाद में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि बच्चों का सर्वांगीण विकास केवल विद्यालय की चहारदीवारी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें घर और स्कूल के बीच का निरंतर तालमेल अनिवार्य है। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि जब अभिभावक और गुरु एक ही दिशा में प्रयास करेंगे, तभी छात्र प्रवेश के स्तर से वास्तविक प्रगति की ऊंचाइयों को छू पाएंगे। इसी अवसर पर विद्यालय के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित सम्मान समारोह ने उत्साह को दोगुना कर दिया। कक्षा आठ में अर्नव सिन्हा ने प्रथम, प्रिंस कुमार ने द्वितीय और आजाद कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी मेधा का परिचय दिया। अन्य कक्षाओं के सौरभ, शिवम, अविराज, अमन, पिन्डु, सन्नी, अंकित, आयुष, रिषु, सिद्धार्थ और अभिषेक जैसे छात्रों ने अपनी-अपनी श्रेणियों में शीर्ष स्थान हासिल कर पुरस्कृत हुए। ममता रानी, कविता झा और सुनील कुमार समेत शिक्षकों की पूरी टीम ने इस आयोजन के माध्यम से अभिभावकों को शिक्षा के आधुनिक आयामों से अवगत कराया।



दूसरी ओर, मध्य विद्यालय चिरैला में 1 अप्रैल 2026 को आयोजित दीक्षांत समारोह ने विदाई और नई शुरुआत के भावों को एक साथ समेट लिया। कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं को जब उनके प्रगति पत्रक और स्थानांतरण प्रमाण पत्र सौंपे गए, तो पूरा माहौल हर्षोल्लास से भर गया। प्रधानाध्यापक सोमनाथ और वरीय शिक्षक राजीव कुमार व उपेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को जीवन के अगले पड़ाव के लिए प्रेरित करते हुए निरंतर मेहनत करने का मंत्र दिया। दोनों ही आयोजनों ने यह साबित कर दिया कि रजौली के शिक्षक और अभिभावक मिलकर शिक्षा की एक ऐसी मशाल जला रहे हैं, जो आने वाली पीढ़ी के भविष्य को स्वर्णिम बनाएगी। इन कार्यक्रमों के अंत में शिक्षकों द्वारा लिए गए संकल्प और बच्चों के चेहरों पर तैरती मुस्कान ने इस दिन को क्षेत्र के इतिहास में यादगार बना दिया।


**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरएस, बोकारो स्टील सिटी, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए बोली संख्या: जीईएम/2026/बी/7404554, दिनांक 31.03.2026 के तहत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा सूचना सं.: ईएलएसबी-26-हायरिंग वीईएच.-03/टीएन, दिनांक 31.03.2026, कार्य का विवरण:** मासिक आधार पर कैब एवं टैक्सी को किराए पर लेने की सेवाएँ-एसयूवी; 2000 किमी प्रति माह एवं 24X7; आउटस्टेशन 24*7 । **अवधि:** 02 वर्ष। **अनुमानित मूल्य:** रु.11,97,600/-, **ईएमडी:** रु.23,952/-**निविदा प्रपत्र की लागत:** शून्य। निविदा कागजात सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) वेबसाइट यानी **www.gem.gov.in** पर दिनांक 23.04.2026 को 11.00 बजे तक उपलब्ध होगा। **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/समय:** दिनांक 23.04.2026 को 11.00 बजे तक। **निविदा के खुलने की तिथि/समय:** दिनांक 23.04.2026 को 11.30 बजे। सभी भरोसेमंद, अनुभवी और इच्छुक निविदाकार इस कार्य के लिए आवेदन कर सकते हैं। **(PR-09)**


# कुण्डलपुर महोत्सवः "वर्त्तमान को वर्द्धमान की आवश्यकता"

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। अहिंसा एवं शांति के विश्व उद्घोषक जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्म कल्याणक के अवसर पर आयोजित होने वाले दो दिवसीय राजकीय "कुण्डलपुर महोत्सव-2026" में सुविख्यात भक्ति गायक दीपक जैन ने अपना जलवा बिखेर उपस्थित दर्शकों-श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

अपने भक्ति-गीतों से न केवल बिहार, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशेष पहचान बनाने वाले जाने-माने गायक नवादा निवासी दीपक जैन ने अपनी जादुई आवाज में जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर के जीवन चरित्र पर आधारित अपनी प्रस्तुति दी। उन्होंने "हिंसा पीड़ित विश्व राह महावीर की तकता है, वर्त्तमान को वर्द्धमान की आवश्यकता है.." की उत्कृष्ट एवं सारगर्भित प्रस्तुति दे जहां वर्तमान वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भगवान महावीर के सिद्धांतों व आदर्शों की प्रसांगिकता से श्रोताओं का साक्षात्कार कराया, वहीं उनकी "हो रही जय-जयकार ओ महावीरा तेरी.." की भव्य प्रस्तुति पर महोत्सव पांडाल में मौजूद देश के विभिन्न हिस्सों के श्रोताओं को झूमने व नृत्य करने पर विवश कर दिया। सुर-ताल के अद्भुत संगम के बीच गायक कलाकार दीपक जैन की भक्तिमय प्रस्तुति पर देश के विभिन्न हिस्सों से महोत्सव में शिरकत करने आये श्रद्धालुओं ने भक्ति गंगा में खूब डुबकी लगाई। कार्यक्रम के अंत में महोत्सव के आयोजक पर्यटन विभाग, बिहार सरकार एवं नालंदा जिला प्रशासन की ओर से नंद्यावर्त महल समिति के मंत्री विजय कुमार जैन ने उन्हें अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।






बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार एवं पर्यटन मंत्री द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटित राजकीय "कुण्डलपुर महोत्सव-2026" में नालंदा के उप विकास आयुक्त शुभम कुमार, नजारत डिप्टी कलक्टर साकेत कुमार, कुण्डलपुर नंद्यावर्त महल के मंत्री विजय कुमार जैन, प्रबंधक अनिल कुमार जैन, प्राचीन कुण्डलपुर तीर्थ क्षेत्र के प्रबंधक जगदीश जैन, भगवान महावीर प्रथम साधना स्थली के अध्यक्ष अरूण कुमार जैन, नवादा की लक्ष्मी जैन, श्रद्धा जैन, अशोक कुमार जैन, मनोज जैन, श्रुति जैन, श्रेया जैन, मिंटू जैन व शीला जैन के साथ बिहार, झारखण्ड, दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक व मध्य प्रदेश सहित देश के विभिन्न हिस्सों के श्रद्धालु उपस्थित थे।

# मिड डे मील का खाना खाने से 15 बच्चे बीमार

**अभिभावकों में अफरातफरी, रोष व्याप्त**
**आज ही से एनजीओ ने शुरू किया था वितरण**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** शाहजंगी गंगटा मैदान स्थित प्राथमिक विद्यालय से एक बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया है, जहां मिड डे मील खाने के बाद करीब 15 बच्चों की अचानक तबीयत बिगड़ गई। बच्चों को आनन-फानन में एंबुलेंस के जरिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

बताया जा रहा है कि स्कूल में बच्चों को छोले-चावल दिया गया था। बच्चों के अनुसार, छोले का स्वाद काफी खट्टा था, लेकिन भूख लगने के कारण उन्होंने खाना खा लिया। खाना खाने के कुछ ही देर बाद बच्चों को पेट दर्द, उल्टी और चक्कर आने की शिकायत होने लगी, जिसके बाद उनकी हालत बिगड़ती चली गई।

घटना की जानकारी मिलते ही हबीबपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। वहीं, हैरान करने वाली बात यह रही कि इलाज के दौरान अस्पताल में न तो स्कूल के शिक्षक मौजूद थे और न ही प्रधानाचार्य, जिससे परिजनों में काफी आक्रोश देखा गया। एक अभिभावक ने बताया कि सूचना मिलने पर वे अस्पताल पहुंचे, लेकिन वहां स्कूल प्रबंधन का कोई भी जिम्मेदार व्यक्ति मौजूद नहीं था। इससे अभिभावकों में नाराजगी बढ़ गई है। डॉक्टरों के अनुसार, सभी बच्चों का इलाज किया जा रहा है और उनकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। फिलहाल बच्चों की हालत स्थिर बताई जा रही है।



जानकारी के मुताबिक, इसी तरह का खाना अन्य स्कूलों में भी भेजा गया था, लेकिन वहां से इस तरह की कोई शिकायत सामने नहीं आई है।

खास बात यह है कि आज से ही एक एनजीओ के माध्यम से स्कूलों में मिड डे मील वितरण की शुरूआत की गई थी। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है और लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की बात कही जा रही है।

## भांजे ने मामा को मारी गोली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** जिले के नासरीगंज से बुधवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जिसने रिश्तों की मर्यादा को तार-तार कर दिया। मामला बच्चों की मामूली खेल-खेल में हुई लड़ाई से शुरू हुई थी, लेकिन देखते ही देखते यह इतनी बड़ी घटना में बदल गई कि एक भांजे ने अपने सगे मामा को दिनदहाड़े गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया।

नासरीगंज थाना क्षेत्र के पडुरी गांव की इस घटना में मृतक की पहचान 60 वर्षीय बैजनाथ सिंह के रूप में हुई है। घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए और पुलिस उनकी तलाश में जुट गई है। बुधवार सुबह परिवार के दो बच्चों के बीच खेल के दौरान छोटी सी नोकझोंक हो गई। इसी बात को लेकर मामा और भांजे के बीच जमकर कहासुनी हुई और माहौल गरमाता चला गया। भांजे ने आवेश में आकर जान से मारने की धमकी दे डाली। इसके कुछ ही देर बाद, जब बैजनाथ सिंह अपने बेटे के साथ गांव से कहीं निकल रहे थे, तभी डेहरी-बिक्रमगंज मार्ग पर पडुरी चौक के पास भांजे ने उन पर गोली चला दी।

# भाजपा कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नगरनौसा(नालंदा)।** भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत नगरनौसा मंडल में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर बुधवार के दिन संपन्न हो गया। प्रशिक्षण शिविर मंडल के बोधि बिगहा गांव स्थित एक निजी परिसर में आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण शिविर में संगठन मजबूती पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रशिक्षण शिविर के सत्र वक्ताओं ने संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विशेष जोर देते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाईं।

वक्ताओ ने कहा कि भाजपा सरकार ने समाज के हर वर्ग के विकास के लिए कई योजनाएं संचालित की है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे इन योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं और पार्टी की नीतियों को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण शिविर कार्यकर्ताओं को नई दिशा और ऊर्जा देने का माध्यम है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कार्यकताओं को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से अवगत कराना और उन्हें जन-जन तक पहुंचाना था, ताकि कुशल कार्यकर्ताओं का निर्माण हो सके। इसका लक्ष्य यह भी है कि कार्यकर्ता समाज में भाजपा की विचारधारा और कार्यशैली को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर सकें। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष राजेश कुमार, उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, आशुतोष कुमार,सुधीर कुमार, चंडी ग्रामीण मंडल प्रभारी सतीश कुमार, मंडल अध्यक्ष अभय नंदन पांडेय, वर्ग संचालक प्रणव देव आनंद, जिला मीडिया सह प्रभारी अभिषेक भारती, जिला आईटी सेल संयोजक अमित कुमार, कृष्णा प्रसाद,राज श्री,मंडल महामंत्री अमरजीत कुमार सिंह, युवाध्यक्ष पिंटू कुमार,अरुण कुमार सहित सैकड़ों नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एचडीएफसी बैंक को इंडियाज सेफेस्ट प्राइवेट बैंक व इंडियाज बेस्ट प्रीमियर बैंकिंग का मिला पुरस्कार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** भारत के प्रमुख निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक को यूरोमनी प्राइवेट बैंकिंग अवार्ड - 2026 में इंडियास सेफेस्ट प्राइवेट बैंक व इंडियास बेस्ट प्रीमियर बैंकिंग के रूप में सम्मानित किया गया। इन पुरस्कारों का आयोजन यूरोमनी पत्रिका द्वारा किया गया था। एचडीएफसी बैंक ने इस वर्ष प्रीमियर बैंकिंग के लिए भारत का सर्वश्रेष्ठ बैंक का खिताब हासिल किया है। यह उपलब्धि बैंक के प्रदर्शन, उत्पादों की विविधता, डिजिटल क्षमताओं और मानव संसाधन विकास के क्षेत्रों में लगातार हो रही प्रगति का परिणाम है। एचडीएफसी बैंक के ग्रुप हेड - इन्वेस्टमेंट बैंकिंग, प्राइवेट बैंकिंग, इंटरनेशनल बैंकिंग, डिजिटल इकोसिस्टम और बीएएएस, राकेश के सिंह ने कहा कि हमें इस बात की खुशी है कि हमें भारत का सबसे सुरक्षित निजी बैंक और प्रीमियर बैंकिंग के लिए भारत का सर्वश्रेष्ठ बैंक के रूप में मान्यता मिली है। ये पुरस्कार हमारे ग्राहकों की सेवा के प्रति हमारी टीम की अटूट प्रतिबद्धता और उस भरोसे को दशार्ते हैं, जो ग्राहकों ने लगभग तीन दशकों से एचडीएफसी बैंक पर बनाए रखा है। हमारे रिलेशनशिप मैनेजर हमारे ग्राहकों की निवेश संबंधी विशिष्ट आवश्यकताओं और लक्ष्यों को समझने तथा उन्हें पूरा करने में पूरी तरह सक्षम हैं। हम अपने स्मार्ट वेल्थ एप्लिकेशन के माध्यम से धन प्रबंधन (वेल्थ मैनेजमेंट) के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हैं। यह एप्लिकेशन ग्राहकों के विभिन्न वर्गों को एक अत्यंत व्यक्तिगत अनुभव प्रदान करता है और धन प्रबंधन की सुविधा को सभी के लिए सुलभ बनाता है।

# दलाई लामा के जन्मदिवस पर गूंजा शांति का संदेश

**कई देशों के प्रतिनिधियों ने लिया हिस्सा**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** एक ओर इजरायल-ईरान तनाव के कारण वैश्विक हालात चिंताजनक बने हुए हैं, वहीं बिहार के बोधगया से शांति, अहिंसा और करुणा का संदेश दुनिया को नई दिशा देने की कोशिश की जा रही है।

14वें दलाई लामा के 90वें जन्मदिवस के अवसर पर यहां अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें कई देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बिहार के बोधगया में 14वें दलाई लामा के 90वें जन्मदिवस के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन का आयोजन एशियन बुद्धिस्ट कॉन्फ्रेंस फॉर पीस द्वारा किया गया। इस सम्मेलन में दुनिया के कई देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन लद्दाख के राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में, खासकर इजरायल-ईरान जैसे तनावपूर्ण हालात के बीच, भगवान बुद्ध के शांति और अहिंसा के संदेश की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है। यह सम्मेलन बोधिसत्व ज्ञान और करुणा विषय पर आधारित था। इसका मुख्य उद्देश्य 14वें दलाई लामा की शिक्षाओं के माध्यम से विश्व में शांति, सहिष्णुता और वैश्विक भाईचारे को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर दलाई लामा का 90वां जन्मदिवस भी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।



इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मंगोलिया, रूस, भारत, लाओस और वियतनाम समेत कुल 9 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि आज दुनिया जिस तरह के संघर्ष और अस्थिरता के दौर से गुजर रही है, उसमें भगवान बुद्ध के विचार ही मानवता को सही दिशा दिखा सकते हैं। सम्मेलन के दौरान विभिन्न सत्रों में शांति, करुणा, सह-अस्तित्व और नैतिक मूल्यों पर गहन चर्चा हुई। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि हिंसा और युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं हैं, बल्कि संवाद और समझदारी ही स्थायी शांति का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान बुद्ध का संदेश किसी एक धर्म या क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरी मानवता के लिए है। उन्होंने कहा कि अगर दुनिया के देश बुद्ध के बताए मार्ग पर चलें, तो वर्तमान संघर्षों का समाधान संभव है। बोधगया, जो भगवान बुद्ध की ज्ञानस्थली है, एक बार फिर से विश्व शांति का केंद्र बनकर उभरा है। इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि चाहे हालात कितने भी जटिल क्यों न हों, शांति और करुणा ही मानवता का असली मार्ग हैं।

## करोड़ों खर्च के बाद भी जनसुविधा का अभाव : कांग्रेस

**1 करोड़ 74 लाख होता है वार्षिक खर्च : विजय कुमार मिट्ठू**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** गया नगर निगम द्वारा शहर के 80 स्थानों पर कुल 67 फेब्रिकेटेड और 13 बायो टॉयलेट लगा हुआ है, जिसके रखरखाव पर प्रति यूनिट प्रति माह 18, 166 रुपये का खर्च के हिसाब से सालाना 1 करोड़ 74 लाख रुपया खर्च के बाद भी दर्जनों टॉयलेट बंद रहने, कई में गंदगी के अम्बार रहने से शहर वासी जन सुविधा के लिए तरस जाते है, महिलाओं के लिए तो कहीं शौचालय का व्यवस्था ही नहीं है।उपर्युक्त बातें बिहार प्रदेश काँग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, धर्मेन्द्र कुमार निराला, सुनील कुमार पासवान, बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, विपिन बिहारी सिन्हा, दामोदर गोस्वामी, विशाल कुमार ने कही। नेताद्वय ने बताया कि गया नगर निगम द्वारा स्थायी शौचालय के जगह फेब्रिकेटेड एवं बायो टॉयलेट बना कर हरियाणा के ठेकेदार को साफ- सफाई का ठेका देने का काम किया है, जिस कंपनी द्वारा 80 स्थानों पर बने टॉयलेट में कुछ बंद, तो कुछ ही सफाई हो रहा है जिससे शहर वासियों को शहर के प्रमुख स्थानों, चौक चौराहों पर मल - मूत्र त्याग करने का कोई बेहतर सुविधा नहीं होने से कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। नेताओं ने कहा कि दूसरी ओर गयाजी शहर के हृदय स्थल चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी , इंदिरा गांधी प्रतिमा स्थल के पास शौचालय तथा आजाद पार्क के मुख्य द्वार पर मूत्रालय बना देने से दुर्गंध होने के कारण लोगों का यहां पर उठना- बैठना मुश्किल है।

नेताओं ने गया नगर निगम से शहर के सभी टॉयलेट्स को नित्य दिन साफ- सफाई, प्रमुख स्थानों पर स्थायी महिला- पुरुष डीलक्स शौचालय का निर्माण कराने तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल एवं आजाद पार्क के मुख्य द्वार से शौचालय, मूत्रालय को दूसरे जगह स्थानांतरित करने की मांग किया है।

# फर्जी उपस्थिति दर्ज कराने के मामले में सैकड़ों शिक्षकों पर कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बक्सर।** वार्षिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के दौरान फर्जी उपस्थिति दर्ज करने के मामले में नवानगर प्रखंड के लगभग 400 शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई शुरू हो गई है। प्रखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) श्याम बिहारी प्रसाद ने सभी चिन्हित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है।

बीईओ ने जारी एक पत्र के माध्यम से संबंधित शिक्षकों को निर्देश दिया है कि पत्र निर्गत होने की तिथि से 24 घंटे के अंदर भौतिक रूप से उपस्थित होकर लिखित स्पष्टीकरण दें। नोटिस में पूछा गया है कि क्यों न उनके खिलाफ सेवा निलंबन, बर्खास्तगी और स्थायी रूप से वेतन रोकने की कार्रवाई की जाए।

दरअसल 16 से 25 मार्च तक वार्षिक परीक्षा और उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन कार्य के लिए जिन शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई थी, उनमें से अधिकांश ने केंद्र से काफी दूर रहते हुए अवैध रूप से उपस्थिति दर्ज की।

कुछ शिक्षकों ने केंद्र से हाजिरी बनाकर गायब रहना, घर से हाजिरी बनाना और आफिस वर्क लिखकर फर्जी उपस्थिति दिखाना जारी रखा। ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर दर्ज उपस्थिति की जांच में यह अनियमितता साफ तौर पर सामने आई।

बीईओ ने बताया कि शिक्षकों का यह व्यवहार अनुशासनहीनता, वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना और कार्य के प्रति लापरवाही को दर्शाता है।

नाम नहीं प्रकाशित करने की शर्त पर कई शिक्षकों ने बताया कि जांच होने पर पूरे जिले में ऐसा मामला सामने आएगा। ऐसे शिक्षकों की तादाद कई हजार में चली जाएगी, जिन्होंने मूल्यांकन कार्य का बहाना बनाकर इधर-उधर वक्त गुजारा। कुछ शिक्षकों के तो इस दौरान जिले से बाहर रहने की बात भी चर्चा में है।

## प्रखण्ड क्षेत्र में बढ़ी पेट्रोल-डीजल की समस्याएं

**बेगूसराय।** चेरिया बरियारपुर, नावकोठी एवं खोदावंदपुर प्रखंड क्षेत्र में पेट्रोल-डीजल को लेकर अलग-अलग तरह की समस्याएं सामने आ रही हैं। कहीं सीमित मात्रा में ईंधन दिया जा रहा है तो कहीं सप्लाई पूरी तरह ठप है। ईरान एवं इजराइल-अमेरिका के बीच युद्ध के असर और आपूर्ति व्यवस्था में गड़बड़ी के कारण उपभोक्ताओं को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

चेरिया बरियारपुर में पंपों पर आठ लीटर की सीमा तय कर दी गई है और कीमतों में भी अंतर देखा जा रहा है। वहीं, नावकोठी में तीन दिनों से पेट्रोल पंप बंद रहने से लोग बैरंग लौट रहे हैं।

खोदावंदपुर में कुछ पंपों पर आपूर्ति बाधित रही, हालांकि अन्य पंपों पर स्थिति सामान्य है। कुल मिलाकर ईंधन को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। युद्ध के असर का प्रभाव अब क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर भी दिखाई देने लगा है। हालांकि, क्षेत्र के सभी छह पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल उपलब्ध हैं, फिर भी उपभोक्ताओं को पूरी मात्रा में ईंधन नहीं मिल पा रहा है। अतिरिक्त पूंजी की कमी के कारण कुछ पंप संचालक छोटे वाहनों को अधिकतम आठ लीटर तक ही पेट्रोल या डीजल दे रहे हैं।

## पेड़ से लटकी मिली लाश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** अकबरपुर अंचल के नेमदारगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बरेव गांव के बधार में सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक युवक का शव पेड़ के सहारे लटका हुआ मिला। घटना की खबर मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। मृतक की पहचान गांव निवासी स्वर्गीय शरण सिंह के 45 वर्षीय बड़े पुत्र राजेश कुमार उर्फ मंटू सिंह के रूप में की गई। ग्रामीणों ने बताया कि शव जिस स्थिति में मिला, उसने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। युवक का गला फंदे से बंधा था, लेकिन उसका पैर जमीन से सटा हुआ था, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। सूचना मिलते ही नेमदारगंज थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एफएसएल टीम के आने तक पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई। एफएसएल टीम ने मौके मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए और जांच शुरू कर दी। बाद में रजौली के एसडीपीओ गुलशन कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे। पूरी स्थिति का जायजा लिया। एसडीपीओ ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सच्चाई स्पष्ट हो सकेगी।

## पर्याप्त से अधिक नौकरियां पैदा कर रहा भारत : कैलम पिकरिंग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना ।** फरवरी 2026 में इनडीड पर भारतीय जॉब पोस्टिंग में 1.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसने मजबूत बढ़त के सिलसिले को समेकित करते हुए एक साल पहले की तुलना में 7.0 प्रतिशत अधिक का स्तर हासिल किया। जॉब पोस्टिंग अब महामारी से पहले के स्तर से 87 प्रतिशत ऊपर हैं जो भारत के श्रम बाजार में हो रहे बदलाव का प्रमाण है, भले ही ये अपने जनवरी 2023 के उच्चतम स्तर से 14 प्रतिशत नीचे हैं।

इनडीड एपीएसी के वरिष्ठ अर्थशास्त्री, कैलम पिकरिंग ने कहा कि पिछले साल के अंत में हुई मजबूत बढ़त को समेकित करते हुए, भारतीय जॉब पोस्टिंग में फरवरी में रिकवरी जारी रही। फरवरी में 5 प्रतिशत की बेरोजगारी दर के साथ, ऐसा लगता है कि भारत अपने मौजूदा आर्थिक परिवर्तन को समर्थन देने के लिए पर्याप्त से अधिक नौकरियां पैदा कर रहा है।

पिकरिंग ने कहा कि मध्य पूर्व में संघर्ष के कारण बढ़ती मुद्रास्फीति और परिवारों तथा व्यवसायों की बढ़ती सतर्कता के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था को इस साल कुछ कड़ी आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। लेकिन दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने के नाते, भारत इस झटके को सहने के लिए अपेक्षाकृत अच्छी स्थिति में है। जैसे-जैसे भारत का कार्यबल धीरे-धीरे औपचारिक रोजगार की ओर बढ़ रहा है, औपचारिक क्षेत्र में रोजगार सृजन समग्र रोजगार वृद्धि को पीछे छोड़ता जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस संरचनात्मक बदलाव ने महामारी के बाद हायरिंग में आई तेजी और उसके बाद की मंदी, दोनों ही दौरान भारत को अन्य इनडीड बाजारों से बेहतर प्रदर्शन करने में मदद की है।

## डॉलर लहर ने गर्मियों के जरूरी पहनावे में पेश किया एक 'अकल्पनीय' ट्विस्ट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** डॉलर लहर इस गर्मी के मौसम में एक नये अभियान के साथ उत्साह बढ़ा रहा है, जो हास्य, कल्पना और एक अप्रत्याशित 'साइ-फाई' मोड़ का अनूठा मिश्रण है। जैसे ही इनरवियर श्रेणी अपने सबसे व्यस्त सीजन में प्रवेश कर रही है, ब्रांड एक हाईवे ढाबे की पृष्ठभूमि पर आधारित एक दिलचस्प कहानी लेकर आया है- जहाँ एक साधारण रात असाधारण मोड़ लेती है। इस अभियान के माध्यम से डॉलर लहर खुद को एक भरोसेमंद 'डेली एसेंशियल' के रूप में मजबूती से स्थापित करता है, जिसे एक मनोरंजक और यादगार कहानी के जरिए पेश किया गया है। ब्रांड अभियान और इसके ब्रांड एंबेसडर के बारे में डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, विनोद कुमार गुप्ता ने कहा, सैफ अली खान के साथ हमारे जुड़ाव ने ब्रांड को एक नई ऊंचाई दी है। उनकी हाजिर जवाबी और साख पुरुष दर्शकों के बीच बहुत लोकप्रिय है और यही जुड़ाव हमारे व्यापार की बढ़त में तब्दील हुआ है। इस साझेदारी की सबसे खास बात यह है कि उनका व्यक्तित्व हमारे ब्रांड की सोच के साथ पूरी तरह मेल खाता है, इसलिए इस साथ को आगे बढ़ाना हमारे लिए एक बहुत ही स्वाभाविक कदम था।

## छापेमारी में 47 गैस सिलेंडर जब्त

**लोगों से मिल रही थी कालाबाजारी की शिकायत**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच बाजार में एलपीजी गैस सिलिंडरों की कालाबाजारी जारी है। इस कड़ी में नवादा जिले के रजौली में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। रजौली एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन के आदेश के आलोक में गठित धावा दल ने अवैध रूप से एलपीजी गैस सिलिंडर के भंडारण एवं वितरण के विरुद्ध कार्रवाई की है।

रजौली के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं रजौली थाना पुलिस के संयुक्त दल ने मुरहेना ग्राम बाजार में छापेमारी की।

छापेमारी के क्रम में मुरहेना बाजार मेन रोड के पूर्व दिशा स्थित एक निजी मकान में संचालित दुकान से कुल सात घरेलू 14.2 किग्रा. वाले भरे हुए बी.पी.सी.एल. कंपनी के सिलिंडर तथा 40 घरेलू 14.2 किलोग्राम खाली एच.पी.सी.एल. कंपनी के सिलिंडर बरामद किए गए। मौके पर दुकान का संचालक राजेन्द्र साव का बेटा विजय कुमार मौजूद था।




धावा दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तुरंत बाद मुरहेना बाजार मेन रोड के पश्चिम दिशा स्थित एक अन्य निजी मकान में संचालित दुकान में छापेमारी की। इस दौरान एक व्यक्ति भागने का प्रयास कर रहा था, जिसे पुलिस बल के सहयोग से पकड़ लिया गया।

# कलिंग शैली में हो रहा 108 फीट ऊंचे मंदिर का निर्माण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** विश्वप्रसिद्ध हरिहरक्षेत्र की पावन धरती पर आध्यात्म का एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। सोनपुर स्थित लोक सेवा आश्रम में 108 फीट ऊंचे दक्षिणेश्वर संकटमोचन हनुमान मंदिर का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। ओडिशा की विशिष्ट कलिंग शैली पर आधारित यह मंदिर बिहार के साथ-साथ झारखंड क्षेत्र के लिए भी अद्वितीय होगा।

मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता भगवान हनुमान की 11 फीट ऊंची अष्टधातु की प्रतिमा है, जिसका वजन लगभग 2.5 टन है। इस प्रतिमा के निर्माण पर करीब 36 लाख रुपये खर्च हुए हैं।

11वें रुद्रावतार के रूप में निर्मित यह प्रतिमा 17 जुलाई 2025 को आश्रम परिसर में लाई जा चुकी है। वास्तुकारों के अनुसार, इतनी विशाल अष्टधातु प्रतिमा बिहार और झारखंड में दुर्लभ है।

आश्रम के महंत एवं बिहार प्रदेश उदासीन महामंडल के अध्यक्ष संत विष्णु दास उदासीन मौनी बाबा ने बताया कि मंदिर का निर्माण समाजसेवी अनिल सिंह गौतम द्वारा कराया जा रहा है।



अब तक निर्माण कार्य 75 फीट की ऊंचाई तक पहुंच चुका है, जबकि गुंबद सहित पूरे प्रोजेक्ट पर लगभग 4 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। मंदिर का डिजाइन भुवनेश्वर के वास्तुकारों ने तैयार किया है।

मंदिर परिसर में मुख्य मंदिर के साथ राम दरबार और अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं भी स्थापित की जाएंगी, जिससे यह एक पूर्ण धार्मिक केंद्र के रूप में विकसित होगा। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद वर्ष 2027 में भव्य समारोह के साथ प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी।

इसके बाद यह 108 फीट ऊंचा मंदिर दूर से ही श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करेगा। इस मंदिर के निर्माण कार्य का शुभारंभ 15 नवंबर 2024 कार्तिक पूर्णिमा मेला को आचार्य सुशील चंद्र शास्त्री के सानिध्य में हुआ था। इसके बाद 30 अप्रैल 2025 अक्षय तृतीया व परशुराम जयंती से निर्माण कार्य निरंतर जारी है। मंदिर का निर्माण करा रहे अनिल सिंह गौतम बताते हैं कि यह मंदिर केवल ईंट-पत्थर का ढांचा नहीं, बल्कि अटूट श्रद्धा का प्रतीक है। जिस तरह हमने यहां सूर्य और शनि मंदिर का निर्माण कराया, उसी संकल्प के साथ बजरंग बली का यह भव्य धाम 2027 तक भक्तों के लिए तैयार हो जाएगा।

## अवैध उगाही का खेल जारी

**समस्तीपुर।** जिले के ताजपुर प्रखंड स्थित प्रखंड संसाधन केंद्र में अवैध वसूली और भ्रष्टाचार के आरोपों ने शिक्षा विभाग में हलचल मचा दी है। एक शिक्षिका की शिकायत के बाद मामला जिला से लेकर राज्य स्तर तक पहुंच गया है और जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

उत्क्रमित मध्य विद्यालय टोलेनासी आधारपुर में कार्यरत शिक्षिका सरस्वती कुमारी ने मुख्यमंत्री समेत वरीय अधिकारियों को भेजे आवेदन में आरोप लगाया है कि बीआरसी ताजपुर में कुछ कर्मियों द्वारा संगठित तरीके से शिक्षकों का आर्थिक और मानसिक शोषण किया जा रहा है। उन्होंने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, लेखापाल और एक प्रधानाध्यापक पर मिलीभगत कर अवैध वसूली करने का आरोप लगाया है। शिकायत में कहा गया है कि शिक्षकों के वेतन भुगतान में जानबूझकर तकनीकी त्रुटियां पैदा कर दी जाती हैं, जिससे उनका वेतन अटक जाता है। इसके बाद सुधार के नाम पर उनसे पैसे की मांग की जाती है। साथ ही विभिन्न भत्तों के भुगतान में भी अनियमितता की बात कही गई है।

# सेल्फी लेने के दौरान छात्र की डूबने से मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** भोजपुर जिले के कोइलवर थाना क्षेत्र कोईलवर लोहा पुल के पास एक इंटर के छात्र की सोन नदी में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान 18 वर्षीय साकिब के रूप में हुई है। वह कोइलवर थाना क्षेत्र के सक्कड्डी गांव निवासी मो. मोहिउद्दीन का पुत्र था।

साकिब दो भाइयों और एक बहन में सबसे छोटा था। उसने हाल ही में इंटर की परीक्षा दी थी और सेकेंड डिवीजन से उत्तीर्ण हुआ था। उसके पिता पेशे से बिजली मिस्त्री हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, साकिब अपने चचेरे भाई व तीन दोस्तों के साथ सोन नदी में नहाने गया था।

इसी दौरान सेल्फी लेने के क्रम में उसका पैर फिसल गया और वह बालू खनन से बने पानी भरे गड्ढे में फंस गया। उसे बचाने के लिए उसका चचेरा भाई हैदर भी पानी में उतरा, लेकिन वह भी डूबने लगा। मौके पर मौजूद अन्य दो दोस्तों ने किसी तरह हैदर को बाहर निकाल लिया, जबकि साकिब गहरे गड्ढे में फंसकर पानी में डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

स्थानीय लोगों के अनुसार, सोन नदी में अवैध बालू खनन के कारण जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं। इन गड्ढों का अंदाजा लोगों को नहीं हो पाता और वे अनजाने में इनमें फंस जाते हैं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्वजन की मदद से युवक को कोइलवर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद मृतक के घर में मातम का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

आपको बता दें कि पहले भी बालू खनन से बने पानी भरे गड्ढे में डूबने से युवकों की मौत हो चुकी है।

# खनन विभाग को गुजरे वित्तीय वर्ष में 3592 करोड़ के राजस्व की प्राप्ति : विजय सिन्हा

## 96 विजेताओं को मिलेगा बिहारी खनन योद्धा पुरस्कार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बुधवार को खान एवं भूतत्व विभाग में अपने अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि खान एवं भूतत्व विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 3592.60 करोड़ रुपए की कमाई की जो 2024-25 की तुलना में 56.39 करोड़ रुपए अधिक है। श्री सिन्हा ने विश्वास जताया कि विभाग 2025-26 के वित्त वर्ष के लिए निर्धारित 3800 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह लक्ष्य हासिल कर लेगा। विभाग ने वित्त वर्ष 2024-25 में जमा किए गए 3536.21 करोड़ रुपये के मुकाबले वित्त वर्ष 2025-26 में 3592.60 करोड़ रुपये जमा किए हैं। 2025-26 में विभाग ने 56.39 करोड़ रुपये ज्यादा राजस्व जमा किया। श्री सिन्हा ने जोर देकर कहा कि पिछले वित्त वर्ष (2024-25) के मुकाबले इस बार विभाग ने ज्यादा उपलब्धि हासिल की जबकि 78 रेत घाटों को वापस कर दिया गया था जिससे राजस्व संग्रह में 600 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। विभाग को 2024-25 में विभिन्न कार्य विभागों से 511 करोड़ रुपये मिले थे, लेकिन पिछले वित्त वर्ष यानी 2025-26 में कार्य विभागों से सिर्फ 369 करोड़ रुपये ही मिल पाए जिससे राजस्व संग्रह में लगभग 150 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। श्री सिन्हा ने कहा कि 31 मार्च, 2026 को काम खत्म होने के समय तकनीकी कारणों से विभाग को विभिन्न एजेंसियों और विभागों से 309 करोड़ रुपये नहीं मिल पाए। उप मुख्यमंत्री ने विश्वास जताते हुए कहा कि खान विभाग को रेलवे से 32 करोड़ रुपये, आरडब्ल्यूडी से 70 करोड़ रुपये, सीपीडब्लूडी से 20 करोड़ रुपये और पटना मेट्रो से 6.5 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि जैसे ही यह पैसा विभाग के खाते में आ जाएगा जिसके इस महीने (अप्रैल) में आने की उम्मीद है - विभाग 3800 करोड़ रुपये के अपने राजस्व संग्रह लक्ष्य को पार कर लेगा। श्री सिन्हा ने जोर देकर कहा कि 21 जिलों ने 2025-26 में अपने राजस्व लक्ष्य से ज्यादा हासिल किया है और उन्होंने इन जिलों के अधिकारियों और अपने विभाग की राजस्व लक्ष्य हासिल करने के लिए पीठ थपथपाई। विभाग के राजस्व संग्रह में हुई भारी बढ़ोतरी का ब्योरा देते हुए जो 2001-02 में महज 41 करोड़ रुपये था। श्री सिन्हा ने बताया कि एनडीए के शासन के पहले पांच सालों में, यानी 2009-10 में, राजस्व संग्रह बढ़कर 263 करोड़ रुपये हो गया। यह 2021-22 में और बढ़कर 1700 करोड़ रुपये हो गया और 2024-25 में दोगुना होकर 3536 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। रेत खनन का पट्टा वापस करने वाली कंपनियों को नए टेंडर में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। राज्य में 78 घाटों को वापस करने वालों को कड़ी चेतावनी देते हुए उपमुख्यमंत्री ने साफ तौर पर कहा कि जिन कंपनियों ने रेत खनन के पट्टे वापस कर दिए हैं उन्हें राज्य में रेत खनन के पट्टे के आवंटन के लिए होने वाले नए टेंडर में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# मां शीतला मंदिर मघरा की व्यवस्था में सुधार के लिए पहल करेगा धार्मिक न्यास पर्षद : प्रो रणबीर नंदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद प्रोफेसर रणबीर नंदन ने बुधवार को बिहारशरीफ के दीपनगर थाना क्षेत्र के माता शीतला मंदिर पहुंचकर मंगलवार को हुई घटना का जायजा लिया। उन्होंने मंदिर पहुंचकर वहां के पुजारियों और स्थानीय लोगों से बात की। प्रो रणबीर नंदन ने माता शीतला की विधि पूर्वक पूजा अर्चना करते हुए माता शीतला से प्रार्थना की कि आगे यहां शांति बनी रहे। इस घटना में जिन श्रद्धालुओं की मृत्यु हुई उनकी आत्मा को शांति और मोक्ष मिले। उन्होंने कहा कि जिनसे चूक हुई है माता उनको क्षमा करें। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में कोई प्रतिशोध नहीं होता वहां कर्म के अनुसार फल मिलता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक न्यास पर्षद यहां की व्यवस्था सुचारू रूप से चले इस पर पहल करेगा। उन्होंने कहा कि धार्मिक न्यास पर्षद इन बातों का अध्ययन करेगा। उन्होंने पंडा कमिटी से कहा कि यदि वो लोग व्यवस्था ठीक कराते हैं तो ठीक है यदि नहीं तो धार्मिक न्यास पर्षद यहां समिति बनाने की पहल करेगा। धार्मिक न्यास पर्षद यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पीने की पानी, शेड और अन्य व्यवस्था उपलब्ध कराने पर भी ध्यान देगा। समय-समय पर आयोजन में सुचारू व्यवस्था के लिए प्रशासन का भी सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि धार्मिक न्यास पर्षद के संविधान के अनुसार जो मंदिर पंजीकृत है उसके प्रति जिम्मेदार है, परंतु जो निबंधित नहीं है वहां धार्मिक कार्य हो रहा है वह भी धार्मिक न्यास के अंतर्गत आता है। उन मंदिरों की व्यवस्था के लिए भी न्यास समिति बनाने का काम करेगी। यहां के मंदिर की व्यवस्था पंडा परिवार देख रहा है। उनसे आग्रह है कि भविष्य में इस प्रकार की घटना न हो। महीने में एक बार पंडा परिवार की बैठक कर व्यवस्था की समीक्षा हो। भीड़ को देखते हुए स्वयं सेवक की व्यवस्था हो। यह सुनिश्चित हो कि यहां जो श्रद्धालु आते हैं उनके लिए कैसे व्यवस्था हो इसकी चिंता करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश व देश में इन दिनों धार्मिकता बढ़ी है क्योंकि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार धार्मिक स्थलों में बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए प्रयत्नशील हैं। भारत सरकार कई मंदिरों का जीर्णोद्धार कर रही है। इसके बाद धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो रणबीर नंदन बिहारशरीफ सदर अस्पताल में जाकर घायलों से मिलकर उनका हालचाल लिया और उनका इलाज कर रहे डॉक्टर से बात कर उनके इलाज का जायजा लिया।

# 'सहकारी संस्थाओं का त्वरित सर्वेक्षण' विषय पर क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** पटना के कर्पूरी सदन स्थित कार्यालय परिसर में 'सहकारी संस्थाओं का त्वरित सर्वेक्षण' विषय पर एक क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपमहानिदेशक, उप निदेशक, सहायक निदेशक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया। स्वागत संबोधन में आर. के. झा, सहायक निदेशक ने सहकारी संस्थाओं के त्वरित सर्वेक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और इस बात पर जोर दिया कि अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहकारी संस्थानों की भूमिका को समझने के लिए यह सर्वेक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्य भाषण श्री परिमल, उप निदेशक ने सहकारिता मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए इस सर्वेक्षण के मुख्य उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस सर्वेक्षण का लक्ष्य कार्यात्मक सहकारी समितियों के सकल मूल्य संवर्धन, कुल उत्पादन लागत और रोजगार सृजन जैसे प्रमुख आर्थिक संकेतकों को मापना है जिससे राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में उनके समग्र योगदान का आकलन किया जा सके। उप महानिदेशक रोशन लाल साहू ने संबोधन में कहा कि भारत में 6.6 लाख कार्यरत सहकारिता समितियां है। साथ ही इस सर्वेक्षणों से ग्रामीण क्षेत्र में इस सहकारिता समितियों में रोजगार में लगे लोगों के आंकड़े उपलब्ध हो पायेगी। सहकारिता मंत्रालय के महत्वपूर्ण आंकड़ों के आकलन के लिए सांख्यिकी मंत्रालय को यह कार्य सौंपा गया है और अनुमान के अनुरूप हमारा विभाग तय सीमा के अन्दर प्रमाणिक एवं सटीक आंकड़े जुटाने में खरे उतरेंगे।

# डबल इंजन की सरकार में डिजिटल प्लेटफॉर्म से बदलेगा नर्सिंग शिक्षा का चेहरा : मंगल पांडेय



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय के द्वारा नर्सिंग संस्थानों को मान्यता प्रदान करने हेतु एक डिजिटल प्लेटफॉर्म का ऊर्जा ऑडिटोरियम (शास्त्री नगर) में शुभारंभ किया गया। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से नर्सिंग संस्थानों की मान्यता (एनओसी) से जुड़ी पूरी प्रक्रिया अब ऑनलाइन और पारदर्शी तरीके से संपन्न होगी। इस अवसर पर पांच संस्थानों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। श्री पांडेय ने कहा कि आज का दिन बिहार के स्वास्थ्य तंत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक है। आज हम केवल एक डिजिटल प्लेटफॉर्म का शुभारंभ नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम बिहार की स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से और अधिक सशक्त, संगठित और प्रभावी बना रहे हैं। यह नई व्यवस्था स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नई क्रांति है। आने वाले दिनों में यह स्वास्थ्य सेवा का एक मजबूत आधार बनेगा।

# जूट उत्पादों के उपयोग से भारतीय अर्थव्यवस्था को मिल रही मजबूती : मंत्री गिरिराज सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राष्ट्रीय पटसन बोर्ड एवं भारतीय पटसन निगम लिमिटेड के स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में स्थानीय ज्ञान भवन में दो दिवसीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उद्घाटनकर्ता केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह, मुख्य अतिथि बिहार सरकार के उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जयसवाल, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय जूट बोर्ड के सचिव शशि भूषण सिंह, जूट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक संजय कुमार पाणिग्रही, केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय की संयुक्त सचिव पद्मिनी सिंगला, डेवलपमेंट कमिश्नर अमृत राज ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके पश्चात आगत अतिथियों द्वारा पुस्तक का लोकार्पण किया गया। साथ ही लखपति दीदियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उद्घाटनकर्ता केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि जूट न केवल पर्यावरण के अनुकूल फाइबर है, बल्कि यह देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि जूट एक बेहतरीन विकल्प के रूप में उभर रहा है। सरकार जूट उद्योग को बढ़ावा देने और इससे जुड़े किसानों एवं श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए लगातार प्रयास कर रही है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि जूट उत्पादों के उपयोग को बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं और भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है।

# सौमित्र मजूमदार ने दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक का कार्यभार संभाला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**कोलकाता।** सौमित्र मजूमदार ने 1 अप्रैल, 2026 को दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक का कार्यभार संभाल लिया। इससे पूर्व वे दक्षिण पूर्व रेलवे में अपर महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। श्री मजूमदार भारतीय रेल यातायात सेवा के 1989 बैच के अधिकारी हैं। उन्होंने विभिन्न पदों एवं जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है जिनमें पूर्व रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे के मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक तथा मुख्य यातायात योजना प्रबंधक शामिल हैं। उन्होंने पूर्व रेलवे एवं दक्षिण पूर्व रेलवे दोनों में लंबे समय तक मुख्य जनसंपर्क अधिकारी के रूप में भी कार्य किया है। वे नियमित नियुक्ति होने तक महाप्रबंधक का कार्यभार संभालेंगे। श्री मजूमदार को रेलवे संचालन, वाणिज्यिक मामलों के साथ-साथ जनसंपर्क एवं मीडिया प्रबंधन का व्यापक अनुभव एवं गहन ज्ञान है।

# विकास की दिशा में पौधारोपण एक दीर्घकालिक प्रतिबद्धता : विजय प्रकाश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विद्यापीठ द्वारा संचालित देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में डी.एल.एड. द्वितीय वर्ष (सत्र 2024-26) के प्रशिक्षुओं द्वारा 'सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण' के संकल्प के साथ पौधारोपण कार्यक्रम का सफल एवं प्रेरणादायक आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ पदाधिकारी ने अपने उद्बोधन में पर्यावरण संरक्षण को वर्तमान समय की अनिवार्य आवश्यकता बताते हुए कहा कि पौधारोपण केवल एक दिवस की गतिविधि न होकर सतत विकास की दिशा में एक दीर्घकालिक प्रतिबद्धता है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को पौधों के वैज्ञानिक रोपण, संरक्षण एवं संवर्धन की तकनीकों से अवगत कराते हुए यह भी बताया कि वृक्ष केवल हरियाली ही नहीं, बल्कि जलवायु संतुलन, जैव विविधता संरक्षण और मानव जीवन के अस्तित्व के आधार स्तंभ हैं। कार्यक्रम में बिहार विद्यापीठ के सचिव डॉ. राणा अवधेश (भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी), वित्त सचिव डॉ. नीरज सिन्हा, निदेशक (शिक्षा, संस्कृति एवं संग्रहालय) डॉ. मृदुला प्रकाश, संयुक्त सचिव अवधेश के नारायण, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पूनम वर्मा तथा सहायक प्राध्यापकगण ने सक्रिय सहभागिता करते हुए पौधारोपण कार्य किया। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं के कुल छह समूहों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न उपयोगी एवं औषधीय पौधों–एरीका पाम, मधुकामिनी, मोरपंखी, एलोवेरा, अश्वगंधा एवं इंसुलिन प्लांट आदि का रोपण किया। इन पौधों का चयन न केवल पर्यावरणीय संतुलन को सुदृढ़ करने के लिए किया गया, बल्कि स्वास्थ्य, औषधीय उपयोग एवं स्वच्छ वायु उपलब्ध कराने की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम का संयोजन रजनी रंजन मैम द्वारा अत्यंत प्रभावी ढंग से किया गया जिनके निर्देशन में प्रशिक्षुओं ने पौधों के महत्व, उनकी नियमित देखभाल, जल संरक्षण, जैविक पोषण एवं संरक्षण की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की। यह पौधारोपण कार्यक्रम सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा देने का एक सशक्त प्रयास है।

# 30 जून तक बढ़ाई गई एमनेस्टी पॉलिसी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करने तथा निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण सृजित करने के उद्देश्य से बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार ने एमनेस्टी पॉलिसी 2025 एवं एग्जिट पॉलिसी 2025 के अंतर्गत आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च 2026 से बढ़ाकर 30 जून 2026 कर दी है। एमनेस्टी पॉलिसी 2025 के तहत औद्योगिक क्षेत्रों से संबंधित लंबित मामलों के समाधान का अवसर प्रदान किया जा रहा है जिससे उद्यमियों को राहत मिलने के साथ-साथ ठप पड़ी परियोजनाओं के पुनरुद्धार में सहायता मिलेगी। एग्जिट पॉलिसी 2025 के अंतर्गत बंद, निष्क्रिय अथवा विवादित औद्योगिक इकाइयों के उद्यमियों को अपनी आवंटित भूमि स्वेच्छा से बियाडा को वापस करने की सुविधा दी गई है। इससे उद्यमियों को संभावित मुआवजा प्राप्त करने तथा विवादों के समाधान का अवसर मिलेगा। इस संबंध में उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा राज्य सरकार निवेशकों के लिए पारदर्शी, सुगम और प्रोत्साहनकारी औद्योगिक वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# पूर्व मध्य रेल ने लगातार दूसरे वर्ष 200 मिलियन टन से ज्यादा माल लदान करने का हासिल किया गौरव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की गयी। बैठक में महाप्रबंधक द्वारा पूर्व मध्य रेल पर समाप्त हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान प्राप्त किए गए उपलब्धियों पर चर्चा की गयी। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने पूर्व मध्य रेल द्वारा प्राप्त की गयी उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इसके लिए बधाई दी। पूर्व मध्य रेल माल ढुलाई के क्षेत्र में रिकॉर्ड कायम करते हुए समाप्त हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान 203.42 मिलियन टन माल ढुलाई कर माल ढुलाई के क्षेत्र में भारतीय रेल के 4 प्रथम क्षेत्रीय रेल में शामिल होने का गौरव हासिल किया है। विदित हो कि पूर्व मध्य रेल लगातार दूसरे वर्ष 200 मिलियन टन से ज्यादा माल लदान करने का गौरव हासिल किया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी पूर्व मध्य रेल द्वारा 202.63 मीलियन टन माल लदान की गयी थी। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर वित्तीय वर्ष 2025-26 में पूर्व मध्य रेल द्वारा कई कदम उठाए गए हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार से कुल 45 जोड़ी नई ट्रेनों का परिचालन प्रारंभ किया गया जिनमें 17 जोड़ी अमृत भारत एक्सप्रेस, 02 जोड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस, 1 जोड़ी नमो भारत एक्सप्रेस तथा 25 जोड़ी नई मेल/एक्सप्रेस एवं पैसेंजर ट्रेनें शामिल हैं। इसके साथ ही 20 जोड़ी ट्रेनों का परिचालन विस्तार किया गया। ग्रीष्मकालीन अवकाश, दशहरा पूजा, दीपावली, छठ एवं होली जैसे अवसरों पर स्पेशल ट्रेनों द्वारा 14,559 फेरे लगाए गए तथा कई ट्रेनों का विभिन्न स्टेशनों पर कुल 313 ठहराव प्रदान किए गए।

# शक्तिधाम में हनुमान जयंती पर आज होगा सुन्दरकाण्ड का पाठ

## चढ़ेगा 51 किलो लड्डू का प्रसाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शक्तिधाम में हनुमान जयंती के अवसर पर शक्तिधाम स्थित हनुमान मंदिर में प्रातः 9:30 बजे से विशेष पूजा अर्चना एवं शृंगार का आयोजन होगा। मौके पर शक्तिधाम के मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया कि हनुमान जयंती प्रति वर्ष चैत्र माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। माना जाता है कि इसी दिन हनुमानजी का जन्म हुआ था। अतः इस दिन श्री हनुमान जी की भक्ति पूर्वक आराधना करनी चाहिए। आज प्रातः से ही शक्तिधाम मंदिर में भक्तजनों का पूजा के लिए आने का सिलसिला प्रारम्भ होगा। आज हनुमान मंदिर में सवा मन लड्डू का प्रसाद भी चढ़ाया जाएगा। आज की पूजा के मुख्य यजमान पवन कुमार खेमका एवं जय प्रकाश तोदी होंगे। मौके पर संध्या में शक्तिधाम महिला मंडल की सैकड़ों महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से बड़े ही भक्ति भाव के साथ सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा।

# सेवानिवृत्त 23 रेलकर्मियों का किया गया 'समापक भुगतान'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मार्च-2026 में सेवानिवृत्त हुए 23 रेलकर्मियों को दानापुर मंडल के सभागार में 'समापक भुगतान एवं भावभीनी विदाई' दी गई। इसमें रेल सेवा से सेवानिवृत्त उपस्थित रेलकर्मियों को मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर विनोद कुमार द्वारा अंगवस्त्र एवं समापक भुगतान दस्तावेजों को देकर सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अतुल कुमार द्वारा किया गया जिन्होंने आज के समापक भुगतान का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर ने अपने संबोधन में उपस्थित सेवानिवृत्त होने वाले रेल कर्मचारियों के सुखद, स्वस्थ एवं समृद्ध भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अपने 'समापक भुगतान' की राशि को असुरक्षित जगहों पर निवेश न करें एवं अपने स्वास्थ्य का विशेष रूप से ध्यान रखें। सेवानिवृत्त होने वाले रेलकर्मियों को एक्युप्रेशर, होमियोपैथ एवं आयुर्वेदिक डॉक्टरों द्वारा स्वस्थ तथा दीर्घायु जीवन जीने के तरीके को विस्तारपूर्वक बताया गया। इस मौके पर मंडल के सभी विभागों के अधिकारीगण एवं यूनियन तथा अन्य एसोसिएशनों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# 14 जिलों में फ्री नेत्र जांच का दूसरा चरण शुरू

## दृष्टि दोष रोकथाम के लिए बड़ा अभियान, हर उम्र के लोगों को मिलेगा लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** समाज कल्याण विभाग की ओर से बुनियाद केंद्र पर चल रही नेत्र जांच का दूसरा चरण सोमवार यानि 30 मार्च को शुरू किया गया है। इस चरण में 14 जिलों के 26 केंद्रों पर जांच की जाएगी। तीसरे चरण में शेष बचे हुए बुनियाद केंद्रों पर जांच की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। इस दौरान 1 लाख चश्मा वितरण करने का लक्ष्य निर्धारित है। प्रदेश में दृष्टि दोष से उत्पन्न समस्याओं एवं अंधेपन की रोकथाम के उद्देश्य से राज्य सरकार ने यह पहल की है। इस अभियान के माध्यम से सभी उम्र के व्यक्तियों को इसका लाभ दिया जाएगा। दूसरे चरण में 14 जिले जैसे खगड़िया, मधेपुरा, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, नालंदा, नवादा, रोहतास, सारण, शेखपुरा, सीतामढ़ी, सिवान, सुपौल, वैशाली और पश्चिमी चंपारण में 26 केंद्रों पर जांच की जाएगी। प्रत्येक चरणों में जांच की प्रक्रिया एक महीने के लिए आयोजित की जा रही है। राज्य स्वास्थ्य समिति में सूचीबद्ध एजेंसियों के माध्यम से आंखों की स्क्रीनिंग की जाएगी। समाज कल्याण और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में इसका आयोजन किया गया है। पहले चरण में 23 मार्च से 22 बुनियाद केंद्रों पर जांच शुरू की गई है। पहले और दूसरे चरण में अब तक 6101 लोगों का नेत्र जांच किया गया और जरुरत के अनुसार 5205 लोगों को चश्मा निर्धारित किया गया है। चश्मा वितरण की प्रक्रिया जांच होने के 15 दिनों बाद की जाएगी। इस अभियान को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए 'सक्षम' ने टोल-फ्री नंबर 18003456262 जारी किया है।

# एचडीएफसी बैंक को इंडियास सेफेस्ट प्राइवेट बैंक का पुरस्कार मिला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारत के प्रमुख निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक को यूरोमनी प्राइवेट बैंकिंग अवार्ड-2026 में इंडियास सेफेस्ट प्राइवेट बैंक व इंडियास बेस्ट प्रीमियर बैंकिंग के रूप में सम्मानित किया गया। इन पुरस्कारों का आयोजन यूरोमनी पत्रिका द्वारा किया गया था। एचडीएफसी बैंक ने इस वर्ष प्रीमियर बैंकिंग के लिए भारत का सर्वश्रेष्ठ बैंक का खिताब हासिल किया है। यह उपलब्धि बैंक के प्रदर्शन, उत्पादों की विविधता, डिजिटल क्षमताओं और मानव संसाधन विकास के क्षेत्रों में लगातार हो रही प्रगति का परिणाम है।

# बिहार कृषि ऐप से किसानों को घर बैठे मिल रही उर्वरक दुकानों और स्टॉक की जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार किसानों को सशक्त बनाने और उनकी आय में वृद्धि करने के लिए आधुनिक तकनीक को बढ़ावा दे रही है। इसी कड़ी में कृषि में डिजिटल तकनीक को प्रोत्साहित किया जा रहा है। ऐसे में बिहार कृषि ऐप राज्य के किसानों का सच्चा साथी बनकर उभरा है। यह ऐप किसानों की विभिन्न समस्याओं का समाधान कर कृषि एवं कृषि आधारित कार्यों को आसान बना रहा है। यही कारण है कि राज्य के किसान तेजी से इस ऐप को डाउनलोड कर रहे हैं। किसानों की उर्वरक से जुड़ी समस्याओं को दूर करने में यह ऐप प्रभावी उपाय सिद्ध हो रहा है। इस ऐप पर किसान अपनी नजदीकी उर्वरक दुकान को तलाश सकते हैं। यहां उन्हें अपने जिले और प्रखंड में मौजूद उर्वरक दुकानों की जानकारी मिलती है। इस ऐप पर किसान अपने आसपास की उन दुकानों पर मौजूद उर्वरक के स्टॉक को भी देख सकते हैं। इस ऐप के कारण अब दुकानदार किसानों को यह कहकर नहीं लौटा सकते हैं कि हमारे पास यह उर्वरक नहीं है।

**एआई चैटबॉट कर रहा समस्याओं का समाधान**

किसान इस ऐप पर मौजूद एआई चैटबॉट (प्रश्न पूछें) के माध्यम से खेती से जुड़ी अपनी विभिन्न समस्याओं का त्वरित समाधान भी प्राप्त कर सकते हैं। यह चैटबॉट किसानों के विभिन्न सवालों के जवाब देता है। इस ऐप के माध्यम से घर बैठे ही वे मौसम के पूर्वानुमान की जानकारी ले सकते हैं। कृषि संबंधित सभी सरकारी योजनाओं की जानकारी किसानों को अब एक ही मोबाइल ऐप पर मिल रही है। यहां उन्हें किसान पासबुक, फसलों के बाजार मूल्य, नवीनतम घोषणाएं, कृषि से जुड़ी सरकारी निर्देशिका, पौध संरक्षण सलाह, मृदा स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा भी मिल रही है।

**कृषि योजनाओं में कर सकते हैं आवेदन**

इस ऐप पर किसान बिहार कृषि रेडियो का लाभ उठा सकते हैं। यहां अपनी शिकायतें भी दर्ज कराई जा सकती हैं। इतना ही नहीं, किसान इस ऐप के माध्यम से विभिन्न कृषि योजनाओं में आवेदन कर सकते हैं और उनकी स्थिति, अनुदान विवरण तथा स्वीकृति की वास्तविक समय पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

नवबिहार टाइम्स
बोकारो, गुरुवार 02 अप्रैल 2026

# संपादकीय

## बच्चों को क्यों जकड़ रहा है सोशल मीडिया का जाल

आज के दौर में लगभग हर हाथ में स्मार्टफोन है और सस्ते इंटरनेट की सुविधा ने आभासी दुनिया तक पहुंच को आसान बना दिया है। इसका सबसे ज्यादा और गहरा असर बच्चों एवं किशोरों पर पड़ रहा है। इसमें दो राय नहीं कि सोशल मीडिया के आने से सूचना का प्रवाह तेज हुआ है, सार्वजनिक अभिव्यक्ति के नए अवसर खुले हैं और रचनात्मकता के प्रदर्शन को भी नया मंच मिला है। मगर सतर्कता और सावधानी न बरती जाए, तो कई बार तकनीक की सुविधा भी असुविधा बन जाती है।सोशल मीडिया को लेकर भी इसी तरह की समस्याएं सामने आ रही हैं। खासकर बच्चों और किशोरों पर इसका नकारात्मक प्रभाव ज्यादा देखने को मिल रहा है। अभी तक माना जा रहा था कि बच्चों का सोशल मीडिया पर बेरोक-टोक ज्यादा समय बिताने से वे इसके आदी हो रहे हैं, जिसका न केवल उनकी पढ़ाई पर असर पड़ रहा है, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें भी पैदा हो रही हैं।मगर अमेरिका की एक अदालत की ओर से हाल में दिए गए फैसले में कहा गया कि बच्चों में सोशल मीडिया के इस्तेमाल की बढ़ती प्रवृत्ति के लिए संबंधित कंपनियां भी जिम्मेदार हैं। इन मंचों के डिजाइन में ऐसी खामियां हैं, जिसकी वजह से बच्चों को इनकी लत लग जाती है।गौरतलब है कि आज के दौर में लगभग हर हाथ में स्मार्टफोन है और सस्ते इंटरनेट की सुविधा ने आभासी दुनिया तक पहुंच को आसान बना दिया है। इसका सबसे ज्यादा और गहरा असर बच्चों एवं किशोरों पर पड़ रहा है। सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से उनमें चिंता, अवसाद, नींद की कमी और एकाग्रता में कमी जैसी गंभीर समस्याएं सामने आ रही हैं।इसी के मद्देनजर अमेरिका में मेटा और गूगल के खिलाफ मुकदमा दायर किया गया था। अभियोजन पक्ष की ओर से दलील दी गई कि सोशल मीडिया मंचों को तकनीकी तौर पर इस तरह से तैयार किया गया है कि वे बच्चों को इसके बार-बार इस्तेमाल के लिए ललचाते हैं।अदालत ने अपने फैसले में इस तथ्य को सही पाया और दोनों कंपनियों पर भारी जुर्माना भी लगाया। तकनीकी तौर पर भले ही यह पक्ष सही है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि इस मामले में अभिभावकों की अपने बच्चों के प्रति जिम्मेदारी कम हो जाती है। बच्चों के सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर नजर रखना और समय सीमा तय करना जरूरी है, ताकि उन्हें इसके दुष्प्रभावों से दूर रखा जा सके।

---

**ईरान और अमेरिका के बीच चल रहे संघर्ष ने पूरे पश्चिम एशिया को एक गहरे मानवीय संकट में धकेल दिया है। बीते एक महीने से लगातार हो रही बमबारी ने न केवल हजारों लोगों की जान ली है, बल्कि लाखों लोगों को अपना घर छोड़ने पर मजबूर कर दिया है। ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, 28 फरवरी से अब तक अमेरिका और इजराइल के हमलों में कम से कम 1937 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि चौबीस हजार आठ सौ से अधिक लोग घायल हुए हैं। ये आंकड़े इस बात की गंभीरता को दर्शाते हैं कि यह संघर्ष अब व्यापक मानवीय आपदा बन चुका है।**


## युद्ध ने खड़ा कर दिया है बहुत बड़ा मानवीय संकट

(नीरज कुमार दुबे )

अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन के अनुसार, यह संकट अब ईरान की सीमाओं से बाहर भी फैल चुका है। 19 मार्च तक अस्सी हजार से अधिक लोग देश छोड़ चुके हैं। इनमें से सबसे ज्यादा लोग अफगानिस्तान पहुंचे हैं, जहां सत्तर हजार से अधिक लोगों ने शरण ली है।

ईरान और अमेरिका के बीच चल रहे संघर्ष ने पूरे पश्चिम एशिया को एक गहरे मानवीय संकट में धकेल दिया है। बीते एक महीने से लगातार हो रही बमबारी ने न केवल हजारों लोगों की जान ली है, बल्कि लाखों लोगों को अपना घर छोड़ने पर मजबूर कर दिया है। ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, 28 फरवरी से अब तक अमेरिका और इजराइल के हमलों में कम से कम 1937 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि चौबीस हजार आठ सौ से अधिक लोग घायल हुए हैं। ये आंकड़े इस बात की गंभीरता को दर्शाते हैं कि यह संघर्ष अब व्यापक मानवीय आपदा बन चुका है।

इसके अलावा, संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी के मुताबिक, इस संघर्ष के कारण अब तक बत्तीस लाख से अधिक लोग ईरान के भीतर ही विस्थापित हो चुके हैं। तेहरान, इस्फहान और केरमानशाह जैसे बड़े शहरों में सबसे ज्यादा हवाई और ड्रोन हमले हुए हैं, जिसके चलते लोग इन इलाकों को छोड़कर अपेक्षाकृत सुरक्षित माने जाने वाले ग्रामीण क्षेत्रों और कैस्पियन सागर के पास के उत्तरी इलाकों की ओर जा रहे हैं। लेकिन हालात इतने खराब हैं कि सुरक्षित स्थान भी पूरी तरह सुरक्षित नहीं रह गए हैं। कई जगहों पर लगातार हमलों के कारण लोगों के सामने यह दुविधा है कि वे अपने घरों में रहें या पलायन का जोखिम उठाएं।




अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन के अनुसार, यह संकट अब ईरान की सीमाओं से बाहर भी फैल चुका है। 19 मार्च तक अस्सी हजार से अधिक लोग देश छोड़ चुके हैं। इनमें से सबसे ज्यादा लोग अफगानिस्तान पहुंचे हैं, जहां सत्तर हजार से अधिक लोगों ने शरण ली है। इसके अलावा पाकिस्तान, अजरबैजान, इराक और तुर्कमेनिस्तान में भी हजारों लोग पहुंचे हैं। यह पलायन इस बात का संकेत है कि लोगों को अब अपने देश में जीवन सुरक्षित नहीं लग रहा। डर, असुरक्षा और लगातार हो रहे हमलों ने आम नागरिकों को अपनी जान बचाने के लिए मजबूर कर दिया है।

वहीं सीमाओं पर हालात और भी ज्यादा कठिन होते जा रहे हैं। ईरान से भागकर अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सीमाओं तक पहुंचने वाले लोगों को कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। राहत एजेंसियों के अनुसार, सीमाई चौकियों पर भारी भीड़, लंबी कतारें और सीमित संसाधनों के कारण लोगों को कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर भोजन, पानी और चिकित्सा सुविधाओं की भारी कमी है।



इसके अलावा, सुरक्षा स्थिति भी बेहद चिंताजनक बनी हुई है। अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सीमा पर लगातार झड़पें और गोलाबारी हो रही है, जिससे शरण लेने आए लोगों की जान भी खतरे में पड़ रही है। हाल के दिनों में सीमा क्षेत्रों में तोपखाने हमलों और सैन्य कार्रवाई की खबरें सामने आई हैं, जिनमें आम नागरिक भी घायल हुए हैं। साथ ही कई बार सीमाएं अचानक बंद कर दी जाती हैं या सीमित समय के लिए खोली जाती हैं, जिससे हजारों लोग बीच रास्ते में फंस जाते हैं। कुछ मामलों में लोगों को जबरन वापस लौटाया जा रहा है, जबकि कई परिवार बिछड़ जा रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि जो लोग एक युद्ध से बचकर भाग रहे हैं, वे अक्सर दूसरे संघर्ष और असुरक्षा के माहौल में पहुंच जाते हैं, जिससे उनकी स्थिति और भी दयनीय हो जाती है।

ईरान से भाग रहे लोगों की कहानियां भी बेहद मार्मिक हैं। कई लोग अपने देश की सरकार से नाराज हैं और इस संघर्ष को बदलाव का मौका मान रहे हैं। कुछ लोगों ने विदेशी सैन्य हस्तक्षेप का समर्थन भी किया है, जो इस बात को दर्शाता है कि देश के भीतर असंतोष कितना गहरा है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, एक व्यक्ति ने बताया कि पिछले 47 वर्षों का दर्द अब असहनीय हो चुका है। वहीं एक अन्य व्यक्ति, जो सात साल जेल में रहा, उसने कहा कि जो पीड़ा उन्होंने झेली है, उसे समझ पाना आसान नहीं है। हालांकि, लोग डर और उम्मीद दोनों के बीच जी रहे हैं। वह अपनी जान और परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं, लेकिन साथ ही यह भी चाहते हैं कि यह संघर्ष किसी बड़े बदलाव की ओर ले जाए।

वहीं ईरान में रहने वाले चालीस लाख से अधिक अफगान शरणार्थी इस संकट में सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। इनमें से अधिकतर शहरों में रहते हैं, जो हमलों का मुख्य लक्ष्य बने हुए हैं। इनमें से कई लोगों की आजीविका खत्म हो चुकी है और उनके पास न तो सुरक्षित स्थान है और न ही देश छोड़ने की अनुमति है। बताया जा रहा है कि करीब पैंतीस हजार अफगान पहले ही वापस अपने देश लौट चुके हैं, जबकि दस लाख से अधिक लोगों पर जबरन वापसी का खतरा मंडरा रहा है। यह स्थिति और भी गंभीर है क्योंकि अफगानिस्तान खुद संकट से जूझ रहा है।

दूसरी ओर, ईरान के शहरों से आ रही तस्वीरें बेहद चिंताजनक हैं। कई इलाकों में घर, अस्पताल और स्कूल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। तेहरान के लगभग हर इलाके में इमारतों को नुकसान पहुंचा है। लोग अपने घरों की खिड़कियों पर टेप लगा रहे हैं ताकि कांच टूटने से होने वाली चोटों से बचा जा सके। इंटरनेट सेवाएं बाधित हैं और बैंकिंग व्यवस्था भी प्रभावित है, जिससे आम जीवन और कठिन हो गया है। लोग रातभर बम धमाकों की आवाज सुनते हुए डर के साये में जी रहे हैं।

उधर, मानवीय संगठनों का कहना है कि राहत कार्यों के लिए जरूरी धन की भारी कमी है। हर सप्ताह अरबों रुपये युद्ध पर खर्च हो रहे हैं, लेकिन प्रभावित लोगों के लिए भोजन, आश्रय और चिकित्सा सहायता के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं हैं। बताया जा रहा है कि ईरान में करीब अट्ठाइस लाख लोगों की मदद के लिए 80 मिलियन डॉलर की जरूरत है, जबकि अफगानिस्तान में 17.5 मिलियन लोगों के लिए 1.71 बिलियन डॉलर की आवश्यकता है। लेकिन अब तक इसका बहुत छोटा हिस्सा ही उपलब्ध हो पाया है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि यह युद्ध जारी रहा तो यह एक और बड़े मानवीय संकट का रूप ले सकता है। लाखों लोग सीमाओं के पार जाने को मजबूर होंगे, जिससे पहले से दबाव झेल रहे देशों पर और बोझ बढ़ेगा। देखा जाये तो यह संघर्ष आम लोगों को ऐसी पीड़ा दे रहा है जिसके लिए वे जिम्मेदार नहीं हैं। इसलिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की जा रही है कि सभी पक्ष नागरिकों और बुनियादी ढांचे पर हमले रोकें और कूटनीतिक समाधान की दिशा में आगे बढ़ें। बहरहाल, ईरान और अमेरिका के बीच यह युद्ध अब पूरे क्षेत्र के लिए गंभीर मानवीय संकट बन चुका है। हजारों मौतें, लाखों विस्थापित लोग और बर्बाद होती जिंदगी इस बात का संकेत हैं कि अगर जल्द ही समाधान नहीं निकला तो स्थिति और भी भयावह हो सकती है।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

---

## संवैधानिक संस्थाओं पर उठते सवालों से कमजोर होता लोकतंत्र

(योगेंद्र योगी )

नेता विपक्ष राहुल गांधी पर हमला करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि 17वीं लोकसभा में उनकी अटेंडेंस 51त्न थी। नेशनल एवरेज 66 प्रतिशत था। 16वीं लोकसभा में उनकी अटेंडेंस 52प्रतिशत थी। नेशनल एवरेज 80प्रतिशत था। 15वीं लोकसभा में उनकी अटेंडेंस 43प्रतिशत थी, जबकि नेशनल एवरेज 76प्रतिशत था।

देश में समय के साथ लोकतंत्र के परिपक्व होने के बजाए कमजोर होने की आहट आ रही है। आजादी के बाद देश में ऐसा पहली बार हुआ है कि संवैधानिक संस्थाओं को पक्षपात के आरोपों के कारण कटघरे में खड़ा किया जा रहा है। इन संस्थाओं के कामकाज के तौर–तरीकों पर सवाल उठाए जा रहे हैं। इन पर पूरी तरह से सत्तारुढ केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के इशारों पर काम करने करने और विपक्ष के अधिकारों को दबाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। आरोपों के इस घेरे में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के सभापति रहे जगदीप धनखड़, भारत के नियंत्रक-महालेखा परीक्षक और अब मुख्य चुनाव आयुक्त आ चुके हैं। लोकसभा स्पीकर को हटाने के लिए 118 विपक्षी सांसदों के समर्थन से अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। विपक्षी सांसदों का दावा था कि ओम बिरला ने पक्षपातपूर्ण व्यवहार दिखाया है और उनका कार्यालय अपेक्षित निष्पक्षता बनाए रखने में विफल रहा है। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि कई बार लोकतांत्रिक प्रक्रिया और स्पीकर की भूमिका पर चर्चा हुई है और कई बार मेरा नाम लिया गया, मेरे बारे में गंदी बातें कही गईं। उन्होंने कहा कि यह सदन भारत के लोगों की अभिव्यक्ति है। यह सदन किसी एक पार्टी का नहीं है, यह पूरे देश का प्रतिनिधित्व करता है। जब भी हम बोलने के लिए उठते हैं, हमें बोलने से रोक दिया जाता है। पिछली बार जब मैंने बात की थी, तब मैंने हमारे प्रधानमंत्री के किए गए समझौतों के बारे में एक बुनियादी सवाल उठाया था। कई बार मुझे बोलने से रोका गया है। पहली बार लोकसभा के इतिहास में नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया गया है। नेता विपक्ष राहुल गांधी पर हमला करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि 17वीं लोकसभा में उनकी अटेंडेंस 51प्रतिशत थी। नेशनल एवरेज 66प्रतिशत था। 16वीं लोकसभा में उनकी अटेंडेंस 52प्रतिशत थी। नेशनल एवरेज 80प्रतिशत था। 15वीं लोकसभा में उनकी अटेंडेंस 43प्रतिशत थी, जबकि नेशनल एवरेज 76प्रतिशत था। उन्होंने कुछ सदस्यों की शिकायतों पर भी बात की कि उन्हें माइक्रोफोन की दिक्कतों की वजह से बोलने नहीं दिया गया। शाह ने कहा कि जो कोई भी नियमों का पालन नहीं करेगा या सदन में अनुशासन बनाए नहीं रखेगा, उसका माइक्रोफोन बंद कर दिया जाएगा और कहा कि संसद की कार्यवाही इसी तरह चलनी चाहिए। लोकसभा स्पीकर बिरला के कामकाज के तौर–तरीकों पर उनको हटाने का प्रस्ताव लाकर नाराजगी जताने से पहले राज्यसभा के सभापति रहे जगदीप धनखड़ पर इसी तरह के आरोप लगाते हुए विपक्ष ने दिसंबर 2024 में उन्हें पद से हटाने का नोटिस दिया था। विपक्ष का आरोप था कि राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ पक्षपातपूर्ण तरीके से सदन की कार्यवाही का संचालन करते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खर्गे ने आरोप लगाया था कि कि धनखड़ एक सरकारी प्रवक्ता के रूप में काम कर रहे हैं और एक स्कूल के प्रधानाध्यापक की तरह व्यवहार कर रहे हैं, जो अक्सर अनुभवी विपक्षी नेताओं को उपदेश देते हैं और उन्हें सदन में बोलने से रोकते हैं। खरगे ने यह भी दावा किया था कि सदन में हुई गड़बड़ी के लिए स्वयं श्री धनखड़ जिम्मेदार हैं। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने विपक्ष का सभापति धनखड़ को हटाने का नोटिस खारिज कर दिया था, जिसमें पक्षपातपूर्ण तरीके से उच्च सदन के संचालन का आरोप लगाते हुए सभापति जगदीप धनखड़ को पद से हटाने की मांग की गई थी। हरिवंश ने यह कहते हुए विपक्ष का नोटिस खारिज कर दिया कि यह तथ्यों से परे है और इसका मकसद केवल प्रचार हासिल करना है। उपसभापति ने कहा था कि धनखड़ के खिलाफ नोटिस अनुचित और त्रुटिपूर्ण है, जिसे उपराष्ट्रपति की प्रतिष्ठा को धूमिल करने के लिए जल्दबाजी में तैयार किया गया है। ।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

---

## नक्सलवाद की समाप्ति की घोषणा के बाद भी बहुत कुछ करना होगा

(अशोक मधुप)

**शाह ने कहा कि देश अब नक्सलमुक्त होने की स्थिति में पहुंच चुका है। उन्होंने बताया कि कई बड़े ऑपरेशन जैसे बुढ़ा, थंडरस्टॉर्म और ब्लैक फॉरेस्ट चलाए गए। इनमें भारी मात्रा में हथियार, आईईडी फैक्ट्री और अनाज बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़, तेलंगाना और ओडिशा के बड़े इलाके अब नक्सल प्रभाव से बाहर आ चुके हैं। सुरक्षा बलों और स्थानीय पुलिस की भूमिका को उन्होंने अहम बताया।**

अमित शाह ने कहा कि देश अब नक्सलमुक्त होने की स्थिति में पहुंच चुका है। उन्होंने बताया कि कई बड़े ऑपरेशन जैसे बुढ़ा, थंडरस्टॉर्म और ब्लैक फॉरेस्ट चलाए गए। इनमें भारी मात्रा में हथियार, आईईडी फैक्ट्री और अनाज बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़, तेलंगाना और ओडिशा के बड़े इलाके अब नक्सल प्रभाव से बाहर आ चुके हैं।

काफी पहले केंद्र सरकार ने घोषणा की थी कि मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद समाप्त हो जाएगा। मार्च 2026 की अवधि से एक दिन पहले ही गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में बड़ी घोषणा की। नक्सलवाद पर चर्चा के दौरान गृह मंत्री ने कहा कि देश में नक्सलवाद अब लगभग समाप्त हो चुका है। आदिवासी इलाकों में असली न्याय पहुंचा है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव अचानक नहीं आया, बल्कि 2014 के बाद केंद्र सरकार की सख्त नीति, सुरक्षा अभियान और विकास योजनाओं के कारण संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार  नकसल प्रभावित क्षेत्र में तेजी से विकास करा रही है। शिक्षा के लिए स्कूल और उपचार के लिए वहां अस्पताल खुल रहे हैं। अमित शाह ने कहा कि नक्सलवाद की जड़ें खत्म हो रही हैं और आदिवासियों की आवाज अब संसद तक पहुंची है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने समस्या को बढ़ने दिया। मोदी सरकार के फैसलों से हालात बदले हैं। उन्होंने कहा कि नक्सल विचारधारा आदिवासियों को गुमराह करती है और अब देश नक्सलवाद मुक्त बनने की ओर बढ़ रहा है।

उन्होंने साफ कहा कि सरकार ने नक्सलियों से बातचीत नहीं, बल्कि उन्हें खत्म कर विकास को आगे बढ़ाने का रास्ता चुना। उन्होंने कहा कि जो हथियार उठाएगा, उसे कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने दावा किया कि नक्सलियों का पूरा केंद्रीय नेतृत्व, पोलित ब्यूरो और कमेटी अब खत्म हो चुकी है।



काफी मारे गए, बहुतों ने सरेंडर किया। कुछ अभी फरार हैं।

शाह ने कहा कि देश अब नक्सलमुक्त होने की स्थिति में पहुंच चुका है। उन्होंने बताया कि कई बड़े ऑपरेशन जैसे बुढ़ा, थंडरस्टॉर्म और ब्लैक फॉरेस्ट चलाए गए। इनमें भारी मात्रा में हथियार, आईईडी फैक्ट्री और अनाज बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़, तेलंगाना और ओडिशा के बड़े इलाके अब नक्सल प्रभाव से बाहर आ चुके हैं। सुरक्षा बलों और स्थानीय पुलिस की भूमिका को उन्होंने अहम बताया।

केंद्रीय गृहमंत्री ने बताया कि आजादी के समय देश संसाधनों की कमी और विकास की चुनौतियों से जूझ रहा था। कई दूर-दराज के इलाकों तक सरकार की पहुंच नहीं थी, सड़कों और सुविधाओं का अभाव था। ऐसे हालात में कुछ संगठनों ने इन कमजोरियों का फायदा उठाया। जहां राज्य की पकड़ कम थी, उन्हीं इलाकों को रेड कॉरिडोर बनाया गया। भोले-भाले आदिवासियों को भेदभाव और शोषण के नाम पर भड़काया गया और उनके हाथों में हथियार थमा दिए गए। हकीकत यह है कि इन क्षेत्रों में योजनाबद्ध भेदभाव नहीं, बल्कि विकास की कमी थी, जिसका इस्तेमाल कर हिंसा को बढ़ावा दिया गया।



शाह ने बताया कि केंद्र सरकार ने ऑल एजेंसी अप्रोच अपनाई। इसमें सीएपीएफ, राज्य पुलिस और खुफिया एजेंसियों के बीच तालमेल बढ़ाया गया। फंडिंग और स्पोर्ट सिस्टम पर प्रहार किया गया। सरेंडर नीति लागू की गई। इसमें आत्मसमर्पण करने वालों को आर्थिक मदद और पुनर्वास दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार ने हर गांव तक अपनी पहुंच बनाई, इससे नक्सलवाद कमजोर हुआ।

उन्होंने दावा किया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर विकास हुआ। हजारों किलोमीटर सड़कें बनीं, मोबाइल टावर लगाए गए, बैंक, एटीएम और डाकघर खोले गए। शिक्षा के लिए एकलव्य स्कूल, आईटीआई और कौशल केंद्र बनाए गए। उन्होंने कहा कि विकास ही नक्सलवाद खत्म करने का सबसे बड़ा कारण बना।

शाह ने कहा कि नक्सलवाद गरीबी से नहीं, बल्कि विचारधारा से पैदा हुआ। उन्होंने कहा कि यह विचारधारा लोकतंत्र में विश्वास नहीं करती और बंदूक के जरिए सत्ता चाहती है। उन्होंने यह भी कहा कि आदिवासियों को बरगलाकर उनके हाथ में हथियार दिए गए और विकास को रोका गया।

गृह मंत्री ने कहा कि सरकार आगे भी सख्ती और विकास दोनों पर काम जारी रखेगी। उन्होंने आदिवासी समाज को भरोसा दिलाया कि उनकी सुरक्षा और विकास सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अब देश बंदूक से नहीं, संविधान से चलेगा और यही असली जीत है। गृह मंत्री के अनुसार, जिस रेड कॉरिडोर का विस्तार कभी पशुपति से तिरुपति तक माना जाता था, वह अब सिमटकर केवल कुछ जिलों तक रह गया है। 2014 में जहाँ 126 जिले वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित थे, वहीं 2025-26 तक यह संख्या घटकर मात्र एक अंक में रह गई है। छत्तीसगढ़ का बस्तर संभाग, जो कभी नक्सलियों का अभेद्य किला माना जाता था। अब वह सुरक्षा बलों के नियंत्रण में है और वहां विकास की किरणें पहुँच रही हैं। सरकार के इन दावों की पुष्टि जमीनी आंकड़ों से भी होती है। पिछले कुछ वर्षों में नक्सली हिंसा की घटनाओं में 70 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है। सुरक्षा बलों की शहादत के आंकड़ों में भी भारी गिरावट दर्ज की गई है। ऑपरेशन कगार और ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट जैसे लक्षित अभियानों के माध्यम से सुरक्षा बलों ने नक्सली नेतृत्व की कमर तोड़ दी है। 2025 के दौरान ही 300 से अधिक नक्सली मारे गए। इनमें कई शीर्ष कमांडर शामिल थे। इसके साथ ही, हजारों की संख्या में कैडरों ने आत्मसमर्पण किया है,। यह समर्पण इस बात का प्रतीक है कि अब इस विचारधारा का आकर्षण खत्म हो रहा है। इतना सब होने के बावजूद, इन सफलताओं के बावजूद नक्सलवाद की चुनौतियां पूरी तरह समाप्त नहीं हुई हैं। **(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

## संक्षिप्त समाचार

### मनिहारी-कटिहार मुख्य मार्ग पर बाइक के धक्के से राहगीर की मौत

**मनिहारी/कटिहार (नबिटासं)।** मनिहारी मुख्य मार्ग पर हुए एक सड़क हादसे में फुलहारा निवासी बुजुर्ग रामदेव यादव उर्फ शुकरा यादव की मौत हो गई।प्रत्यक्षदर्शी से मिली जानकारी के अनुसार वह पैदल जा रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे मनिहारी अनुमंडल अस्पताल में भर्ती



कराया गया है। जहां उसका इलाज जारी है।घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर पहुंची प्रशासनिक टीम ने आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल घटना के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है और मामले से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर नजर रखी जा रही है। आगे की जांच के बाद ही पूरी स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद है ।

### परिवहन पदाधिकारी से मिलकर मांग पत्र सौंपा

**कटिहार (नबिटासं)।** ई रिक्शा चालक संघ कटिहार के अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, सचिव विक्रम कुमार सिंह ,कोषाध्यक्ष संजीत कुमार पासवान उर्फ अनिक पासवान, उपाध्यक्ष राजीव रंजन जयंत कुमार सिंह के साथ जिला परिवहन पदाधिकारी सुबीर रंजन, सहायक पदाधिकारी संजीव सिंह, परिवहन इंस्पेक्टर त्रिपुरारी कुमार से मिलकर ई रिक्शा चालक के ड्राइवरी लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन



,मोटर परिवहन नियम जैसे दर्जनों समस्याओं को लेकर एक मांग पत्र सौंपा। जिला परिवहन पदाधिकारी सुबीर रंजन ने संघ के मुख्य संरक्षक विकास सिंह को बताया कि 18 वर्ष से ऊपर कोई भी व्यक्ति ड्राइवरी लाइसेंस का हकदार हो सकता है। अगर 50 वर्ष से ज्यादा उम्र हो तो उनका मेडिकल फिटनेस कराकर ही लाइसेंस निर्गत होगा। साथ ही ई रिक्शा का रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य होगा। अगर कोई व्यक्ति बिना लाइसेंस बिना रजिस्ट्रेशन के ऑटो चलाएगा तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई और जुर्माना भी किया जाएगा। श्रीरंजन ने बताया जल्द ही ई रिक्शा का भी रूट चार्ट भी तय किया जाएगा। श्रीरंजन ने बताया कि कार्यालय में लाइसेंस बनाने में ,रजिस्ट्रेशन कराने में किसी तरह की कोई कठिनाई नहीं होगी किसी दलालों के चक्कर में नहीं रहना है। मैं हमेशा सहयोग करने के लिए तैयार खड़ा रहता हूं। मुख्य संरक्षक विकास सिंह ने बताया कि बड़े ही सौहार्द पूर्ण ढंग से सभी बिंदुओं पर बिंदुवार चर्चा हुई। श्री सिंह ने परिवहन पदाधिकारी को विश्वास दिलाया कि ई रिक्शा चालक संघ के सभी पदाधिकारी मोटर परिवहन नियमों का अक्षरशः पालन करेंगे। सभी ई रिक्शा चालकों से ड्राइवरी लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन करने का अनुरोध करेंगे।

### विद्यालय में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन

**सालमारी/कटिहार (नबिटासं)।** सालमारी के हरदेई देवी पन्नालाल शारदा विद्यालय में वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी मोहनलाल अग्रवाल, एमडी केके बुबना




सहित अन्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत, संगीत, नाटक सहित अन्य की एक से एक मनमोहक प्रस्तुति से लोगों का मनमोह लिया। इस कार्यक्रम के उपरांत बच्चों को हौसला बढ़ाने के उद्देश्य से पुरस्कृत भी किया गया। उन्हें मेडल देकर सम्मानित किया। डायरेक्टर आशुतोष मुखर्जी, प्राचार्य राजेश कुमार, सुनील कुमार, जय मुखर्जी, उत्तम सूत्रधार, अफसर, पिंकी सिंह, नमिता सिन्हा, प्रियंका कुमारी, मोनालिसा, मधु, स्वाती, सिमरन सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं बच्चे मौजूद रहे।

### 1.266 किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार भेजा गया जेल

**डंडखोरा/कटिहार (नबिटासं)।** डंडखोरा पुलिस ने वायरल विडियो पर संज्ञान लेते हुए मंगलवार की देर शाम 1.266 किग्रा गांजा के साथ एक किराना दुकानदार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।इस बाबत थानाध्यक्ष विजय कुमार महतो ने बताया कि मोहनी गांव में कलानंद साह



के किराना दुकान में गांजा बेचे जाने का विडियो वायरल हो रहा था।जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए वरीय पदाधिकारियों से प्राप्त निर्देश के आलोक में छापेमारी टीम गठन कर वायरल विडियो के सत्यापन के लिए मोहनी गांव के लिए निकला।इसी दौरान सूचना मिली कि दुकानदार सचेत होकर दुकान के गांजा को बहियार में छिपाने के लिए निकला है। थानाध्यक्ष ने बताया कि टीम के सदस्य मोहनी- टिकैली मोड़ पर अलग अलग घात लगाकर कलाकंद साह का इंतजार करने लगे।कुछ हीं देर बाद एक आदमी हाथ में काला पॉलीथिन और एक डिब्बा के साथ आया।रोकने पर वह भागने का प्रयास करने लगा।लेकिन चारो तरफ से घिरे रहने से वह भागने में नाकाम रहा। पूछने पर उसने अपना नाम कलानंद साह,पिता-स्व. चिंतू साह,सा.-मोहनी,थाना-डंडखोरा बताते हुए गांजा फेंकने जाने की बात स्वीकारी।तलाशी लेने पर काले पॉलिथिन से 960 ग्राम और डिब्बा में रखे कागज के 10 पुड़िया से 266 ग्राम गांजा बरामद हुआ।उन्होंने बताया कि चूकि गांजा रखना,परिवहन या क्रय-विक्रय करना संज्ञेय अपराध है।इसलिए दुकानदार कलानंद साह को गिरफ्तार कर थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए बुद्धवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छापेमारी टीम में एसआई रितेश कुमार,अरबिंद कुमार राय,एएसआई सुमन कुमार,संजीत कुमार एवं पुलिस बल शामिल थे।

# बाइक मरम्मत के विवाद में मैकेनिक की गोली मारकर हत्या

**अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर की मामले की जांच**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ग्रामीण ।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूर्वी करीमुल्लापुर पंचायत अंतर्गत रघुनाथपुर केवाला गांव में एक बाइक मैकेनिक की गोली मारकर हत्या कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान लखनपुर पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 14, बेलगच्छी गांव निवासी शेख इजराफुल का पुत्र शेख साबिर( 30 ) के रूप में हुई है। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल साबिर को स्थानीय लोगों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमदाबाद लाया गया। जहां तैनात चिकित्सक डॉ शाकेश कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज हेतु उसे सदर अस्पताल कटिहार रेफर कर दिया गया।

सदर से उन्हें केएमसीएच रेफर कर दिया। जहां मेडिकल



कॉलेज कटिहार उनकी मृत्यु हो गई। घटना के संबंध में मृतक की दुकान में काम करने वाले युवक शेख मुबारक ने बताया कि बैरिया गांव का जारूल एक अन्य व्यक्ति के साथ गैरेज आया था। और अपनी अपाची बाइक का क्लचप्लेट बदलवाया। मरम्मत का कुल बिल 2200 हुआ, जिसमें जारूल ने 2000 रूपया दिया और चला गया। पुनःवह गैरेज आया और कहां कि बाइक अच्छे से ठीक नहीं हुआ है। इसी बात को लेकर मेरे उस्ताद से बाद विवाद हुआ, इसी दौरान जारूल देसी कट्टा निकालकर मेरे उस्ताद के सिर पर गोली मार दिया। जिससे शेख साबिर गंभीर रूप से घायल हो गया।

वहीं घटना की सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले के सभी पहलुओं की जांच शुरू कर दी है। वहीं डीएसपी विनोद कुमार ने बताया कि बाइक ठीक करने की विवाद के कारण गोली चली है। घटना की हर एक पहलू पर जांच की जा रही है। जल्द ही सभी आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी। मौके पर अमदाबाद थानाध्यक्ष कुंदन कुमार, अपर थाना अध्यक्ष विजय कुमार राम, सहित अन्य पुलिस बल मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्ति पर समारोहपूर्वक दी गई प्रधानाध्यापक को विदाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत मध्य विद्यालय डुमरिया में समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्ति पर प्रधानाध्यापक ललन पटेल को विदाई दी गई।उन्होंने अपना प्रभार वरीय शिक्षक नीरज कुमार को सौंपा। करते हुए उनके कार्यकाल को सराहा।अपने संबोधन में श्री पटेल ने 24 अगस्त 1994 को बतौर शिक्षक मध्य विद्यालय पदमपुर में योगदान करने से लेकर फलका, डहेरिया, सिरसा, खोड़वा, कदेपुरा तथा प्रधानाध्यापक के रुप में



उनके सहयोगियों की ओर से विद्यालय शिक्षा समिति सदस्य रामानंद झा की अध्यक्षता में आयोजित विदाई समारोह में संकुल संचालक,संकुल क्षेत्र के शिक्षक, विशिष्ट सदस्य, अभिभावकगण, सामाजिक कार्यकर्ता तथा उनके आत्मजन विशेष रुप से उपस्थित रहे। लोगों ने उन्हें अंगवस्त्र, डायरी, पुस्तक आदि उपहार भेंटकर उनके कार्यकाल को सराहा।

संकुल संचालक राघवेन्द्र कुमार झा ने कहा कि उनके साथ कार्य करने की अल्पावधि में मुझे उनकी एक बात बहुत भाती थी कि वे हर परिस्थिति में स्थितिप्रज्ञ हीं रहे।न कभी अधि दुखी और खुशी में अधिक खुश होते देखा गया। समारोह को प्रधानाध्यापक सह संकुल संचालक सुमन कुमार, हीरेन राय, दिलीप कुमार चौहान, सुभाष मंडल, अरुण राय, श्वेता कुमारी सहित कई अन्य ने भी संबोधित 12.10.2023 से 30 मार्च तक इस विद्यालय के अवधि के खट्टे मीठे अनुभवों को साझा किया। उन्होंने संकुल संचालक की बातों से सहमति जताते हुए कहा कि मैं हर परिस्थिति में कुछ सीखने का आदि रहा हूं। मैं 'नहीं किसी से दोस्ती,नहीं किसी से बैर'के सिद्धांत को लेकर चला। उन्होंने छात्र-छात्राओं तथा अपने सहयोगियों से भी कुछ नया सीखने की आह्वान किया। उन्होंने नम ऑखों एवं रुंधे गले से कहा कि इस विद्यालय का कार्यकाल सहयोगियों, अभिभावकों तथा जनप्रतिनिधियों से मिले स्नेह, आदर और सहयोग के लिए आजीवन याद रहेगा। लोगों ने फूल माला पहनाकर उन्हें विदाई दी। मौके पर शशांक शेखर, पंचानंद राय, सुदाम प्रसाद साह, किशोर कुमार झा, अरबिंद कुमार विश्वास, गौतम कुमार, चिराग आलम,मुन्नी कुमारी, मो. शारिक,

# बिहार पुलिस ने सुलझाई लूट की गुत्थी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढ़ा (कटिहार)।** जिला पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए चैनपुर कैमूर में हुई लाखों की छिनतई कांड का सफल उद्भेदन किया है। बिहार एसटीएफ और कटिहार जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए न केवल आरोपी को दबोचा। बल्कि लूटी गई रकम का बड़ा हिस्सा भी बरामद कर लिया है।




बीते 24 मार्च 2026 को कैमूर जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले राकेश कुमार ने स्टेट बैंक की शाखा से ₹4,37,000 निकाले थे। जब वे वापस लौट रहे थे। तभी पटेल चौक भभुआ के पास अज्ञात अपराधियों ने उनसे यह पूरी राशि छीन ली थी। इस संबंध में चैनपुर थाना में कांड संख्या 291/26 दर्ज किया गया था।

पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान और खुफिया जानकारी के आधार पर 30 मार्च 2026 को कटिहार जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र स्थित आरोपी राजा यादव के घर पर छापेमारी की। इस छापेमारी के दौरान पुलिस ने छिनतई किए गए रुपयों में से ₹4,34,000 बरामद करने में सफलता हासिल की।

## अवैध शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार रेलमंडल में आरपीएफ की ओर से अवैध शराब की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में आरपीएफ कटिहार ईस्ट के सब इंस्पेक्टर अनुज कुमार एवं अन्य अधिकारी एवं जवानों ने ट्रेन संख्या 15909 अवध असम एक्सप्रेस के कोच संख्या एस-6 की सघन जांच के दौरान 36 बोतल 13.50 लीटर प्रतिबंधित विदेशी शराब बरामद की। जब्त शराब की अनुमानित कीमत ₹7,920/- बताई जा रही है।यह शराब एक ट्रॉली बैग में छिपाकर सीट के नीचे रखी गई थी, जिसे जांच के दौरान बरामद किया गया। इसमें किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। बरामद शराब लावारिस पाई गई। जिसे आरपीएफ द्वारा अग्रिम कार्रवाई हेतु रेल पुलिस कटिहार को सुपुर्द कर दिया गया।

# नहाने के दौरान डूबने से किशोर की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** थाना क्षेत्र के आजमपुर गोलाघाट पर नहाने गये पन्द्रह वर्षीय किशोर की डूबने से मौत हो गयी।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नहाने के दौरान किशोर गहरे पानी मे चला गया. चीख पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीणों ने डूबते किशोर को बाहर निकाल कर अनुमंडल अस्पताल भेजा। लेकिन युवक ने दम तोड दिया।



घटना की पुष्टि करते हुए अंचल पदाधिकारी मनिहारी मो. ईस्माईल ने बताया कि मनिहारी बीएन कालोनी निवासी दिलीय यादव का पन्द्रह वर्षीय पुत्र रौशन कुमार आजमपुरगोला घाट नहाने गया था. जहां डूबते किशोर को ग्रामीणों के सहयोग से अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया. जहां किशोर की दर्दनाक मौत हो गयी। मौके पर मनिहारी पुलिस पहुंचकर शव को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरीकर पोस्टमार्टम हेतु कटिहार सदर अस्पताल भेज दिया है। मपोस्टमार्टम रिपोर्ट व पुलिस जांच से सच सामने आ सकेगा।

# बिहार में नेतृत्व परिवर्तन की चर्चा पर केंद्र से युवा चेहरा देने की मांग

**विकास की विरासत और भविष्य की उम्मीदें : एसके सुमन**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** लगभग तीन दशकों से नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने विकास, सुशासन और स्थिरता का एक नया अध्याय लिखा है। उनकी दूरदर्शी नीतियों और मजबूत प्रशासनिक क्षमता ने राज्य को नई पहचान दिलाई है। सड़क,शिक्षा, स्वास्थ्य और कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में किए गए उनके कार्यों को प्रदेश की जनता आज भी गर्व के साथ याद करती है।

यही कारण है कि उनका योगदान न केवल ऐतिहासिक है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत भी रहेगा।वर्तमान समय में जब यह चर्चा जोर पकड़ रही है कि वे नई जिम्मेदारियों की ओर अग्रसर हो सकते हैं, तब बिहार एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा दिखाई देता है। यह केवल नेतृत्व परिवर्तन का क्षण नहीं, बल्कि एक नए युग की शुरूआत का संकेत भी हो सकता है। ऐसे समय में प्रदेश की जनता की भावनाएँ स्पष्ट रूप से एक ऐसे नेतृत्व की ओर इशारा करती हैं, जो युवा, ऊजार्वान और भविष्य के प्रति स्पष्ट दृष्टिकोण रखने वाला हो।इसी क्रम में ई. निशांत कुमार का नाम प्रमुखता से सामने आ रहा है।



एक शिक्षित, समझदार और संस्कारित व्यक्तित्व के रूप में वे युवाओं की उम्मीदों का प्रतीक बनते जा रहे हैं। माना जा रहा है कि उनमें वह क्षमता और विजन है, जो बिहार को विकास की नई ऊँचाइयों तक ले जा सकता है। जनता के बीच यह भावना तेजी से उभर रही है कि अगर उन्हें नेतृत्व का अवसर दिया जाए, तो वे राज्य के उज्ज्वल भविष्य को सुनिश्चित कर सकते हैं। इस पूरे परिदृश्य पर जदयू प्रदेश राजनीतिक सलाहकार समिति के सदस्य डॉ.सुशील कुमार सुमन ने भी अपनी महत्वपूर्ण सुझाव दी है। डॉ. सुमन का मानना है कि नीतीश कुमार द्वारा स्थापित विकास और सुशासन की मजबूत नींव को आगे बढ़ाने के लिए अब समय के अनुसार नेतृत्व में नई ऊर्जा का समावेश आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में इं निशांत कुमार को आगे लाना चाहिए। ताकि बिहार की प्रगति की गति और तेज हो सके। उनके अनुसार, यह मांग केवल उनकी व्यक्तिगत राय नहीं, बल्कि जनभावनाओं और पार्टी कार्यकताओं की भावना का प्रतिबिंब है। डॉ. सुमन ने यह भी कहा कि यदि पार्टी नेतृत्व इस दिशा में निर्णय लेता है, तो यह बिहार के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा। इस मुद्दे पर समाज के विभिन्न वर्गों और जदयू से जुड़े गणमान्य नेतागण नरेश शर्मा, शिव प्रकाश गारोदिया, संजय सिंह, प्रिंस सिंह, रवि महावर, दीपक कुमार, मोजीबुर रहमान, संजीव श्रीवास्तव, रमेश मंडल, रणधीर जायसवाल, मोहन सिंह, मनोज मंडल, सरिता देवी, मीना शर्मा, रेखा साह एवं निवेदिता मंडल आदिने भी एक स्वर में इस मांग का समर्थन किया है।

# विधान पार्षद ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले छात्र एवं छात्राओं को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिला के कोढ़ा प्रखंड के प्लस टू उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय संदलपुर में विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल ने कला में 10 वीं एवं 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को शाल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर 12 वीं कक्षा में अभिलाषा कुमारी 350 अंक, शिवानी कुमारी 335 अंक, आशा कुमारी 332 अंक तथा कला संकाय में संजली कुमारी 349 अंक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।वहीं 10वीं कक्षा में बबीता कुमारी 464 अंक, अमित कुमार 450 अंक एवं काजल कुमारी 445 अंक ने शानदार सफलता प्राप्त की। मौके पर विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल ने सभी प्रतिभाशाली




विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई दी।

आपकी मेहनत, लगन और अनुशासन निश्चित ही आपको नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी। हमारा प्रयास है कि शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रोत्साहन मिलता रहे। ताकि हमारे क्षेत्र के बच्चे आगे बढ़कर समाज और देश का नाम रोशन करें। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका नविता सिंह, भाजपा नेता भोला झा, मिथिलेश सिंह, अशोक सिंह, मनीष सिंह सहित अन्य समर्थक गण एवं स्कूल के शिक्षक गण मौजूद रहे।

# मैट्रिक के जिला टॉपर से मिले पंचायत प्रतिनिधि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** मैट्रिक का वार्षिक परिणाम जारी होने के उपरांत प्रखंड क्षेत्र के मरंगी पंचायत के वार्ड संख्या पांच चकमन गांव के रहने वाले निर्मल कुमार साह के पुत्र अमन कुमार जो जिले में 479 अंक लाकर जिला टॉपर बने हैं,इनसे मिलने के लिए प्रत्येक दिन लोगों का आना-जाना हो रहा हैं। इस कड़ी में प्रखंड प्रमुख सुषमा कुमारी, प्रतिनिधि गौतम कुमार सिंह आगे की तैयारी करने के लिए लुसेंट का बुक देकर सम्मानित किए।



वहीं जदयू के प्रखंड अध्यक्ष बलराम पोद्दार जिला टॉपर अमन कुमार को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किए । साथ ही अमन के माता-पिता को भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किए। वहीं कांग्रेस के एससी एसटी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार पासवान संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर का फोटो फ्रेम देकर सम्मानित किए। वहीं जनप्रतिनिधियों ने अमन के कटिहार टॉपर होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि गौतम कुमार सिंह, वार्ड सदस्य विवेकानंद मंडल, उत्तम शर्मा आदि मौजूद रहे।

# विद्यालय के फंड में धांधली का आरोप, शिक्षा समिति की सचिव ने डीएम से लगाई गुहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढ़ा/कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र के नया टोला बिशनपुर से भ्रष्टाचार और दबंगई का एक गंभीर मामला सामने आया है। नया प्राथमिक विद्यालय नया टोला बिशनपुर की शिक्षा समिति की सचिव प्रीति कुमारी ने विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पर सरकारी राशि के गबन और दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को आवेदन सौंपा है।समग्र शिक्षा अभियान के तहत सत्र 2025-26 के लिए विद्यालय को 25,000 रुपये की राशि प्राप्त हुई थी।

24 फरवरी 2026 को हुई शिक्षा समिति की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि इस राशि का उपयोग विद्यालय में बिजली वायरिंग,पंखा,चौक और डस्टर जैसे आवश्यक कार्यों के लिए किया जाएगा। विभागीय आदेश एसएसए -381 के अनुसार, इन कार्यों को 28 फरवरी 2026 तक पूर्ण कर लेना था। सचिव प्रीति कुमारी का आरोप है कि प्रधानाध्यापिका संगीता रानी ने बैंक से राशि की निकासी तो कर ली। लेकिन निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बाद भी विद्यालय में कोई कार्य नहीं कराया गया। जब सचिव ने इस संबंध में जानकारी मांगी तो आरोप है कि प्रधानाध्यापिका ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। आवेदन में कहा गया है कि प्रधानाध्यापिका ने सचिव को धमकाते हुए कहा कि आप सचिव हैं, मालिक मत बनिए। आपका काम सिर्फ बैठक में आना और दस्तखत करना है,हिसाब-किताब अधिकारी देखते हैं। ज्यादा शोर किया तो दूसरा सचिव चुन लिया जाएगा।

# एचपी गैस एजेंसी का एसडीओ ने किया औचक निरीक्षण

**एसडीओ ने बताया ओटीपी के माध्यम से उपभोक्ताओं दी जा रही गैस**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)।** अनुमंडल पदाधिकारी राजू कुमार ने बुधवार को स्वाती एचपी गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण किया। संचालक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में लगातार अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में अनुमंडल के सभी गैस एजेंसी का निरीक्षण कर रहे हैं। ताकि गैस उपभोक्ताओं को नियमित रूप से गैस उपलब्ध हो सके।अनुमंडल पदाधिकारी के साथ एडीएसओ मनीष कुमार मौजूद रहे।

इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी राजू कुमार ने कहा कि स्वाती एचपी गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण किया गया है। जिस में उपभोक्ताओं को दिए जाने वाले गैस पणजी एवं ऑनलाइन के माध्यम से जांच की गई। जिसमें ऑनलाइन एवं भंडार पंजी को मिलाई गई सभी ठीक



पाए गये तथा गोदाम में रखें गैस सिलेंडर का भौतिक सत्यापन किए गए हैं। एवं रखरखाव का भी अवलोकन किया गया। गैस संचालक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि खपत से ज्यादा ऑनलाइन के माध्यम से ओटीपी के प्रति हुए हैं। सभी उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर मिले इसके लिए जिला पदाधिकारी के माध्यम से कम से कम प्रतिदिन तीन गाड़ी गैस सिलेंडर मिले इसके लिए पत्राचार करेंगे। अनुमंडल पदाधिकारी राजू कुमार ने उपभोक्ताओं से अपील करते हैं कि धैर्य बना कर रखें सभी लोगों को गैस के सरेंडर मिलेंगे नियत समय पर। अफवाह से सभी उपभोक्ता बच्चे। गैस की कमी नहीं है।

# एमजीसीयू के तृतीय दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी में आगामी 4 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाले तृतीय दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर आज माननीय कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कुलानुशासक प्रो. प्रसून दत्त सिंह सहित विभिन्न समितियों के प्रभारी उपस्थित रहे। माननीय कुलपति ने सभी तैयारियों का विस्तृत जायजा लेते हुए कार्यक्रम को भव्य, सुव्यवस्थित एवं गरिमामय ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। प्रो. प्रसून दत्त सिंह ने अवगत कराया कि सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं तथा विभिन्न समितियां समन्वय के साथ कार्य कर रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जिला प्रशासन का पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है, जिससे कार्यक्रम के सफल आयोजन की दिशा में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। तृतीय दीक्षांत समारोह में इस वर्ष शैक्षणिक उत्कृष्टता का विशेष सम्मान किया जाएगा। समारोह में 22 विद्यार्थियों को विभागीय टॉपर के रूप में कुलपति गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा, जिनमें 19 स्नातकोत्तर एवं 3 स्नातक कार्यक्रमों के विद्यार्थी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त अर्थशास्त्र विभाग के टॉपर को प्रो. जनार्दन प्रसाद गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जाएगा। विद्यालय (स्कूल) स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। कुल 9 स्कूल टॉपर गोल्ड मेडल प्रदान किए जाएंगे, जिनमें 7 स्नातकोत्तर एवं 2 स्नातक कार्यक्रमों के विद्यार्थी शामिल हैं। स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में स्कूल ऑफ फिजिकल साइंसेज के लिए महार्षि कणाद गोल्ड मेडल रुतुपर्णा रथ को, स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज के लिए महार्षि सुश्रुत गोल्ड मेडल अदिति प्रज्ञा को, स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल साइंसेज, इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी के लिए आर्यभट्ट गोल्ड मेडल मुस्कान कुमारी को, स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड लैंग्वेजेज के लिए महार्षि वाल्मीकि गोल्ड मेडल बलिराम कुमार को, स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज के लिए सम्राट अशोक गोल्ड मेडल आनंद कुमार को, स्कूल ऑफ एजुकेशन के लिए महार्षि कात्यायन गोल्ड मेडल चंदन कुमार को तथा पीएमएमएम स्कूल ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट साइंसेज के लिए आचार्य कौटिल्य गोल्ड मेडल रचित यशस्वी को प्रदान किया जाएगा। स्नातक कार्यक्रमों में स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल साइंसेज, इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी के लिए आर्यभट्ट गोल्ड मेडल सिमरन साहिवाल को तथा पीएमएमएम स्कूल ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट साइंसेज के लिए आचार्य कौटिल्य गोल्ड मेडल श्रुति कुमारी को प्रदान किया जाएगा। विश्वविद्यालय स्तर पर सर्वोच्च उपलब्धि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को कुलाधिपति गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जाएगा। इस वर्ष स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में अदिति प्रज्ञा तथा स्नातक कार्यक्रमों में सिमरन साहिवाल को विश्वविद्यालय टॉपर के रूप में यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि दोनों ही छात्राएं हैं, जो विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं महिला सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करती हैं। यह दीक्षांत समारोह न केवल विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों का सम्मान है, बल्कि महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय की उत्कृष्टता, गुणवत्ता एवं राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती प्रतिष्ठा का भी प्रतीक है।

## संक्षिप्त समाचार

### विभिन्न घटनाओं में आधा दर्जन लोग घायल

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में हुई अलग-अलग घटनाओं में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ एस.के. विद्यार्थी ने प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों को सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। पकड़ी गांव में रुपए के लेन-देन को लेकर हुए विवाद में बिंदु देवी और चंदा देवी घायल हो गईं। वहीं एकवाना गांव में जमीनी विवाद को लेकर सीता देवी और नैना देवी घायल हो गईं। इसके अलावा मुन्नी मोड़ के पास बाइक दुर्घटना में सिवान निवासी दिलीप कुमार और योगेश्वर कुमार घायल हो गए। दोनों सिवान से मुजफ्फरपुर जा रहे थे। दोनों का इलाज एक निजी क्लीनिक में कराया गया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत, तीन घायल

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छपरा-मशरक एसएच-90 पर हनुमानगंज गांव के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में हनुमानगंज निवासी अरबाज हुसैन, मो समीर और इसुआपुर थाना क्षेत्र के उचितपुर निवासी मनीष कुमार शामिल हैं। मृतक की पहचान सचिन कुमार के रूप में हुई है। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ एस.के. विद्यार्थी ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने छपरा-मशरक मुख्य पथ को जाम कर दिया। मौके पर पहुंची मशरक और इसुआपुर थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी, हालांकि वाहन की पहचान अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है।

### जिला नियंत्रण कक्ष का किया गया निरिक्षण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एलपीजी गैस उपभोक्ताओं की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए जिला स्तर पर बनाए गए जिला नियंत्रण कक्ष का अभय कुमार सिंह,प्रभारी सचिव, पूर्वी चंपारण जिला के द्वारा जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के साथ निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नियंत्रण कक्ष में संधारित पंजी को देखा गया एवं सभी जरूरी जानकारी प्राप्त की गई। उनके द्वारा नियंत्रण कक्ष के कार्य पर संतोष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी निशांत सिहारा ,नगर आयुक्त आशीष कुमार एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी विजय बहादुर सिंह उपस्थित थे।



### लापता नाबालिग दिल्ली से सकुशल बरामद

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुरुषोत्तमपुर पुलिस ने एक गुमशुदा नाबालिग को दिल्ली से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। नाबालिग के सकुशल मिलने पर परिजनों ने पुलिस का आभार प्रकट किया। थानाध्यक्ष सुधा कुमारी ने बताया कि मैट्रिक परीक्षा में फेल होने पर भेडीहारी निवासी एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग पुत्र के घर से बिना बताए चले जाने की सूचना पुरुषोत्तमपुर थाना में दी थी। इस पर पुलिस ने तत्काल नाबालिग की तलाश शुरू की। गठित पुलिस टीम ने नाबालिग के दोस्तों और परिचितों से पूछताछ की और विभिन्न स्थानों पर तलाश अभियान चलाया। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने नाबालिग को दिल्ली के इंडिया गेट के समीप से सुरक्षित बरामद कर लिया। सकुशल मिलने पर परिजनों ने पुलिस की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

### जांच में खाद दुकानों में पायी गई गड़बड़ी, किया गया शो कॉज

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खाद दुकानों पर लगातार मिल रही शिकायतों और अनियमितताओं के बाद कृषि विभाग द्वारा कड़ी कार्रवाई करते हुए कई दुकानदारों से 'शो कॉज' (कारण बताओ) नोटिस जारी किया गया है। बीएओ रमेश गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को खाद दुकानों पर छापेमारी के दौरान भंगहा के मनीष खाद भंडार,आकाश खाद भंडार एंव महालक्ष्मी खाद भंडार दुकानों में गड़बड़ी पायी गई है। उन्होंने बताया कि भंगहा के बेहरी चपरीया टोला के मनीष खाद भंडार के द्वारा बिना पोस मशीन से रसीद काटे डीएपी खाद का वितरण कर दिया गया है। जिसको लेकर प्रोपराइटर मुन्ना यादव के खिलाफ शो कॉज किया गया है। वहीं भंगहा बाजार के आकाश खाद भंडार का प्रोपराइटर धर्मराज यादव का स्टॉक पंजी और वितरण पंजी पूर्ण संधारित नहीं था। शिशवा के महालक्ष्मी खाद भंडार प्रोपराइटर विवेक कुमार दुकान बंद कर फरार थे। बीएओ ने बताया कि मनीष खाद भंडार,आकाश खाद भंडार एंव महालक्ष्मी खाद भंडार के दुकान मालिकों के खिलाफ शो कॉज करते हुए जबाव मांगा गया है। उन्होंने बताया कि अगर जवाब संतोषजनक नहीं होगा तो इनलोगों के खिलाफ जिलाधिकारी को जांच प्रतिवेदन भेजा जाएगा।

### पुलिस ने आरोपी के घर चिपकाया इश्तेहार व एक शराब कारोबारी गिरफ्तार

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के सेमरा सगरदीना पंचायत अंतर्गत सेमरा टाट गांव में हुई मारपीट व पोस्को एक्ट के आरोपी के घर पर पुलिस ने अदालत से जारी इश्तेहार को चिपकाया। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि चिरैया थाना कांड संख्या-179/2025 के प्राथमिकी अभियुक्त उक्त गांव निवासी सुरेंद्र राय के पुत्र संजय राय एवं संजय राय के पुत्र धीरज कुमार व पत्नी सरिता देवी के विरुद्ध पुलिस ने गांव में ढोल बजाकर इश्तेहार चिपकाया। एसआई कोमल कुमारी के साथ अन्य कई पुलिस कर्मी व गांव के लोगों की उपस्थिति में ढोल बजाकर लगाया गया। इधर एक अन्य मामले में चिरैया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक व्यक्ति को थाना क्षेत्र अंतर्गत ई रिक्शा पर लदे शराब के साथ पकड़ा। शराब कारोबारी की पहचान जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के वासमन मुसहरी टोला गांव निवासी एतबारू मांझी के पुत्र बच्चू मांझी (40 वर्ष) के रूप में हुई है। लाल रंग के ई रिक्शा पर लदे 245 बोतल (73.5 लीटर) नेपाली कस्तूरी शराब के साथ उसे गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।



### मनोरमा देवी सिकरिया कॉलेज को बिहार सरकार से मिला प्रशस्ति पत्र

भारतीय नर्सिंग परिषद भारत सरकार से मान्यता प्राप्त होने के कारण बिहार सरकार द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनोरमा देवी सीकरीया ए.एन.एम ट्रेनिंग स्कूल के सचिव, शिक्षाविद् यमुना सीकरीया को पटना में बिहार सरकार स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित डिजिटल प्लेटफॉर्म नर्सिंग कार्यक्रम के अवसर पर चम्पारण का एक मात्र कॉलेज जिसे भारतीय नर्सिंग परिषद् भारत सरकार से मान्यता प्राप्त होने के कारण बिहार सरकार द्वारा



प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर यमुना सीकरीया ने कहा मेरा कॉलेज पिछले 15 वर्षो से भारतीय नर्सिंग परिषद भारत सरकार से मान्यता प्राप्त चम्पारण का एक मात्र नर्सिंग कॉलेज है। इसलिए यह सम्मान कॉलेज को प्राप्त हुआ है। इसके लिए मैं स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय जी एवं सभी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इस कार्य के लिए धन्यवाद देता हूँ। आने वाले समय में स्वास्थ्य मंत्री के नेतृत्व में बिहार स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता शिक्षा के लिए भारत में अग्रणी राज्य के रूप में उभरेगा। इस अवसर पर सभी शिक्षक छात्र खुश थे।

## घरेलू गैस की गाड़ी देखते ही गैस के लिए दौड़ पड़े लोग

**साठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** घरेलू गैस को लेकर उपभोक्ताओं में भाग दौड़ लगी हुई है। बुधवार को जैसे ही शिवम गैस एजेंसी चनपटिया की गाड़ी साठी बाजार में पहुंची लोग गैस सिलेंडर लेकर दौड़ पड़े। किसी को गैस मिला और किसी को नहीं। उपभोक्ताओं से भारी नोक झोक के बाद वितरण का कार्य शुरू हुआ। जिसके पास मोबाइल में ओटीपी और कंजूमर नंबर था उसे ही गैस दिया गया। बाकी बैरन वापस हो गए। इस मामले में शिवम गैस एजेंसी के गाड़ी पर पहुंचे वेंडर रत्नेश कुमार मिश्रा ने बताया कि बिना नंबर और ओटीपी के गैस नहीं मिल रहा है। एपीएल धारक को गैस डिलीवरी के 26 दिन बाद दोबारा नंबर लग रहा है जबकि बीपीएल धारक को 30 से 45 दिन के बाद। सभी उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी की सुविधा एजेंसी द्वारा दी जा रही है किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर मोबाइल नंबर 8084125311 पर संपर्क किया जा सकता है।

## अचानक लगी आग में पांच लोगों के मकान सहित लाखों की संपत्ति जलकर राख

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के डीह महुआही गांव में आधी रात को अचानक लगी आग में पांच लोगों का मकान जलकर राख हो गया। अगलगी की घटना में मवेशी, अनाज, वस्त्र, आभूषण, फर्नीचर सहित लाखों की संपत्ति जल गए। वही आग बुझाने के दौरान एक महिला आंशिक रूप से झुलस गई। जिसका इलाज स्थानीय स्तर पर किया जा रहा है। झुलसी महिला का नाम कविता देवी है। इस घटना में कविता देवी, रामावतार सहनी, विपिंद्र सहनी, गिरजा सहनी व पुण्यदेव सहनी का घर जल कर राख हो गया है। घटना आधी रात को उस समय घटी, जब घर वाले सभी सो रहे थे। पुरवा हवा की झोंको के साथ आग की लपटें काफी तेज हो गई। जिसके कारण ग्रामीण आग के समीप जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे। बाद में ग्रामीणों ने मोटर स्टार्ट कर आग पर काबू पाया।

## जनगणना कार्य को लेकर 6 अप्रैल से शुरू होगा प्रगणकों का प्रशिक्षण

**नरकटियगंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनगणना कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने की तैयारियां तेज हो गई हैं। जनगणना के सफल क्रियान्वयन के लिए आगामी 6 अप्रैल से प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए प्रखंड चार्ज पदाधिकारी सह बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि यह प्रशिक्षण स्थानीय प्लस टू उच्च विद्यालय में आयोजित होगा। प्रशिक्षण का समय प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित किया गया है।

## एलपीजी, उर्वरक एवं आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुचारू, अफवाहों से बचें : प्रभारी सचिव

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अपर मुख्य सचिव सह प्रभारी सचिव, पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग श्री एच.आर. श्रीनिवास की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में एलपीजी आपूर्ति, पेट्रोल-डीजल, उर्वरक वितरण, प्रवासी श्रमिकों की स्थिति तथा आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता की विस्तृत समीक्षा की गई।जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि जिले में एलपीजी की कोई कमी नहीं है। यहां 74 गैस एजेंसियों के माध्यम से 9.53 लाख घरेलू एवं 2,674 व्यावसायिक उपभोक्ता जुड़े हैं। वर्तमान में 24,641 सिलेंडर का स्टॉक उपलब्ध है तथा प्रतिदिन 10-11 हजार सिलेंडरों की आपूर्ति हो रही है।डीसी ने बताया कि अब तक 834 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 794 का त्वरित निष्पादन किया जा चुका है। कालाबाजारी रोकने के लिए 247 एजेंसियों की जांच एवं 481 स्थानों पर छापेमारी की गई, जिसमें 87 सिलेंडर जब्त किए गए। 9 एफआईआर दर्ज की गई हैं।प्रभारी सचिव श्री श्रीनिवास ने एलपीजी डिलीवरी को समयबद्ध बनाने, बैकलॉग समाप्त करने और सिलेंडर डायवर्जन रोकने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने पीएनजी परियोजना में तेजी लाने तथा लक्ष्य अनुसार कनेक्शन बढ़ाने पर जोर दिया। उर्वरक की कालाबाजारी पर भी सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए।बैठक में पेट्रोल-डीजल तथा दीदी की रसोई योजना के तहत एलपीजी उपलब्धता को संतोषजनक बताया गया।

## पूर्वी चंपारण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बने प्रोफेसर अखिलेश दयाल



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा संगठनात्मक ढांचे में बड़ा बदलाव करते हुए बिहार के 38 जिलों को बढ़ाकर 53 सांगठनिक जिलों में पुनर्गठित किया गया। इस क्रम में पूर्वी चंपारण को दो जिलों में विभाजित करते हुए मोतिहारी जिला कांग्रेस कमेटी का गठन किया गया। नवगठित मोतिहारी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर प्रोफेसर अखिलेश दयाल को मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति के.सी. वेणुगोपाल द्वारा की गई। प्रोफेसर अखिलेश दयाल छात्र राजनीति से जुड़े रहे हैं और राष्ट्रीय छात्र संघ (ठरवक) में महाविद्यालय अध्यक्ष के रूप में कार्य कर चुके हैं। उन्होंने वर्ष 2004 से 2023 तक कांग्रेस पार्टी की निस्वार्थ सेवा की है। यह मनोनयन पार्टी के शीर्ष नेतृत्व-मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, सोनिया गांधी तथा बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व में किया गया है। अपनी नियुक्ति पर प्रोफेसर अखिलेश दयाल ने कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास और उम्मीद के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने संगठन को मजबूत करना और कार्यकताओं को साथ लेकर चलना अपना पहला लक्ष्य बताया। इस अवसर पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष नूर मोहम्मद, कांग्रेस नगर अध्यक्ष छोटेलाल चौरसिया, युवा कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता, युवा नगर अध्यक्ष अमन कुमार, व्यवसायिक प्रकोष्ठ युवा नगर अध्यक्ष रितेश सर्राफ, मोनाक देवान, अनिल कुमार यादव, अफरोज आलम, नेजाम अंसारी, उपेंद्र साह, महावीर कुमार, देवेंद्र कुमार, गुड्डू मलिक, मुरारी लाल, फैयाज आलम, सोनू अहमद, संतोष कुमार सिंह, असहाब आलम, संदीप राय, मनीष कुमार, उमेश यादव सहित अनेकों कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।


## किन्नर के घर 16 लाख की चोरी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के प्रकाशनगर वार्ड नंबर 10 में किन्नर बिपाशा के घर से 16 लाख रुपये की चोरी का मामला सामने आया है। चोर ने घर का ताला तोड़कर नकदी व गहने लेकर फरार हो गया। पीड़िता ने राजकुमार यादव नामक व्यक्ति पर चोरी का आरोप लगाते हुए थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि बिपाशा किन्नर की शिकायत पर गोपालगंज जिले के कटेया थाना क्षेत्र के मधुआ गांव निवासी राजकुमार यादव के खिलाफ चोरी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना 27 मार्च को हुई, जबकि एफआईआर 29 मार्च को दर्ज की गई। पुलिस ने आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने का भरोसा जताया है।बिपाशा किन्नर ने अपनी शिकायत में बताया कि वह अपने गुरु माया देवी के घर पर रहती है।

## चार वर्षों का होल्डिंग टैक्स एकमुश्त वसूली से मशरक में बढ़ा असंतोष

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर पंचायत क्षेत्र में होल्डिंग टैक्स की एकमुश्त वसूली को लेकर लोगों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। खासकर गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के सामने असमंजस की स्थिति बन गई है। नगरवासियों का कहना है कि नगर पंचायत बनने के बाद भी अपेक्षित नागरिक सुविधाओं का विस्तार नहीं हो सका है, इसके बावजूद एक साथ चार वित्तीय वर्षों का टैक्स मांगा जा रहा है, जिससे आम लोगों पर अचानक आर्थिक बोझ बढ़ गया है। जानकारी के अनुसार, मशरक नगर पंचायत की अधिसूचना मार्च 2021 में जारी हुई थी। लोगों का सवाल है कि शुरूआती वर्षों में टैक्स वसूली क्यों नहीं की गई और अब एकमुश्त चार वर्षों का टैक्स क्यों लिया जा रहा है। नगर पंचायत क्षेत्र के 16 वार्डों में से कई पहले ग्रामीण क्षेत्र का हिस्सा रहे हैं। वार्ड संख्या 1, 2, 6, 14, 15 और 16 के लोगों ने सड़क, नाली, सफाई, पेयजल और स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी की शिकायत की है। लोगों का कहना है कि जहां न सड़क है, न नियमित सफाई और न ही पेयजल की व्यवस्था, वहां भी टैक्स वसूली की जा रही है। इसे उन्होंने प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम बताया है। स्थानीय लोगों राज गौरव, मनोज कुमार सिंह, अमरेन्द्र कुमार और संजीव कुमार ने टैक्स भुगतान में राहत और किस्त की व्यवस्था लागू करने की मांग की है। उनका कहना है कि किस्तों में वसूली से लोगों पर आर्थिक बोझ कम होगा। वहीं, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी बब्लू कुमार ने बताया कि टैक्स वसूली सरकार के नियमों के तहत की जा रही है।

## दुनिया को सीता संस्कृति अपनानी होगी : बंदना झा



**मोतिहारी /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** (चेतना) प्रज्ञा प्रवाह, युवा आयाम, उत्तर बिहार के तत्वावधान में मिथिला और भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर एक ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर के विद्वानों एवं शोधार्थियों ने सहभागिता की। विषय प्रवेश करते हुए डॉ. सोनू राम शंकर (रसायन शास्त्र विभाग, एल.एम.एन.यू) ने कहा कि भारत पर आक्रमण केवल मात्र भू-राजनीतिक नहीं था, बल्कि सांस्कृतिक वर्चस्व स्थापित करने का प्रयास भी था। भारतीय ज्ञान परंपरा उस वर्चस्ववादी विरासत को चुनौती देने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो. वंदना झा (भारतीय भाषा केंद्र, जेएनयू) ने अपने उद्बोधन में कहा कि मिथिला की संस्कृति में एक शाश्वत ज्ञान संस्कृति विद्यमान है। उन्होंने कहा कि आज के वैश्विक परिदृश्य में सीता संस्कृति को अपनाने की आवश्यकता है, जो त्याग, मयार्दा और संतुलन का प्रतीक है। सीता संस्कृति कृषि संस्कृति है। सतत विकास की संस्कृति है। साथ ही उन्होंने राजा जनक की ज्ञान परंपरा का उल्लेख करते हुए मिथिला की दार्शनिक विरासत पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रज्ञा प्रवाह के उत्तर पूर्व क्षेत्र क्षेत्रीय संयोजक देवव्रत प्रसाद ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा के विमर्श को सशक्त बनाने में प्रज्ञा प्रवाह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कार्यक्रम का संचालन डॉ.अनुराग मिश्र ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन मनीष त्रिगुणायत ने किया। इस संगोष्ठी में विजय शाही (प्रांत संयोजक, प्रज्ञा प्रवाह), प्रो. पंकज कुमार सिंह, प्रो. विमलेश कुमार सिंह, प्रो. सरोज रंजन, अमल झा, निधि मिश्र, पवन कुमार, डॉ. प्रिया, प्रीति, रंजू सहित अनेक प्रतिभागियों की सक्रिय उपस्थिति रही।

## एकमा में दो ट्रांसफार्मरों की क्वायल चोरी, बिजली विभाग को 80 हजार का नुकसान

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र में अज्ञात चोरों द्वारा ट्रांसफार्मर की क्वायल चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना में बिजली विभाग को करीब 80 हजार रुपये की आर्थिक क्षति हुई है। मामले को लेकर कनीय विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति शाखा एकमा ने थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। बताया गया है कि 27 मार्च 2026 को तेज बारिश और तेज हवा के कारण पसरा फीडर ब्रेकडाउन हो गया था। रात करीब 1:30 बजे फीडर में गड़बड़ी की सूचना पर जांच के दौरान पाया गया कि ग्राम- बेतवनिया स्थित बीएसएनएल के पास तथा बैतवनिया ननियारा के पास लगे 1.16 KVA एवं 125 KVA के ट्रांसफार्मरों की क्वायल अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है। कनीय विद्युत अभियंता ने अपने आवेदन में बताया है कि विभागीय कर्मियों द्वारा 28 मार्च को स्थल निरीक्षण के दौरान चोरी की पुष्टि की गई। इस घटना से नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड को लगभग 80 हजार रुपये का नुकसान हुआ है।


## रक्सौल में बड़ी कार्रवाई: 2250 प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, चार पर केस दर्ज



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)** गुप्त सूचना के आधार पर रक्सौल पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शनों की तस्करी का भंडाफोड़ किया है। इस दौरान पुलिस ने 2250 पीस नशीले इंजेक्शन बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया, जबकि इस मामले में कुल चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।थानाध्यक्ष आईपीएस हेमंत सिंह ने बताया कि गश्ती के दौरान सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बाइक के जरिए बाईपास रोड होते हुए नेपाल जा रहा है और वाहन की टंकी में छिपाकर नशीली दवाएं ले जा रहा है। सूचना के आधार पर बिजली कार्यालय के पीछे बाईपास रोड पर नाकेबंदी कर वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान नेपाली नंबर की बाइक से आ रहा एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान बाइक की टंकी को काटकर बनाए गए गुप्त स्थान से फेनारग, डायजेपाम और अन्य प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद किए गए। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान नेपाल के धर्मनगर कलैया निवासी हेमनारायण महतो के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी की निशानदेही पर सुगौली के हरिजन टोला स्थित एक किराए के मकान में छापेमारी की गई, जहां से भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन बरामद कर अफजल मियां उर्फ शालू को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इस पूरे मामले में गोपालगंज निवासी राजा साहिल और वकिल मियां समेत कुल चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इनमें से दो आरोपी अभी फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार, भारत-नेपाल खुली सीमा का फायदा उठाकर लंबे समय से नशीली दवाओं की तस्करी की जा रही है। नेपाल में इन इंजेक्शनों की अधिक मांग और मुनाफे के कारण यह अवैध कारोबार फल-फूल रहा है। इस पर रोक लगाने के लिए पुलिस और एसएसबी लगातार कार्रवाई कर रही है, लेकिन पूरी तरह नियंत्रण अभी भी चुनौती बना हुआ है।

## ग्रामीण प्रतिभा का परचम: मांझी के छात्रों ने मैट्रिक में दिखाया दम, कई ने 400 पार किए अंक








**छपरा/मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा घोषित मैट्रिक परीक्षा 2026 के परिणाम में मांझी प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। सीमित संसाधनों के बावजूद विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक हासिल कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। प्रखंड के महम्मदपुर गांव स्थित फर्स्ट इनिंग्स एजुकेशन कोचिंग संस्थान के छात्र-छात्राओं ने इस वर्ष बेहतरीन सफलता प्राप्त की है। संस्थान का संचालन अभिषेक तिवारी द्वारा किया जाता है। संस्थान की छात्रा श्वेता कुमारी (पिता-मनोज उपाध्याय) ने 439 अंक प्राप्त कर अपने परिवार, गुरु और गांव का नाम रोशन किया। श्वेता ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को देते हुए बताया कि वह आगे चलकर डॉक्टर बनना चाहती हैं। अन्य सफल विद्यार्थियों में अजीत कुमार (पिता-प्रदूमन साहनी) 430 अंक, सलोनी कुमारी (पिता-मनोज उपाध्याय) 407 अंक, महक प्रवीण (पिता-नबी रसूल) 407 अंक, शब्बू खातून (पिता-सलीम अंसारी) 453 अंक तथा शबरून खातून (पिता-नूर हसन) 466 अंक प्राप्त कर प्रमुख रूप से शामिल हैं। संस्थान के निदेशक अभिषेक तिवारी ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र से इतने बेहतर परिणाम आना पूरे इलाके के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों और सीमित संसाधनों के बावजूद छात्रों ने यह साबित कर दिया है कि मेहनत, लगन और सही मार्गदर्शन के बल पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

# जिले की शराब की सभी दुकानें बंद

- पीने वाले भटक रहे इधर-उधर
- अनुज्ञप्तियों का नहीं हुआ नवीकरण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** नए वित्तीय वर्ष 2026-27 की शुरूआत बुधवार से हो चुकी है। झारखंड सरकार के सभी कार्यालयों में नए वित्तीय वर्ष के तहत कामकाज शुरू हो गया है, जबकि उत्पाद विभाग को अभी आदेश का इंतजार है। नतीजतन, जिले भर की सभी देसी, विदेशी और कंपोजिट शराब दुकानें बंद हैं।

धनबाद जिले में देसी, विदेशी और कंपोजिट शराब की कुल 143 दुकानें हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति के बाद भी इन दुकानों के अनुज्ञप्तियों का नवीनीकरण नहीं हो सका है। उत्पाद विभाग, धनबाद ने अनुज्ञप्ति नवीनीकरण के लिए राज्य सरकार से आदेश मांगा है। आदेश मिलने के बाद ही दुकानें खुलेंगी।

धनबाद जिले की सभी शराब दुकानों की बंदोबस्ती पांच वर्षों के लिए की गई है। बंदोबस्ती की अंतिम तिथि 2030 निर्धारित है, लेकिन प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर उनका नवीनीकरण करने का प्रावधान है।

नए वित्तीय वर्ष में उत्पाद विभाग की 10 दुकानें सरेंडर हो चुकी हैं। संचालकों ने अत्यधिक राजस्व के दबाव का हवाला देते हुए इन्हें सरेंडर किया है। अब इन दुकानों की बंदोबस्ती नए सिरे से की जाएगी।

# मजार के फकीर मंदिर में करते हैं पहली पूजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सुल्तानगंज।** हमारी परंपराओं में सद्भावना की ऐसी झलक दिखती है, जो हमें पूर्वजों से मिली धर्म निर्पेक्षता की सीख को प्रतिबिंबित करता है। सुल्तानगंज प्रखंड के तिलकपुर गांव स्थित सुप्रसिद्ध काली मंदिर की 200 वर्षों से चली आ रही परंपरा कुछ इसी तरह हमें सद्भावना की सीख देता है। चैत्र के अंतिम मंगलवार को यहां आसपास के जिले ही नहीं झारखंड, बंगाल सहित नेपाल के लोग भी पूजा-अर्चना करने और मन्नत मांगने आते हैं। इस दिन गांव के मजार के फकीर मंदिर में पहली पूजा करते हैं। पवित्रता के साथ सुबह-सुबह ही फकीर अपने हाथों से खीर का प्रसाद बनाते हैं। फकीर के पूजा-अर्चना के बाद ही सामूहिक पूजा शुरू होती है।

प्रखंड क्षेत्र के तिलकपुर स्थित सुप्रसिद्ध काली मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। मंगलवार को मां काली की पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बिहार, झारखंड, बंगाल सहित नेपाल से आए श्रद्धालु मन्नत पूरी होने पर पहुंचे थे।अपने-अपने संतानों का मुंडन संस्कार कराया और मां काली से सुख, समृद्धि की कामना की। जैसे-जैसे दिन ढलता गया, भीड़ बढ़ती गई। मंदिर के पुजारी ने बताया कि वर्षों पूर्व पूजा को लेकर मंदिर परिसर की साफ-सफाई की जा रही थी।इसी दौरान करीब 20 भरी से अधिक सोने का चंद्रमणि हार व दो कंगन मिला था। उसी आभूषण से ही मां काली का श्रृंगार कर सुशोभित किया गया। इस मंदिर को आसपास के लोग सिद्ध पीठ मानते हैं।मंदिर के पुजारी ने बताया कि यहां विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार, विधि-विधान से कलश स्थापना कर तीन दिवसीय अनुष्ठान की शुरूआत की जाती है। स्थापना काल से ही परंपरा है कि अनुष्ठान से एक दिन पूर्व अर्थात सोमवार को गांव की महिलाओं द्वारा मजार पर पूजा-पाठ कर जलाभिषेक किया जाता है। इसके बाद महिलाएं पुनः गंगा स्नान कर दो कलश में गंगाजल भर कर मंदिर पहुंचती हैं। स्थानीय मुस्लिम समुदाय के फकीर पीतल के बर्तन में मैया के भोग के लिए खीर बनाते हैं।

# मां की हत्या कर घर में ही लाश जलाने वाला बेटा अब भी फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सोनुवा।** पश्चिम सिंहभूम जिले के गुदड़ी थाना क्षेत्र के कमरोड़ा गांव से एक झकझोर देने वाली खबर सामने आई है। यहां एक बेटे ने अपनी बुजुर्ग मां की बेरहमी से हत्या कर उसके शव को आंगन में ही जला दिया।

जानकारी के अनुसार, यह सनसनीखेज घटना सामने आने से इलाके के लोग हैरान हैं। बता दें कि वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया है। बताया जा रहा है कि आरोपी इससे पहले अपने पिता की भी हत्या कर चुका है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार को आरोपी युवक नामजन बरजो ने पहले अपनी बुजुर्ग मां मेरी बरजो की लाठी-डंडे से पिटाई की, फिर लोहे के दाऊली से हमला कर उसकी हत्या कर दी।

## पुलिस कर रही सरगर्मी से तलाश

हत्या के बाद उसने घर के पीछे आंगन में लकड़ियां डालकर मां के शव को आग के हवाले कर दिया। घटना के समय गांव के अधिकांश ग्रामीण खूंटी जिला के रनिया बाजार गए हुए थे।

ऐसे में आरोपी की भाभी के बुलाने पर भी बीच-बचाव के लिए कोई नहीं आया। घटना का खुलासा होने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस के मुताबिक, वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी युवक खूंटी जिला के रनिया थाना क्षेत्र की ओर भाग गया है।

गुदड़ी थाना पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए रनिया थाना पुलिस की मदद से संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। घटना स्थल से बरामद मृतका के जले हुए अवशेषों को पुलिस ने जब्त कर डीएनए जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, ताकि मृतका की शिनाख्त और अन्य वैज्ञानिक साक्ष्य पुख्ता किए जा सके।

स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने बताया कि आरोपी युवक ने लगभग 8-10 वर्ष पहले अपने पिता की भी कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी थी।

उस समय उसकी मानसिक स्थिति खराब पाए जाने पर उसे रांची के मानसिक चिकित्सालय में कई महीने तक रखा गया था। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की तलाश तेज कर दी है और आसपास के जिलों की पुलिस को भी अलर्ट कर दिया गया है।

# भीम पेमेंट्स ऐप ने माही वे कैंपेन किया लॉन्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** भीम पेमेंट्स ऐप, जिसे एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड (एनबीएसएल) द्वारा विकसित किया गया है, ने अपने नए माही वे कैंपेन के लॉन्च की घोषणा की। यह कैंपेन भीम को एक स्पष्ट और भरोसेमंद विकल्प के रूप में प्रस्तुत करता है, जिससे यूजर्स तुरंत भुगतान कर सकते हैं। भारत में पैसे के साथ जुड़े भरोसे को दर्शाते हुए, यह कैंपेन भीम ऐप द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाजनक और सुरक्षित भुगतान प्रक्रिया पर जोर देता है, जिससे नए यूजर्स सहित सभी में डिजिटल पेमेंट्स के प्रति विश्वास बढ़ता है। यह 360-डिग्री कैंपेन महान क्रिकेटर और ब्रांड एंबेसडर महेंद्र सिंह धोनी को प्रस्तुत करता है, जिनका शांत और भरोसेमंद व्यक्तित्व भीम पेमेंट्स ऐप के अनुभव से मेल खाता है। भीम ऐप से करो पे, इट्स द माही वे विचार पर आधारित यह कैंपेन उन रोजमर्रा की स्थितियों को दिखाता है, जहां यूजर्स के पास कई पेमेंट विकल्प होते हैं, लेकिन वे एक सरल और विश्वसनीय माध्यम चुनते हैं। इस फिल्म में ऐप के स्कैन एंड पे फीचर और इंस्टेंट रिवॉर्ड्स को भी दिखाया गया है, जो डिजिटल पेमेंट को तेज और बिना चिंता के बनाते हैं। कैंपेन पर बोलते हुए, ललिता नटराज, एमडी और सीईओ, एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड (एनबीएसएल) ने कहा, भारत में डिजिटल पेमेंट्स को अपनाने और उपयोग करने में भरोसा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जैसे-जैसे इसका उपयोग बढ़ रहा है, यूजर्स सरलता और भरोसे के साथ-साथ हर ट्रांजैक्शन के सुरक्षित होने का आश्वासन चाहते हैं। हमारा नया कैंपेन माही वे इसी व्यवहार को दर्शाता है, जहां बिना किसी भ्रम या देरी के पेमेंट्स किए जाते हैं, एक ऐसे प्लेटफॉर्म पर जिस पर यूजर्स भरोसा कर सकें।

# घरों में अब तक नहीं पहुंच सका पेयजल

**गिद्धौर ।** प्रखंड क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल पहुंचाने का सपना अब तक अधूरा ही है। करीब 33.46 करोड़ रुपये की लागत से संचालित ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना चार वर्ष बाद भी पूरी नहीं हो सकी है, जिससे ग्रामीणों में निराशा व्याप्त है।

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, चतरा द्वारा इस महत्वाकांक्षी योजना का कार्य जून 2023 में शुरू किया गया था। योजना के तहत पूरे प्रखंड को पाइपलाइन के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना लक्ष्य रखा गया था। निर्माण कार्य और पाइप बिछाने की जिम्मेदारी धनबाद की एक निजी कंस्ट्रक्शन कंपनी को दी गई है, लेकिन कार्य की गति काफी धीमी बनी हुई है।

हालांकि केंदुआ, गांगपुर और बारिसाखी पंचायतों में पानी टंकी का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। वहीं प्रखंड मुख्यालय में जल शुद्धिकरण संयंत्र (फिल्टर प्लांट) भी अंतिम चरण में है। इसके बावजूद अधिकांश गांवों में अब तक पाइपलाइन बिछाने का कार्य अधूरा है,जिससे योजना का लाभ लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है।

# झारखण्ड से चलेंगी अजमेर और मुंबई के लिए समर स्पेशल ट्रेनें, बढ़ेगी सुविधाएं

## यात्रियों को मिलेगी राहत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** गर्मी के मौसम में ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है।

रेलवे ने हटिया-लोकमान्य तिलक टर्मिनस-हटिया के बीच साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इससे झारखंड से मुंबई जाने वाले यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी।

08609 हटिया-लोकमान्य तिलक टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल छह अप्रैल से 29 जून तक प्रत्येक सोमवार को हटिया से प्रस्थान करेगी।


यह ट्रेन प्रत्येक सोमवार को 16:20 बजे हटिया से खुलकर राउरकेला 20:20 बजे (प्रस्थान 20:30 बजे), बिलासपुर 01:15 बजे (प्रस्थान 01:25 बजे), नागपुर 08:10 बजे (प्रस्थान 08:15 बजे), भुसावल 15:10 बजे (प्रस्थान 15:15 बजे), मनमाड़ 18:00 बजे (प्रस्थान 18:05 बजे) और कल्याण 23:37 बजे (प्रस्थान 23:40 बजे) पहुंचते हुए बुधवार को 00:40 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी।

वापसी में ट्रेन संख्या 08610 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-हटिया साप्ताहिक स्पेशल आठ अप्रैल से एक जुलाई तक प्रत्येक बुधवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से चलेगी।

यह ट्रेन सुबह 05:00 बजे प्रस्थान कर कल्याण 05:57 बजे (प्रस्थान 06:00 बजे), मनमाड़ 12:10 बजे (प्रस्थान 12:15 बजे), भुसावल 14:40 बजे (प्रस्थान 14:45 बजे), नागपुर 00:55 बजे (प्रस्थान 01:00 बजे), बिलासपुर 07:45 बजे (प्रस्थान 08:00 बजे) और राउरकेला 12:27 बजे (प्रस्थान 12:32 बजे) होते हुए गुरुवार को 18:00 बजे हटिया पहुंचेगी।

इस स्पेशल ट्रेन में यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। ट्रेन में कुल 22 कोच होंगे, जिनमें एक जनरेटर यान, एक एसएलआरडी, चार सामान्य श्रेणी के कोच, छह स्लीपर कोच, सात वातानुकूलित 3-टियर, दो वातानुकूलित 2-टियर और एक वातानुकूलित प्रथम श्रेणी सह 2-टियर संयुक्त कोच शामिल हैं।

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्रालय ने ट्रेन संख्या 08611/08612 सांतरागाछी-अजमेर-सांतरागाछी साप्ताहिक



समर स्पेशल (वाया रांची) के परिचालन अवधि में विस्तार करने का निर्णय लिया है।

ट्रेन संख्या 08611 सांतरागाछी-अजमेर साप्ताहिक स्पेशल छह अप्रैल से 29 जून तक प्रत्येक सोमवार को सांतरागाछी से प्रस्थान करेगी।

वहीं, ट्रेन संख्या 08612 अजमेर-सांतरागाछी साप्ताहिक स्पेशल नौ अप्रैल से दो जुलाई तक प्रत्येक गुरुवार को अजमेर से प्रस्थान करेगी।

रेलवे की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, इन ट्रेनों की समय सारणी, ठहराव और कोच संयोजन में कोई बदलाव नहीं किया गया है और ये पूर्ववत रहेंगे।

श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र स्मरणोत्सव के अवसर पर कुछ ट्रेनों का गिधनी स्टेशन पर अस्थाई ठहराव होगा। ये ट्रेनें गिधनी स्टेशन पर 2 मिनट के लिए रुकेंगी।

22891 हावड़ा - रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस (वाया - टाटानगर) का 15 अप्रैल से 18 अप्रैल तक गिधनी स्टेशन पर आगमन 15:12 बजे एवं प्रस्थान 15:14 बजे होगा।

22892 रांची - हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस (वाया - टाटानगर) का 15 अप्रैल से 18 अप्रैल तक गिधनी स्टेशन पर आगमन 12:15 बजे एवं प्रस्थान 12:17 बजे होगा।

# मौसम की बेरूखी ने छीनी किसानों की खुशियां

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** क्षेत्र में सरकारी स्तर पर गेहूं खरीद की प्रक्रिया बुधवार से शुरू हो गई है। सरकार ने किसानों को सभी पैक्सों के माध्यम से गेहूं खरीदने का निर्देश दिया है। लेकिन अधिकांश किसान अभी अपनी गेहूं की फसल खेतों से निकाल नहीं पाए हैं।

इसका मुख्य कारण रुक-रुक कर हो रही बारिश है, जिसने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बताया जाता है कि इस समय खेतों में गेहूं की फसल पूरी तरह तैयार है, लेकिन लगातार हो रही हल्की और मध्यम बारिश के कारण कटाई कार्य बाधित है।

कई जगहों पर खेतों में पानी जमा हो जाने से फसल गिरकर खराब होने लगी है, जिससे उत्पादन पर भी असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।किसानों का कहना है कि यदि मौसम जल्द साफ नहीं हुआ तो गेहूं की गुणवत्ता प्रभावित होगी, जिससे उन्हें उचित मूल्य मिलने में भी



परेशानी हो सकती है।

वहीं, खरीद केंद्र खुलने के बावजूद किसान अपनी उपज वहां तक नहीं पहुंचा पा रहे हैं। स्थानीय किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि मौसम की स्थिति को देखते हुए खरीद की अवधि बढ़ाई जाए तथा नमी युक्त गेहूं की खरीद के लिए भी उचित व्यवस्था की जाए, ताकि किसानों को नुकसान से बचाया जा सके।

किसानों के अनुसार, इस समय थोड़ी भी अधिक नमी गेहूं के दानों को काला कर सकती है, जिससे उसकी बाजार कीमत गिर जाती है। ऐसे में किसानों की नजर अब मौसम के साफ होने पर टिकी हुई है।

गेहूं खरीद करने के संबध प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी अजय कुमार ने बताया कि अधिकांश किसानों की गेहूं खेत में लगी हुई है। तैयार होने के बाद किसान गेहूं युद्ध स्तर पर बेचेंगे । फिलहाल बेनीपुर के कुल 22 पैक्सों में से एक जरिसो पैक्स पैक्स अध्यक्ष श्याम यादव ने किसान सूर्यभूषण से 20 क्विंटल गेहूं 2585 के रेट पर खरीद किया है।

# धान के भुगतान में देरी से किसानों में असंतोष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**देवघर।** किसानों द्वारा अपनी काफी मेहनत एवं पूंजी लगाकर उपजाए गए धान के फसल को ओने पौने दाम में बाजार में नहीं बेचना पड़े इसके लिए सरकार ने धान अधिप्राप्ति केंद्र खोला है। ताकि किसान सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर पैक्स में धान बेच सके।सरकार द्वारा घोषणा किया गया था कि किसानों को पैक्स में धान देने के 48 घंटे के अंदर उनके खाते में समुचित राशि का भुगतान कर दिया जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। सरकार और विभाग के नियम कानून के पचड़े में किसान के साथ- साथ पैक्स अध्यक्ष भी परेशान हैं।

सरकार द्वारा 31 मार्च तक धान खरीदारी की तिथि तय की गई थी। निर्धारित समय सीमा खत्म हो चुका है। लेकिन कई किसानों को डेढ़ से दो माह के बाद भी भुगतान नहीं हुआ है। जबकि कई किसानों ने जो पैक्स में धान दिया था उसका एंट्री भी नहीं हुआ है।

पैक्स की वस्तु स्थिति को जानने के लिए दैनिक जागरण की टीम ने मंगलवार को सारठ प्रखंड क्षेत्र के ठाढी, सधरिया एवं मंझलाडीह पैक्स का पड़ताल किया। ठाढी पैक्स में कई किसान पहुंच कर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे।

नौनी, रउतरा, शहरजोरी, बीरमाटी,आसनसोल, छर्रा, हरिहरमाटी, नगरा, बभनगामा समेत अन्य गांव से पहुंचे किसान नीलरतन सिंह, अनूप सिंह, जितेंद्र कुमार राय, अशोक मंडल, बनमाली मंडल, तुलसी मंडल, शालीग्राम राय, नीरज चौधरी, प्रदीप चौधरी आदि ने बताया कि उनलोगों ने एक से डेढ़ माह पूर्व पैक्स में धान दिया है। लेकिन अभी तक एंट्री नहीं हुआ है।

जबकि सरकार का कहना था कि पैक्स में धान देने के तीन दिन के अंदर किसानों के खाते में बेचे गए धान का समुचित भुगतान कर दिया जाएगा। किसानों ने कहा कि सरकार की कथनी और करनी में काफी फर्क है।

# हेमंत सरकार से भिड़ने की तैयारी में भारतीय जनता पार्टी

## पार्टी तैयार कर रही आरोप पत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी अब सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाने सड़क पर उतर रही है। प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने अपनी नवचयनित टीम को राज्य सरकार की नीतियों के विरोध में आमलोगों के बीच जाने और आंदोलन करने की योजना सौंपी है। हजारीबाग में बालिका के दुष्कर्म और हत्या के मामले में आदित्य साहू स्वयं सक्रिय हुए।

खूंटी के मुरहू में हुई घटना की जांच के लिए वरिष्ठ भाजपा नेताओं को वहां भेजा। अब तीन अप्रैल का प्रदेश भाजपा ने झारखंड बंद की घोषणा की है।

प्रदेश भाजपा की टीम बंद को सफल बनाने के लिए सीधे मैदान में उतरेगी। लंबे समय से फेसबुक और एक्स पर पोस्ट कर विरोध की खानापूर्ति करने की जगह अब सरकार से आमने सामने की तैयारी करने की योजना भाजपा ने बनाई है।आंदोलन में महिला मोर्चा को सबसे सक्रिय रहने को कहा गया है। पिछले दिनों राज्य में महिला सुरक्षा पर कई घटनाओं को देखते हुए भाजपा इस मुद्दे पर जनसमर्थन जुटाने में लगी है।

## प्रखण्ड और पंचायत स्तर पर चलेगा कार्यक्रम

प्रदेश भाजपा ने सांसदों, विधायकों और वरिष्ठ नेताओं को आमलोगों से संवाद करने और उनकी समस्या उठाने की सलाह दी है। भाजपा नेता इसके लिए प्रखंड और पंचायत स्तर तक कार्यक्रम में पहुंचेंगे।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश कार्यक्रम का संयोजन करेंगे। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा और चम्पाई सोरेन जनजातीय क्षेत्र में जाकर संवाद करेंगे।

राज्य में हो रही आपराधिक घटनाओं पर प्रदेश भाजपा एक आरोप पत्र तैयार करने की योजना बना रही है। जल्द ही इसके लिए प्रारुप कमेटी का गठन किया जाएगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदित्य साहू ने महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराध को रोकने में राज्य सरकार की नाकामी के खिलाफ संसद में आवाज उठाने की बात कही है।

# कोर्ट परिसर में वकीलों को कुत्तों ने नोचा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड के गिरिडीह में बुधवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब कोर्ट परिसर में अचानक आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला बोल दिया। एसडीओ कोर्ट के बाहर अपने-अपने मामलों में व्यस्त अधिवक्ताओं पर कुत्तों ने एकाएक झपट्टा मारा और देखते ही देखते पांच वकीलों को काटकर जख्मी कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कुत्ते बेहद आक्रामक थे और उन्होंने एक-एक कर अधिवक्ताओं को निशाना बनाया। दांतों से काटने के साथ-साथ पंजों से नोचकर उन्हें लहूलुहान कर दिया। अचानक हुए इस हमले से कोर्ट परिसर में अफरातफरी मच गई। वहां मौजूद अन्य अधिवक्ताओं और लोगों ने किसी तरह कुत्तों को खदेड़ा और स्थिति पर काबू पाया।

घटना के तुरंत बाद घायल अधिवक्ताओं को सदर अस्पताल



पहुंचाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। डॉक्टरों ने सभी को एंटी-रेबीज इंजेक्शन भी लगाया। फिलहाल सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

इस अप्रत्याशित घटना ने कोर्ट परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अधिवक्ताओं ने नगर निगम से आवारा कुत्तों की समस्या पर जल्द ठोस कार्रवाई की मांग की है। घटना की सूचना भी निगम को दे दी गई है, लेकिन अब सबकी निगाहें इस पर टिकी हैं कि प्रशासन इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए क्या कदम उठाता है।

# आईपीएल की तर्ज पर हुई क्रिकेट खिलाड़ियों की नीलामी

## 149 खिलाड़ियों में से 93 की हुई सफल नीलामी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दुमका।** इस समय देश में आईपीएल चल रहा है। आईपीएल 2026 का 19वां सीजन जारी है। यह टूर्नामेंट मई के अंत तक चलेगा। देश में आईपीएल का बुखार चढ़ा हुआ है। इसी बीच झारखंड के दुमका में आईपीएल की तर्ज पर दुमका प्रीमियर लीग सीजन-2 के लिए क्रिकेट खिलाड़ियों की नीलामी हुई।

अप्रैल माह में प्रस्तावित दुमका प्रीमियर लीग सीजन-2 के लिए मंगलवार शाम शहर के एक होटल में खिलाड़ियों की नीलामी आयोजित की गई। नीलामी प्रक्रिया में कुल छह टीमें-अशोका लायंस, दुमका चैलेंजर्स, दुमका रॉयल्स, बासुकी इलेवन, विजनरी इलेवन और एम एंड एस इलेवन-ने फ्रेंचाइजी के रूप में भाग लिया।



जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष भास्कर अजीत सिंह ने सभी टीम मालिकों को प्रक्रिया के नियमों की जानकारी दी। मुख्य प्रायोजक डॉ. तुषार ज्योति ने उद्धछ के साथ-साथ भविष्य में भी कई अवसर उपलब्ध कराने की बात कही और खिलाड़ियों को अनुशासित रहने की सलाह दी।

कुल 149 खिलाड़ियों में से 93 खिलाड़ियों की सफल नीलामी हुई। टीम मालिकों ने उन खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी, जो खेल के साथ-साथ अनुशासित हों और टीम के संतुलन में फिट बैठते हों।

संघ के सचिव शावर्ण मनोज कुणाल ने बताया कि दुमका रॉयल्स ने सबसे अधिक बोली लगाते हुए आनंद दुबे को 8100 रुपये में खरीदा।

# पंखे से झूलती मिली तीन बच्चे की मां की लाश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**महागामा ।** महागामा थाना क्षेत्र के शाहपुर बेलडिया गांव में बुधवार को एक ऐसी घटना घटी, जिसने हर किसी की आंखें नम कर दीं। एक मां के अचानक चले जाने से तीन छोटे-छोटे बच्चों की दुनिया उजड़ गई और घर का आंगन सन्नाटे में डूब गया।

बताया जाता है कि गांव निवासी दिलीप श्रीवास्तव की 30 वर्षीय पत्नी काजल देवी का शव घर के कमरे में पंखे से लटका हुआ मिला। बताया जाता है कि उस वक्त घर में अकेली थीं, उनके तीन मासूम बच्चे और सास घर के बाहर बगल में गए हुए थे। पति बाहर प्रदेश में कार्य करके परिवार का भरण-पोषण करता है।

घटना के बाद सबसे मार्मिक दृश्य तब सामने आया, जब सभी घर लौटे तो देखा जब मासूम बच्चे व स्वजन अपनी मां को इस हालत में देखकर फूट-फूट कर रोने लगे। किसी को समझ नहीं आ रहा था कि उन नन्हे हाथों को अब कौन थामेगा, कौन उन्हें सहलाकर चुप कराएगा।

मां की ममता से भरा आंगन अचानक सूना हो गया। स्थानीय लोगों के बीच घटना को लेकर तरह-तरह की चचाएं हैं, वहीं घरेलू विवाद की आशंका भी जताई जा रही है। हालांकि, सच्चाई क्या है, यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

सूचना मिलने पर महागामा थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले के हर पहलू की जांच की जा रही है।

गांव में इस घटना के बाद शोक की लहर है। हर कोई यही कह रहा है एक मां के जाने का दर्द सबसे ज्यादा उन तीन मासूमों ने सहा है, जिनकी दुनिया अब हमेशा के लिए बदल गई।

CMYK

# 4 बल्लेबाज, जिन्होंने एक ही आईपीएल सीजन में 800 से ज्यादा रन कूटे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खिलाड़ियों ने कई रिकॉर्ड्स बनाए और तोड़े हैं। इस दौरान बल्लेबाजों ने जमकर चौके और छक्कों की बरसात करते हुए फैंस का खूब मनोरंजन किया। आइए, आईपीएल इतिहास के उन 4 खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं, जिन्होंने एक ही सीजन में 800 से ज्यादा रन कूटे।

- **विराट कोहली :** इस बल्लेबाज ने अब तक सभी 18 सीजन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ओर से खेले हैं। कोहली ने आईपीएल 2016 में 16 मैच खेलते हुए 81.08 की औसत के साथ कुल 973 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने 4 शतक और 7 अर्धशतक लगाए। कोहली एक आईपीएल सीजन में सर्वाधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में संयुक्त रूप से नंबर-1 हैं। उन्होंने आईपीएल 2016 में 38 छक्के और 83 चौके लगाए थे। विराट कोहली आईपीएल इतिहास में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। कोहली ने साल 2008 से अब तक कुल 268 आईपीएल मैच खेले, जिसमें 39.86 की औसत से 8,730 रन बनाए। कोहली सर्वाधिक 8 आईपीएल शतक लगाने वाले खिलाड़ी भी हैं। इस लीग में उनके बल्ले से कुल 296 छक्के और 776 चौके निकले हैं।
- **शुभमन गिल :** गुजरात टाइटंस की ओर से खेलते हुए गिल ने आईपीएल 2023 में 17 मैच खेले, जिसमें 59.33 की औसत के साथ 890 रन बनाए। इस दौरान गिल ने 3 बार शतकीय पारियां खेलीं। गिल ने उस सीजन 33 छक्के और 85 चौके लगाए थे।
- **जोस बटलर :** आईपीएल 2022 में राजस्थान रॉयल्स की तरफ से 17 मैच खेलते हुए बटलर ने 57.53 की औसत के साथ कुल 863 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से 4 शतक और इतने ही अर्धशतक निकले। इस सीजन बटलर के बल्ले से 45 छक्के और 83 चौके निकले।
- **डेविड वॉर्नर :** सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से खेलते हुए वॉर्नर ने आईपीएल 2016 में 60.57 की औसत के साथ 848 रन बनाए थे। इस दौरान उनके बल्ले से 9 अर्धशतक निकले। आईपीएल 2016 में वॉर्नर ने 31 छक्के और 88 चौके लगाए थे।

# श्रेयस अय्यर पर क्यों BCCI ने लगाया 12 लाख का फाइन?

## पंजाब किंग्स की धांसू जीत के बावजूद मिली सजा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2026 का चौथा मुकाबला पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच खेला गया। बीते 31 मार्च को खेले गए इस मुकाबले में पंजाब ने गुजरात पर 3 विकेट की रोमांचक जीत दर्ज की। रनर्स अप पंजाब किंग्स ने आईपीएल के 19वें सीजन का



आगाज जीत के साथ किया है। हालांकि पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर पर मैच के दौरान एक गलती के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना भी लगा है।

बीसीसीआई ने क्यों श्रेयस अय्यर पर ठोका जुर्माना? पंजाब किंग्स के कप्तान और स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर पर गुजरात टाइटंस के खिलाफ स्लो ओवर रेट के लिए बीसीसीआई ने 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

● **बोस्निया से हारकर इटली फीफा विश्व कप 2026 से बाहर**

# लगातार तीसरी बार चूकी मौका

**बर्लिन, एजेंसी।** चार बार की चैंपियन इटली फीफा विश्व कप 2026 से बाहर हो गई है। पेनल्टी से तय हुए एक रोमांचक प्लेऑफ में बोस्निया और हर्जेगोविना से हारने के बाद इटली को लगातार तीसरी बार बार फीफा विश्व कप से बाहर होना पड़ा। जेनिका में हुआ यह मैच अतिरिक्त समय के बाद 1-1 से बराबर रहा, जिसके बाद बोस्निया ने शूटआउट में 4-1 से जीत हासिल की। इस जीत के साथ बोस्निया ने 2014 के बाद पहली बार विश्व कप में जगह बनाई। इटली के डिफेंडर लियोनार्डो स्पिनाजोला ने कहा, 'हमें अभी भी यकीन नहीं हो रहा है। यह सभी के लिए दुखद है।'

हेड कोच जेननारो गुट्टूसो ने मैच के बाद माफी मांगते हुए कहा कि टीम उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। रिपोर्ट के मुताबिक, जेनिका में इटली शुरुआत में ही सही रास्ते पर लग रहा था जब मोइज कीन ने बोस्निया के गोलकीपर निकोला वासिलज की



एक बड़ी गलती का फायदा उठाकर मेहमान टीम को 15वें मिनट में बढ़त दिला दी। हाफटाइम से पहले मैच का रुख तब बदल गया जब इटली के सेंटर-बैक एलेसेंड्रो बास्टोनी को लास्ट-मैन फाउल के लिए बाहर भेज दिया गया, जिससे मेहमान टीम को लंबे समय तक डिफेंसिव लड़ाई लड़नी पड़ी। 10 खिलाड़ियों तक सिमटने के बाद, इटली ने पीछे हटकर बढ़त बचाने की कोशिश की, लेकिन बोस्निया ने दबाव बनाया, और आखिरकार 79वें मिनट में हारिस तबाकोविक ने स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। अतिरिक्त समय में कोई भी टीम जीत नहीं पाई, जिससे मुकाबला पेनल्टी शूटआउट में चला गया जिसमें इटली को हार का सामना करना पड़ा। सैंड्रो टोनाली स्पॉट से गोल करने वाले अकेले इतालवी खिलाड़ी थे। पियो एस्पोसिटो ने ऊपर से शॉट मारा, जबकि ब्रायन क्रिस्टांटे ने बार के नीचे से शॉट मारा और उनका शॉट बाहर चला गया। बोस्निया ने चारों पेनल्टी को गोल में बदला, जिसमें एस्मिर बजरकतारेविक ने निर्णायक किक लगाई। मंगलवार को दूसरी जगह, चेक रिपब्लिक भी अतिरिक्त समय के बाद डेनमार्क के साथ 2-2 से ड्रॉ के बाद पेनल्टी शूटआउट से आगे बढ़ा।

# एक ही ओवर में 11 बॉल फेंक गए अर्शदीप, 5 अन्य गेंदबाज भी कर चुके ऐसा

**न्यू चंडीगढ, एजेंसी।** पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह का नाम अनचाही फेहरिस्त में जुड़ गया है। बाएं हाथ के 27 वर्षीय गेंदबाज ने मंगलवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के चौथे मुकाबले में एक ही ओवर के दौरान 11 गेंदें फेंकीं। यह आईपीएल इतिहास में गेंदों के हिसाब से संयुक्त रूप से सबसे



लंबा ओवर है। अर्शदीप से पहले 5 अन्य गेंदबाज ऐसा कर चुके थे। मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में जारी इस मुकाबले में अर्शदीप सिंह ने गुजरात टाइटंस की पारी के 20वें ओवर में कुल 11 बॉल फेंकी। टाइटंस 19 ओवरों के खेल तक 6 विकेट खोकर 150 रन बना चुकी थी। इसके बाद गेंद अर्शदीप को सौंपी गई, जिन्होंने नए ओवर की पहली ही गेंद वाइड फेंकी। अगली दो लीगल डिलीवरी पर राहुल तेवतिया कोई रन नहीं बना सके। ओवर की तीसरी गेंद पर तेवतिया ने चौका लगाया। अर्शदीप ने इसके बाद एक नो-बॉल और दो वाइड फेंकी। ओवर की चौथी लीगल डिलीवरी डॉट रही। पांचवीं गेंद पर तेवतिया ने सिंगल चुराया, लेकिन अगली ही गेंद अर्शदीप ने वाइड फेंक दी। आखिरकार, 134.1 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से राशिद खान को फेंकी गेंद इस ओवर की अंतिम डिलीवरी साबित हुई। अर्शदीप से पहले मोहम्मद सिराज (साल 2023), तुषार देशपांडे (साल 2023), शार्दुल ठाकुर (साल 2025), संदीप शर्मा (साल 2025) और हार्दिक पंड्या (साल 2025) एक ही ओवर में 11 गेंदें फेंक चुके थे। न्यू चंडीगढ़ में खेले जा रहे इस मुकाबले की बात करें, तो टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी गुजरात टाइटंस ने 6 विकेट खोकर 162 रन बनाए। कप्तान शुभमन गिल ने सर्वाधिक 39 रन टीम के खाते में जोड़े। जोस बटलर ने 38 रन का योगदान दिया। इनके अलावा, ग्लेन फिलिप्स ने 25 रन टीम के खाते में जुटाए।

**एशियन बॉक्सिंग : एशियाई चैंपियनशिप**

# प्रिया की शानदार जीत

## जादुमणि ने शीर्ष वरीय यामागुची को कड़ी टक्कर दी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत की प्रिया ने एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के दूसरे दिन मंगलवार को 5-0 से जीत दर्ज की, जबकि जादूमणि सिंह जुझारू प्रदर्शन करने के बावजूद हार गए।

एशियन मुक्केबाजी चैंपियनशिप के दूसरे दिन भारत की प्रिया ने 5-0 से शानदार जीत दर्ज की, जबकि जादुमणि सिंह ने जापान के शीर्ष वरीय मुक्केबाज को मुकाबले के आखिर तक कड़ी टक्कर दी। महिलाओं के 60 किलोग्राम वर्ग में प्रिया ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कजाखस्तान की रिम्मा वोलोसेंको को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराया। पूरे मुकाबले के दौरान उन्होंने गजब का नियंत्रण और संयम दिखाया जिसके दम पर वह अगले दौर में पहुंच गईं। अगले मुकाबले में उनका सामना चीन की चेंग्यू यांग से होगा, जो इस वर्ग की दूसरी वरीयता प्राप्त मुक्केबाज हैं। पुरुषों के 55 किलोग्राम वर्ग में जादुमणि ने जापान के रुई यामागुची के खिलाफ कड़ा मुकाबला लड़ा, लेकिन आखिर



में उन्हें 2-3 के खंडित फैसले से हार का सामना करना पड़ा। यामागुची इस वर्ग के शीर्ष वरीयता प्राप्त मुक्केबाज हैं और वह इस टूर्नामेंट में मजबूत दावेदार के तौर पर उतरे हैं। उनके नाम अस्ताना इवेंट में रजत पदक और मुक्केबाजी विश्व कप फाइनल में कांस्य पदक जैसी बड़ी उपलब्धियां दर्ज हैं। इतने अनुभवी और सफल प्रतिद्वंद्वी का सामना करने के बावजूद जादुमणि ने उन्हें हर पंच का करारा जवाब दिया। उन्होंने मुकाबले को आखिरी पल तक रोमांचक बनाए रखा और यह दिन के सबसे करीबी मुकाबलों में से एक साबित हुआ।

# प्रज्ञानन्दा को हराकर सिंदारोव नें करूआना के साथ बनाई सयुंक्त बढ़त



**नई दिल्ली, एजेंसी।** फ़ीडे कैंडिडेट शतरंज में भारत के आर प्रज्ञानन्दा के अभियान को तीसरे राउंड में जोरदार झटका लगा है जब उज़्बकेकिस्तान के विश्व कप विजेता जावोखीर सिंदारोव नें उन्हें एक बेहद कड़े मुक़ाबले में एक मोहरा क़ुर्बान करते हुए समय के दबाव में डालकर 40 चालों में पराजित कर दिया वहीं यूएसए के फैबियानो करूआना नें कैंडिडेट के इतिहास के सबसे कम चालों में से एक जीत दर्ज की उन्होंने मात्र 19 चालों में चीन के वे यी को पराजित कर दिया और अब सिंदारोव और कारुआना तीन राउंड के बाद दो जीत और एक ड्रा के साथ 2.5 अंक बनाकर सयुंक्त बढ़त पर आ गए है । अन्य बाज़ियों में यूएसए के हिकारू नकामुरा नें नीदरलैंड के अनीश गिरी से और रूस के आंद्रे एसिपेंको नें जर्मनी के मैथियास ब्लूबम से ड्रा खेला । भारत के प्रज्ञानन्दा आज की हार के बाद 1.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर सरक गए है । महिला वर्ग में भी समाचार लिखे जाने तक विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख रूस की गोर्याचकिना से हार की कगार पर चल रही है जबकि वैशाली नें यूक्रेन की अन्ना मुज़्यचुक से ड्रा खेला वहीं कज़ाक्सितान की बिबीसारा आसुबयेवा नें चीन की जू जीनर को पराजित करते हुए रूस की लग्नों कैटरिना के साथ सयुंक्त बढ़त बना ली है ।

**ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट का बड़ा फैसला**

# मेक्सवेल को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में नहीं दी जगह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 1 अप्रैल को 2026-27 सीजन के लिए 21 खिलाड़ियों की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में कई बड़े बदलाव देखने को मिले हैं, जहां अनुभवी ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल सहित पांच खिलाड़ियों को बाहर कर दिया गया। इस फैसले ने क्रिकेट जगत में हलचल मचा दी है क्योंकि मैक्सवेल अभी भी इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने के इच्छुक हैं।

### मैक्सवेल और कोंस्टास समेत 5 खिलाड़ी बाहर

इस बार जिन खिलाड़ियों को कॉन्ट्रैक्ट नहीं मिला, उनमें ग्लेन मैक्सवेल, सैम कोंस्टास, झाय रिचर्डसन, मैथ्यू शॉर्ट और लांस मॉरिस शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, रिचर्डसन और मॉरिस की इंजरी उनके बाहर होने की बड़ी वजह रही, जबकि कोंस्टास और शॉर्ट फिलहाल सेलेक्टर्स की प्राथमिकता से बाहर हो गए हैं।

- **दो नए खिलाड़ियों की एंट्री-** नई कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में तेज गेंदबाज ब्रेंडन डोगेट और ओपनर जेक वेदराल्ड को पहली बार जगह मिली है। दोनों खिलाड़ियों ने 2025-26 एशेज सीरीज में डेब्यू किया था, और वेदराल्ड को टेस्ट ओपनर के तौर पर लंबा मौका मिलने के संकेत मिल रहे हैं।
- **चीफ सेलेक्टर जॉर्ज बेली का बड़ा बयान-** ऑस्ट्रेलिया के चीफ सेलेक्टर जॉर्ज बेली ने इस फैसले को लेकर कहा, 'अगले 12 महीनों में हमें अलग-अलग परिस्थितियों और चुनौतियों के बीच काफी व्यस्त टेस्ट शेड्यूल खेलना है।' उन्होंने आगे कहा, 'इसी वजह से इस बार कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में टेस्ट और मल्टी-फॉर्मेट खिलाड़ियों को ज्यादा प्राथमिकता दी गई है।' बेली



ने यह भी स्पष्ट किया, 'आगामी सीरीज के शेड्यूल को देखते हुए हमें कॉन्ट्रैक्ट में शामिल खिलाड़ियों के अलावा भी अन्य खिलाड़ियों की जरूरत पड़ेगी और हम उनका इस्तेमाल करते रहेंगे।' और साथ ही जोड़ा, 'इस साल पहले से ज्यादा जरूरी है कि हम राज्यों (डोमेस्टिक टीमों) के साथ मिलकर काम करें, ताकि खिलाड़ी लगातार विकसित हों और मौका मिलने पर इंटरनेशनल क्रिकेट के लिए पूरी तरह तैयार रहें।'
- **मैट रेनशॉ को नहीं मिला मौका-** मैट रेनशॉ ऐसे खिलाड़ी रहे, जिन्हें इस फैसले से सबसे ज्यादा निराशा हुई होगी।
- **ऑस्ट्रेलिया का टेस्ट शेड्यूल रहेगा बेहद व्यस्त-** आने वाले 12 महीनों में ऑस्ट्रेलिया को 15 टेस्ट मैच खेलने हैं, जिसमें 6 घरेलू मैच शामिल हैं।

टीम बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज खेलेगी, इसके बाद साउथ अफ्रीका दौरा और भारत में 5 टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2027 भी खेलेगी।

### सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट पाने वाले खिलाड़ी

जिन 21 खिलाड़ियों को कॉन्ट्रैक्ट मिला है, उनमें शामिल हैं : जेवियर बार्टलेट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, पैट कमिंस, ब्रेंडन डोगेट, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुहनेमन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लायन, मिशेल मार्श, टॉड मर्फी, माइकल नेसर, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, जेक वेदराल्ड, ब्यू वेबस्टर और एडम जैंपा।

# पिछले साल की तुलना में आरसीबी में क्या आया बदलाव, कृणाल पांड्या ने खोला राज

**बेंगलुरू, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के कृणाल पंड्या का कहना है कि टीम में पिछले साल की तुलना में ठहराव आया है और खिलाड़ियों को इस सत्र में अपनी भूमिकाओं के बारे में बखूबी पता है। आरसीबी आरसीबी ने 2025 में 18 साल में पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग खिताब जीता था और पंजाब किंग्स के खिलाफ फाइनल में कृणाल प्लेयर आफ द मैच थे जिन्होंने चार ओवर में 17 रन देकर दो विकेट लिए थे। आरसीबी ने मैच छह रन से जीता था। कृणाल ने टीम द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, 'मेरा मानना है कि इस साल अधिक ठहराव आया है। पिछले साल यह नई टीम थी और सभी एक दूसरे को समझ रहे थे। इस साल खिलाड़ियों को अपनी भूमिका, एक दूसरे की ताकत और कमजोरी बखूबी पता है।'



उन्होंने कहा, 'जब मैं बड़े मौकों पर खेलता हूं तो मुझे लगता है कि अगर भगवान आपको यहां तक लाए हैं तो कोई कारण होगा और मुझे लगता है कि ये बड़े मौके मेरे लिए ही बने हैं। मुझे दबाव महसूस होता है लेकिन मैं सोचता हूं कि कैसे शांतचित्त रहूं और जरूरत के मुताबिक खेलूं।' उन्होंने विराट कोहली का उदाहरण देते हुए कहा, 'विराट अच्छा उदाहरण हैं।

**मई-जून में बांग्लादेश और नीदरलैंड के खिलाफ**

# ट्राई सीरीज खेलेगी स्कॉटलैंड की महिला टीम

एडिनबर्ग, एजेंसी। स्कॉटलैंड की महिला क्रिकेट टीम आईसीसी विमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 से पहले बांग्लादेश और नीदरलैंड्स के खिलाफ टी20 ट्राई-सीरीज खेलेंगी। ये सीरीज द ग्रेंज क्लब में मई से जून के बीच आयोजित होगी। द ग्रेंज क्लब में होने वाली यह ट्राई-सीरीज 28 मई को शुरू होगी, जिसमें स्कॉटलैंड का मुकाबला नीदरलैंड्स से होगा। इसके बाद 30 मई को स्कॉटलैंड बांग्लादेश का सामना करेगा। 31 मई को बांग्लादेश का मुकाबला नीदरलैंड्स से होगा। यह सिलसिला 2 जून को भी जारी रहेगा, जब स्कॉटलैंड एक बार फिर बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा, उसके बाद 3 जून को स्कॉटलैंड का मुकाबला नीदरलैंड्स से होगा। इस सीरीज का आखिरी मैच 4 जून को होगा, जिसमें



नीदरलैंड्स का मुकाबला बांग्लादेश से होगा। इसी के साथ स्कॉटलैंड की महिला टीम सितंबर 2022 के बाद पहला घरेलू मुकाबला खेलेगी। तब से, टीम ने लगातार प्रगति दिखाई है। इस टीम ने लगातार दो विमेंस टी20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई करने के साथ वनडे और टी20 फॉर्मेट में वेस्टइंडीज, जिम्बाब्वे और आयरलैंड जैसी पूर्ण-सदस्य टीमों के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की है। इस सीरीज के बाद, स्कॉटलैंड दो और वार्म-अप मैच खेलने के लिए इंग्लैंड जाएगी। इसके बाद, 13 जून को ओल्ड ट्रैफर्ड में आयरलैंड के खिलाफ मुकाबले के साथ अपना टी20 वर्ल्ड कप अभियान शुरू करेगी।

कप्तान कैथरीन ब्राइस को एडिनबर्ग में घरेलू फैंस के सामने खेलने का बेसब्री से इंतजार है। स्कॉटलैंड क्रिकेट की ओर से जारी एक बयान में उन्होंने कहा, 'मैं अपने गृहनगर एडिनबर्ग में खेलने के इस मौके को लेकर बहुत उत्साहित हूं।

# मार्च ने तोड़े रिकॉर्ड, बीते तीन वर्षों के मुकाबले हुई सर्वाधिक बारिश

### चार साल में सबसे ज्यादा रहा एक्यूआई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में मंगलवार को आसमान में बादल छाए रहे और बीच-बीच में बारिश और आंधी के साथ बौछारें पड़ीं। मौसम विभाग ने राजधानी के लिए येलो अलर्ट जारी किया हुआ है। अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर 33.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि न्यूनतम तापमान 19.4 डिग्री के आसपास रहा।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, बुधवार को आसमान मुख्य रूप से बादल छाए रहेंगे और हल्की से बहुत हल्की बारिश के साथ आंधी, बिजली चमकने और 20-30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है, जो 40 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती हैं। दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:30 बजे के बीच विभिन्न स्टेशनों पर बारिश दर्ज की गई। जनकपुरी में सबसे ज्यादा 4 मिमी, लोधी रोड पर 2.8 मिमी, पालम पर 2.6 मिमी, सफदरजंग पर 2.1 मिमी और रिज पर 2.4 मिमी बारिश हुई। अन्य इलाकों में मयूर विहार और पूसा में 2 मिमी तथा पितमपुरा में 1.5 मिमी बारिश दर्ज की गई।



अधिकतम तापमान विभिन्न स्टेशनों पर 33.2 से 33.9 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 18 से 19.6 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने बुधवार के लिए न्यूनतम तापमान 18 डिग्री और अधिकतम 34 डिग्री सेल्सियस का अनुमान लगाया है, साथ ही आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना जताई है।

### चार साल में सबसे प्रदूषित मार्च

वायु गुणवत्ता मध्यम श्रेणी में बनी रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार एक्यूआई 171 रहा। 1 से 3 अप्रैल तक वायु गुणवत्ता मध्यम श्रेणी में ही रहने की उम्मीद है। मार्च 2026 दिल्ली का चार साल में सबसे प्रदूषित मार्च रहा, जिसमें औसत एक्यूआई 181 रहा 2022 के बाद सबसे ज्यादा। इस महीने औसत अधिकतम तापमान 32.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो चार साल में सबसे अधिक है। वहीं, इस मार्च में 19.82 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो पिछले तीन सालों में सबसे ज्यादा है।

## कालकाजी में महिला से होती लूटपाट देखते रहे राहगीर, मदद करने वाले युवक का मोबाइल पुलिस ने कर लिया जब्त

**दक्षिणी दिल्ली, एजेंसी।** कालकाजी थाना क्षेत्र स्थित रामपुरी, मालरोड पर 31 मार्च दिन मंगलवार की सुबह एक महिला रोज की तरह जॉब पर जाने के लिए घर से निकली। गली के नुक्कड़ पर पहुंचकर उसे कैब बुक करना था। पर्स से मोबाइल निकालकर हाथ में लिया। कैब बुक भी नहीं हो पाई कि बाइक सवार दो बदमाश आए। वह कुछ समझ पाती उससे पहले ही पीछे बैठे बदमाश ने झपटकर मोबाइल छीना, उसके साथी तेजी से बाइक भगाई और दोनों वहां से रफूचक्कर हो गए। शर्म की बात तो यह है कि महिला से लूटपाट होते हुए वहां राहगीरों ने देखा भी मगर मदद के लिए कोई आगे नहीं आया। वहीं, एक डिलीवरी ब्वॉय ने मदद की तो पुलिस ने उसका ही मोबाइल जब्त कर लिया। इसके बाद रोती-बिलखती महिला को देख वहां से गुजर रहे डिलीवरी ब्वाय ने मदद की। अपने मोबाइल से डायल 112 पर फोन किया। शिकायत दर्ज कराने में मदद की। बदमाशों की तफ्तीश करने की बजाय पुलिस ने युवक का ही मोबाइल जमा करा लिया। काफी मिन्नतें करने के बाद लगभग आधे घंटे बाद उसे फोन वापस मिल पाया। शायद ऐसी ही कुछ वजह रही होगी कि सीआर पार्क में बदमाशों से भिड़ने वाली महिला की सहायता के लिए कोई आगे आने का साहस नहीं जुटा पाया। मालरोड पर



जहां वारदात हुई वो कोई सुनसान जगह नहीं थी। पास में ही एक दुकान पर ट्रक से आटा अनलोड हो रहा था। कई सारे मजदूर थे। दुकानदार के अलावा राहगीर भी थे। पर मोबाइल लूट की वारदात के समय कोई बदमाशों की तरफ बढ़ने की हिम्मत नहीं जुटा पाया। घटना के बाद भी लोग इस डर से महिला के पास जाने से हिचक रहे थे कि काम-धाम छोड़कर थाने के चक्कर काटने पड़ेंगे। तुगलकाबाद निवासी डिलीवरी ब्वॉय ने बताया कि सुबह सात बजे के करीब वो वहां से गुजर रहा था। महिला को परेशान देखकर कारण पूछा। डायल 112 पर फोन करने पर टीम मौके पर पहुंची। महिला से घटना के बाबत पूछताछ की और मेरा फोन ले लिया। बोला थाने चलना पड़ेगा, क्योंकि शिकायत इस फोन से हुई है। जबकि मुझे डिलीवरी देने के लिए फरीदाबाद और गुरुग्राम जाना था। वो कुछ सुनने के तैयार नहीं थे। नौकरी का हवाला देने पर मेरी सारी डिटेल नोट की। तकरीबन आधे घंटे बाद फोन मिला। पुलिस के मुताबिक शिकायत दर्ज कर बदमाशों को पकड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। कालकाजी से लेकर सीआर पार्क थाना क्षेत्र में बाइक सवार बदमाश फिर सक्रिय हैं। कालकाजी थाना क्षेत्र स्थित रामपुरी, मालरोड पर बदमाशों ने मोबाइल लूटा, वहां से 500 मीटर की दूरी पर राजमंदिर के पास केनरा बैंक के सामने 18 मार्च को बदमाशों ने बुजुर्ग को निशाना बनाया था। कुछ काम के बाद सुबह 11 बजे वे बाहर निकले ही थे कि दो बाइक पर पांच लड़के आए और बातों में उलझा लिया। इसके बाद हाथ में पहना तीन तोले का सोने का कड़ा जबरन उतरवाकर फरार हो गए।

## दिल्ली की सबसे बड़ी ड्रग तस्कर नसीमा पर शिकंजा, दस करोड़ की संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर पूर्वी जिले में ड्रग का कारोबार कोई बड़ी बात नहीं है। युवा से लेकर बच्चे तक नशे की गिरफ्त में हैं। नशा मुक्त भारत अभियान की तरफ कदम बढ़ाते हुए दिल्ली पुलिस ने राजधानी की बड़ी ड्रग तस्करों में शामिल नसीमा की दस करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच की है। यह संपत्ति ड्रग बेचकर कमाई गई रकम से खरीदी गई थी। सूत्रों का दावा है कि पहली बार ड्रग तस्कर के खिलाफ जिले में इस तरह की बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। 65 वर्षीय नसीमा वेलकम स्थित जनता मजदूर कालोनी में रहती है। इसके खिलाफ एनडीपीएस समेत कई धाराओं में 17 आपराधिक केस दर्ज हैं। उत्तर पूर्वी जिला पुलिस ने ड्रग तस्करी में गत दिसंबर में इसकों गिरफ्तार किया था। यह तभी से यह जेल में बंद हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि नसीमा का राजधानी में ड्रग का बड़ा नेटवर्क है। वह अधिकतर हेरोइन की तस्करी करती है। बुजुर्ग होने के बाद भी उसने ड्रग का धंधा बंद नहीं किया। युवा, महिलाओं से लेकर नाबालिग तक इसके लिए ड्रग की सप्लाई करते हैं। पुलिस नसीमा व ड्रग के गिरोह के गठजोड़ को तोड़ नहीं पा रही थी। जिले की एंटी नारकोटिक्स स्क्वाड ने इसके ड्रग के धंधे पर नकेल कसने के लिए इसकी संपत्ति पर वार किया है। पुलिस ने इसकी संपत्ति की कुंडली निकाली।

## दिल्ली में सफाई कर्मचारी की मौत पर जीटीबी अस्पताल के बाहर प्रदर्शन

**पूर्वी दिल्ली, एजेंसी।** दिलशाद गार्डन के डियर पार्क के पास नाले की सफाई के दौरान डूबने से राहुल नाम के कर्मचारी की मौत के मामले में मंगलवार को जीटीबी अस्पताल के बाहर हंगामा हुआ। मृतक के स्वजन ने आम आदमी पार्टी के दो विधायकों के साथ दस मिनट तक सड़क को जाम किया। इससे सड़क पर जाम भी लग गया।



परिवार ने मांग कि परिवार को दिल्ली सरकार मुआवजा दे। बिना सुरक्षा उपकरण दिए नाले की सफाई करवाने के आरोप में ठेकेदार व अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के समझाने के बाद लोग सड़क से हटे। मंगलवार को जीटीबी अस्पताल में राहुल के शव का पोस्टमार्टम हुआ। इससे पहले परिवार ने सीमापुरी के विधायक वीर सिंह धिंगान और कोंडली विधायक कुलदीप कुमार के साथ मिलकर हंगामा किया। ठेकेदार की गिरफ्तारी न होने को लेकर पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। परिवार ने कहा कि राहुल परिवार में अकेला कमाने वाले थे। महज 300 रुपये उन्हें एक दिन काम करने के लिए मिलते थे। आरोप है ठेकेदार ने कोई सुरक्षा उपकरण उन्हें नहीं दिए हुए थे। बिना किसी सुरक्षा उपकरण के सफाई करवाई जा रही थी विधायक कुलदीप कुमार ने कहा सुप्रीम कोर्ट ने मैनुअल तरीके से नालों की सफाई पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया हुआ है। प्रतिबंध की अनदेखी करते हुए कर्मचारी को बिना किसी सुरक्षा उपकरण के नाले में उतारकर सफाई करवाई जा रही थी।

## मंगल पर था भरपूर पानी, धूल भरी आंधियों ने अंतरिक्ष में उड़ा दिया

**टोक्यो/सेन्दाई, एजेंसी।** कभी जलसमृद्ध रहा मंगल आज सूखा मरुस्थल क्यों बन गया, इस लंबे समय से अनसुलझे सवाल पर नई रोशनी डालते हुए वैज्ञानिकों ने पाया है कि छोटे, स्थानीय धूलभरे-तूफान भी ग्रह के पानी को अंतरिक्ष में उड़ाने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। तोहोकू यूनिवर्सिटी समेत अंतरराष्ट्रीय शोधकर्ताओं की टीम के इस अध्ययन में सामने आया है कि ये तूफान जलवाष्प को ऊपरी वायुमंडल तक पहुंचाकर उसे तोड़ देते हैं, जिससे हाइड्रोजन अंतरिक्ष में निकल जाता है और पानी स्थायी रूप से खत्म होता जाता है। वैज्ञानिकों के अनुसार आज का मंगल एक ठंडा और सूखा ग्रह है, लेकिन इसकी सतह पर मौजूद प्राचीन जलधाराएं, पानी से बदले खनिज और अन्य भूगर्भीय संकेत बताते हैं कि कभी यहां प्रचुर मात्रा में पानी मौजूद था। वैज्ञानिक लंबे समय से यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर यह पानी कहां और कैसे गायब हो गया। हालांकि कुछ प्रक्रियाएं पहचानी जा चुकी हैं, लेकिन मंगल के गायब पानी का बड़ा हिस्सा अब भी एक पहेली बना हुआ है। कम्युनिकेशंस अर्थ एंड एनवायरनमेंट जर्नल में प्रकाशित इस नए अंतरराष्ट्रीय अध्ययन ने इस रहस्य को सुलझाने की दिशा में महत्वपूर्ण संकेत दिए हैं। शोध में पाया गया कि अपेक्षाकृत छोटे और



स्थानीय धूल-तूफान भी मंगल के उत्तरी गोलार्ध की गर्मियों के दौरान जलवाष्प को वायुमंडल में काफी ऊंचाई तक पहुंचा सकते हैं। वैज्ञानिकों ने मार्टियन वर्ष 37 (पृथ्वी के 2022-2023) के दौरान एक असामान्य स्थानीय धूल-तूफान का अध्ययन किया। इस दौरान मंगल के मध्य वायुमंडल में जलवाष्प की मात्रा सामान्य स्तर से लगभग दस गुना तक बढ़ गई। इतनी अधिक वृद्धि पहले कभी दर्ज नहीं की गई थी और मौजूदा जलवायु मॉडल भी इसकी भविष्यवाणी नहीं कर पाए थे। हाइड्रोजन का बढ़ना पानी के नुकसान का सीधा संकेत है। जलवाष्प के ऊंचाई तक पहुंचने के बाद वैज्ञानिकों ने एक्सोबेस,जहां से मंगल का वायुमंडल अंतरिक्ष में बदलने लगता है,पर हाइड्रोजन की मात्रा में तेज वृद्धि दर्ज की। यह स्तर सामान्य से 2.5 गुना अधिक था।

**कई अंतरिक्ष मिशनों के डाटा से खुला राज:** यह अध्ययन कई अंतरराष्ट्रीय मंगल मिशनों से जुटाए गए आंकड़ों पर आधारित है। इनमें यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के एक्सोमार्स मिशन का ट्रेस गैस ऑर्बिटर (टीजीओ) और उसका नोमैड उपकरण, नासा का मार्स रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर (एमआरओ) और एमिरेट्स मार्स मिशन (ईएमएम) शामिल हैं। ये सभी यान फिलहाल मंगल की कक्षा में सक्रिय हैं और लगातार डेटा भेज रहे हैं। यह अध्ययन संकेत देता है कि मंगल से पानी का नुकसान केवल बड़े वैश्विक तूफानों तक सीमित नहीं है, बल्कि छोटे और स्थानीय धूल-तूफान भी इस प्रक्रिया को तेज कर सकते हैं। इससे वैज्ञानिकों को यह समझने में मदद मिलेगी कि कैसे एक समय का जलसमृद्ध ग्रह धीरे-धीरे सूखे और निर्जीव मरुस्थल में बदल गया।

● अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा

## जन्मजात नागरिकता से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई में शामिल होंगे

**वॉशिंगटन, एजेसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वे जन्मजात नागरिकता से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई में शामिल होने की योजना बना रहे हैं। देश की सबसे बड़ी अदालत उनके उस कार्यकारी आदेश पर सुनवाई करने वाली है, जिसमें उन्होंने इस पुरानी व्यवस्था को चुनौती दी है। जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या वे अदालत में मौजूद रहेंगे, तो उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है ऐसा ही होगा। मैं जरूर जाऊंगा। मैंने इस बहस को बहुत लंबे समय से सुना है।'

यह पूरा मामला ट्रंप की उस कोशिश पर टिका है, जिसमें वे अमेरिका में गैर-नागरिक माता-पिता से पैदा होने वाले बच्चों को मिलने वाली स्वचालित नागरिकता को खत्म करना चाहते हैं। वर्तमान में यह व्यवस्था संविधान के 14वें संशोधन के तहत लागू है। ट्रंप ने इस कानून को इतिहास के संदर्भ में पेश किया। उन्होंने कहा कि यह कानून गृहयुद्ध के बाद के समय के लिए था। उनके अनुसार, इसका असली मकसद पूर्व गुलामों के



बच्चों को सुरक्षा देना और उन्हें नागरिकता का अधिकार दिलाना था।

ट्रंप ने तर्क दिया कि आज इस नीति का इस्तेमाल इसके असली उद्देश्य से भटक गया है। उन्होंने कहा कि यह कानून उन करोड़पतियों और अरबपतियों के बच्चों को अमेरिकी नागरिकता दिलाने के लिए नहीं बना था, जो केवल इसी मकसद से यहां आते हैं। उन्होंने मौजूदा व्यवस्था को पूरी तरह गलत बताया। ट्रंप ने कहा, यह सबसे अजीब बात है जो मैंने कभी देखी है। कानूनी जानकारों ने वर्षों से इसे बहुत खराब तरीके से संभाला है।

राष्ट्रपति ने की नीति की आलोचना

राष्ट्रपति ने इस नीति के गलत इस्तेमाल की भी कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि लोग यहां आते हैं और उन्हें बताया जाता है कि उनका पूरा परिवार अब अमेरिका का नागरिक बन जाएगा। ट्रंप को अपनी कानूनी दलीलों पर भरोसा है, लेकिन उन्होंने जजों के फैसलों को लेकर अपनी चिंता भी जाहिर की। उन्होंने डेमोक्रेटिक राष्ट्रपतियों द्वारा नियुक्त जजों का जिक्र करते हुए कहा, 'भले ही आपका केस कितना भी मजबूत क्यों न हो वे आपके खिलाफ ही फैसला सुनाएंगे।

## ईरानी विदेश मंत्री ने अमेरिका से बातचीत करने से इनकार किया

### कहा- भरोसे का स्तर शून्य पर है

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका के साथ किसी भी तरह की बातचीत की संभावना को पूरी तरह खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच भरोसे का स्तर शून्य है। अल जजीरा को दिए एक इंटरव्यू में अराघची ने साफ किया कि तेहरान को अमेरिकी कामों में कोई ईमानदारी नजर नहीं आती। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सरकार के साथ बातचीत का अनुभव कभी अच्छा नहीं रहा है। अराघची ने बताया कि पुराने समझौतों की नाकामी और हालिया दुश्मनी की वजह से कूटनीतिक रास्ते बंद हैं। उन्होंने याद दिलाया कि वर्षों पहले एक समझौता हुआ था, लेकिन अमेरिका बिना किसी ठोस वजह के उससे पीछे हट गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पिछले साल और इस साल भी अमेरिका के साथ बातचीत हुई, लेकिन उसका नतीजा केवल अमेरिकी हमले के रूप में सामने आया।

**सैन्य तैयारियों पर कही ये बात:** मौजूदा तनाव के बीच विदेश मंत्री ने सैन्य तैयारियों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि ईरानी सेना किसी भी संभावित अमेरिकी जमीनी



हमले का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि जमीनी हमला करना उसकी एक बड़ी गलती होगी। अराघची ने कहा, 'हम उनका इंतजार कर रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि वे ऐसी हिम्मत करेंगे। वहां उनका सामना करने के लिए बहुत बड़ी ताकत तैयार बैठी है।'

ईरानी विदेश मंत्री ने दावा किया कि अमेरिकी सेना को पहले ही काफी नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के रडार, विमान और ईंधन ले जाने वाले टैंकरों को नुकसान पहुंचा है। अराघची के अनुसार, ईरान अपनी रक्षा करना अच्छी तरह जानता है। जमीनी जंग में वह और भी बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ईरान ने युद्ध शुरू नहीं किया, लेकिन उसने पूरी ताकत से अपना बचाव किया है। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलमार्ग के बारे में उन्होंने स्थिति साफ की। उन्होंने कहा कि यह रास्ता फिलहाल केवल उन लोगों के लिए बंद है जो ईरान के साथ युद्ध कर रहे हैं। अराघची ने तर्क दिया कि यह जलमार्ग ईरान और ओमान की समुद्री सीमा में आता है। इसलिए इसका प्रबंधन करना इन दोनों देशों के लिए सामान्य बात है। उन्होंने कहा युद्ध के समय यह सामान्य है कि दुश्मन को व्यापार के लिए अपने समुद्री रास्तों का इस्तेमाल न करने दिया जाए। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि मित्र देशों के जहाजों को सुरक्षित रास्ता मिल रहा है। कुछ अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने सुरक्षा और ऊंचे बीमा की वजह से इस रास्ते से दूरी बनाई है,।

## क्या बड़ी तैयारी कर रहे नेतन्याहू: ईरान के खिलाफ क्षेत्रीय देशों के साथ गठबंधन की योजना, समझिए कितनी असरदार

**तेल अवीव, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष दिन-ब-दिन और भयावह होता जा रहा है। अमेरिका और इस्राइल के भीषण हमलों से दहक रहे मोर्चे पर ईरान भी इस्राइल और खाड़ी देशों में मैजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जोरदार पलटवार कर रहा है। मिसाइलों और ड्रोन की गरज के बीच यह संघर्ष अब अपने 33वें दिन में प्रवेश कर चुका है और पूरे क्षेत्र में तनाव अब भी चरम पर है। इसी उग्र हालात के बीच अब इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने बताया कि ईरान से युद्ध में अब इस्राइल कौन सी नई योजना बना रहा है और यह कितना असरदार होगा?

अपने संबोधन में इस्राइली पीएम नेतन्याहू ने कहा कि इस्राइल धीरे-धीरे नए क्षेत्रीय गठबंधनों का निर्माण कर रहा है, ताकि ईरान के खतरे से निपटा जा सके। उन्होंने कहा कि इस्राइल क्षेत्र के महत्वपूर्ण देशों के साथ संबंध मजबूत कर रहा है और इसे उन्होंने ईरानी खतरे का सामना करने के लिए जरूरी बताया। एक महीने से ज्यादा समय से जारी संघर्ष के बीच इस्राइल का यह कदम इस क्षेत्र में बदलते राजनीतिक परिदृश्य



और संघर्ष के बीच व्यापक सहयोग की ओर इशारा करता है। हालांकि अपने बयान में इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अभी तक यह नहीं बताया कि ये कौन से देश हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही मैं इन महत्वपूर्ण समझौतों के बारे में और जानकारी साझा कर सकूंगा। ऐसे समय में इस्राइली प्रधानमंत्री का यह बयान यह संकेत देता है कि इस्राइल और अरब देशों के कुछ हिस्सों के बीच सहयोग बढ़ रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### 15 छात्रों को स्कूल में घुसने से रोका तो अभिभावकों ने किया प्रदर्शन

**पूर्वी दिल्ली, एजेंसी।** मयूर विहार फेज-3 स्थित सालवान पब्लिक स्कूल में फीस बढ़ोतरी को लेकर विवाद बढ़ गया है। स्कूल प्रबंधन द्वारा बढ़ी हुई फीस जमा न करने पर 15 छात्रों को कक्षा में प्रवेश से रोक दिए जाने के बाद अभिभावकों में आक्रोश फैल गया।



आरोप है कि स्कूल प्रशासन ने बच्चों को स्कूल में दाखिल होने से रोक दिया और अभिभावकों को फोन कर उन्हें वापस ले जाने के लिए कहा। इससे नाराज अभिभावकों ने स्कूल गेट पर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। देखते ही देखते मौके पर भीड़ जुट गई और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया। अभिभावकों का कहना है कि स्कूल ने बिना पूर्व सूचना के फीस में बढ़ोतरी कर दी, जो गलत है। वहीं, स्कूल प्रशासन का दावा है कि फीस वृद्धि नियमों के तहत की गई है और उसी के अनुसार कार्रवाई की गई है। फिलहाल, पुलिस की मौजूदगी में स्थिति पर नजर रखी जा रही है और दोनों पक्षों से बातचीत कर समाधान निकालने की कोशिश की जा रही है।

शराब और हथियार तस्कर गिरफ्तार

### दिल्ली पुलिस का 'ऑपरेशन कवच': 48 घंटे में 2000 से ज्यादा ड्रग तस्कर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी में संगठित अपराध और तस्करी के मामलों पर अंकुश लगाने के लिए दिल्ली पुलिस ने फिर बदमाशों और तस्करों को पकड़ने के लिए पूरी दिल्ली और पड़ोसी राज्यों में ऑपरेशन कवच चलाया। इसके तहत 2000 से अधिक ड्रग्स सप्लायर, शराब तस्कर, हथियार तस्कर, वाहन चोर, कोटपा का उल्लंघन कर्ता और अन्य आरोपों में असामाजिक तत्वों को पकड़ा। यह ऑपरेशन 48 घंटे के लिए चलाया गया था, जिसके सभी 15 जिला पुलिस और क्राइम ब्रांच के अधिकारी और कर्मी शामिल थे। इससे पहले भी दिल्ली पुलिस कई बार संयुक्त रूप से आपरेशन कवच चला चुकी हैं, जिसमें बड़ी संख्या में अपराधी और तस्कर गिरफ्तार किए गए थे।

### 2 अप्रैल को मनाई जाएगी हनुमान जयंती, कई स्थानों पर ट्रैफिक डायवर्जन

नई दिल्ली, एजेंसी। हनुमान जयंती 2 अप्रैल को मनाई जाएगी। इस अवसर पर 2 अप्रैल को राजधानी दिल्ली के कई इलाकों में ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित रहेगी। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुसार, मरघट वाले बाबा हनुमान मंदिर के आसपास धार्मिक आयोजन, शोभायात्राएं और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते दिनभर यातायात पर असर पड़ेगा। ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि 2 अप्रैल को सुबह से देर रात तक कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों की आवाजाही बाधित रह सकती है। रिंग रोड पर शांति वन से लेकर ढ्ढस्ढ्ढ कश्मीरी गेट के बीच दोनों कैरिजवे, श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग, लोथियन रोड, नेताजी सुभाष मार्ग, निषाद राज मार्ग और बुलेवार्ड रोड जैसे अहम रास्तों पर भीड़ और जाम की स्थिति बन सकती है।इसके साथ ही कई स्थानों पर ट्रैफिक डायवर्जन भी लागू किए जाएंगे। इनमें रेल छत्ता चौक, सुभाष कट, जीपीओ चौक, केला घाट, आयरन ब्रिज, बुलेवार्ड रोड-लोथियन रोड टी-प्वाइंट और रिंग रोड पर मंकी ब्रिज के नीचे के इलाके शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएमएफटी अंतर्गत पीएमयू चयन को लेकर प्रि-बिड बैठक आयोजित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) के अंतर्गत प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट (पीएमयू) चयन हेतु जारी निविदा के संबंध में बुधवार को समाहरणालय स्थित सभागार में प्रि-बिड बैठक का आयोजन किया गया।



बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने की। मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार, डीपीओ राज शर्मा, डीआइओ धनंजय कुमार, जिला कोषागार पदाधिकारी गुलाब चंद उरांव आदि उपस्थित थे। इस दौरान विभिन्न एजेंसियों/फर्मों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और निविदा से संबंधित बिंदुओं पर अपने प्रश्न एवं सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में डीडीसी ने प्रतिभागियों को निविदा की शर्तों, पात्रता मानदंडों तथा चयन प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता एवं प्रतिस्पर्धात्मक आधार पर संपन्न की जाएगी। मौके पर एजेंसियों द्वारा उठाए गए प्रश्नों का समाधान किया गया। डीडीसी ने सभी इच्छुक एजेंसियों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपनी निविदा प्रस्तुत करने का आग्रह किया। ज्ञात हो कि, इसके तहत चयनित एजेंसी को डीएमएफटी, बोकारो के लिए प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट की स्थापना एवं संचालन का कार्य सौंपा जाएगा।

### एसआईआर के तहत बीएलओ घर घर लगा रही हैं स्टीकर

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड रांची से विशेष गहण पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यों को संपादन करने के लिए स्टीकर प्राप्त है। जिसे सभी बीएलओ को उपलब्ध करा दिया गया है। इस संबंध में उप निर्वाचन पदाधिकारी कालीदास मुंडा ने बताया कि बीएलओ द्वारा उक्त स्टीकर को अपने क्षेत्र के सभी घरों में चिपकाया जा रहा है। स्टीकर में गृह संख्या एवं बीएलओ का नाम और संपर्क नंबर अंकित है। बताया जा यदि किसी गृह/घर का नंबर नहीं है तो बीएलओ द्वारा विभाग के निदेशानुसार एक काल्पनिक नंबर (नोशनल नंबर) भर के चिपकाया जायेगा। अप्रेल - 2026 में एसआईआर की घोषणा संभावित है।

# भूधंसान में तीन लोगों की मौत

## ग्रामीणों में बीसीसीएल के अधिकारियों के खिलाफ आक्रोश

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कतरास के सोनारडीह ओपी क्षेत्र अंतर्गत टंडाबार बस्ती में भू-धंसान के बाद हालात लगातार तनावपूर्ण हो गए. हादसे के अगले दिन स्थिति उस समय और बिगड़ गई जब बीसीसीएल अधिकारियों की टीम स्थानीय लोगों को समझाने के लिए मौके पर पहुंची. कथित तौर पर टीम को देखते ही गुस्साए लोगों ने अचानक पथराव शुरू कर दिया. स्थिति इतनी उग्र हो गई कि अधिकारियों को अपनी जान बचाकर मौके से भागना पड़ा. इस दौरान पथराव में टीम के वाहनों के शीशे भी टूट गए. घटना के बाद इलाके में भारी तनाव और आक्रोश का माहौल बना हुआ है.



**तीन घर जमींदोज, तीन की मौत**

दरअसल, मंगलवार को टंडाबार बस्ती में अचानक भू-धंसान की घटना घटी थी, जिसमें तीन घर पूरी तरह जमींदोज हो गए थे. इस दर्दनाक हादसे में मलबे में दबकर तीन लोगों की मौत हो गई. मृतकों की पहचान मनोहर उरांव, गीता कुमारी और सरिता देवी के रूप में की गई है. तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेजा गया है, जहां प्रक्रिया जारी है.

**स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश**

घटना को लेकर स्थानीय लोगों का गुस्सा अभी शांत नहीं हुआ है. लोगों में बीसीसीएल प्रबंधन के प्रति गहरी नाराजगी देखी जा रही है. वे इस हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं. प्रशासन को आशंका है कि पोस्टमार्टम के बाद जब शव बस्ती में लाए जाएंगे, तब स्थिति और बिगड़ सकती है. ऐसे में इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है और हालात पर नजर रखी जा रही है.

**बीडीओ ने बताया- स्थिति नियंत्रण में**

बाघमारा बीडीओ लक्ष्मण यादव रात से रेस्क्यू कार्य में लगे हुए थे. बातचीत के क्रम में उन्होंने कहा कि लोग आक्रोशित हैं, जिसके कारण थोड़ी कठिनाई हो रही है. लोगों को समझाने की कोशिश की जा रही है. बीसीसीएल की टीम को लोगों के आक्रोश का सामना करना पड़ा है. लेकिन स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है. फिलहाल टंडाबार बस्ती में तनाव कायम है और प्रशासन किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सतर्क है. वहीं, उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने बुधवार को संबंधित अधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक कर पूरे मामले की समीक्षा की और राहत एवं पुनर्वास कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने के सख्त निर्देश दिए.

## राज्य सरकार की ओर से प्रभावित परिवारों को दिया जाएगा मुआवजा : डीडीसी

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।**

उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने मंगलवार की शाम बाघमारा में हुई घटना को लेकर आज विभिन्न पदाधिकारियों के साथ ऑनलाइन समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट कर दिया गया है। उनके लिए भोजन, पानी सहित सभी मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की शिकायत, विशेषकर खाने-पीने की व्यवस्था को लेकर, प्राप्त नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार के द्वारा दी जाने वाली मुआवजा राशि को लेकर आवश्यक प्रशासनिक तैयारी रखें। साथ में मौके पर अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति करने, सभी अधिकारियों को घटना स्थल पर जाकर राहत, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी करने तथा समस्त स्थिति की रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने भू-धंसान एवं अग्नि प्रभावित क्षेत्र में रहने वाले परिवारों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने के लिए जेआरडीए को प्रभावित स्थल का दौरा कर पारिवारिक सर्वे करने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने सख्त लहजे में कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन सही तरीके से नहीं करेंगे, उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऑनलाइन बैठक में अनुमंडल दंडाधिकारी लोकेश बारंगे, जिला खनन पदाधिकारी, निदेशक डीआरडीबी, बाघमारा के डीएसपी, एसडीपीओ, अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, जेआरडीए के पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी मौजूद थे।

## बोकारो स्थापना महोत्सव : उपायुक्त ने की तैयारियों समीक्षा, संबंधित पदाधिकारियों को दिए जरूरी दिशा-निर्देश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में 01 अप्रैल से 29 अप्रैल तक मनाए जाने वाले बोकारो स्थापना महोत्सव को लेकर बुधवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक का उद्देश्य महोत्सव के सफल आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियों की समीक्षा करना और दिशा-निर्देश देना था। बैठक में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, डीएसओ शालिनी खालको, एनडीसी प्रभाष दत्ता, डीपीआरओ मो. सफीक आलम, डीटीओ मारुति मिंज, डीपीआरओ रवि कुमार, डीपीओ राज शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




**महोत्सव की तैयारी और दिशा-निर्देश**

उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को महोत्सव के दौरान सुव्यवस्थित और प्रभावशाली आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जोर दिया कि महोत्सव का मुख्य उद्देश्य बोकारो जिले में अब तक हुए विकास कार्यों का प्रदर्शन, जनभागीदारी को बढ़ाना, और सामाजिक जागरूकता फैलाना होना चाहिए। उन्होंने पंचायत,प्रखंड और जिला स्तर पर विकास कार्यों का प्रदर्शन,जिले में स्वच्छता अभियान के तहत सड़क और सार्वजनिक स्थल पर सभी नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने आदि की बात कही।

**समाजसेवी और अनसंग हीरो होंगे सम्मानित**

महोत्सव के दौरान बोकारो के रहने वाले समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को बोकारो की विभूति एवं अनसंग हीरो के रूप में सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा, प्रशासनिक और विभागीय क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को ऑफिसर ऑफ द मंथ का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि यह महोत्सव केवल उत्सव नहीं है, बल्कि बोकारो की उपलब्धियों और समाज में योगदान देने वालों की सराहना करने का अवसर है।सभी नागरिकों और अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी इसे और भी यादगार बनाएगी।

**डिजिटल अभियान और सोशल मीडिया सहभागिता**

इस महोत्सव के प्रचार के लिए बोकारो से जोहार हैशटैग के माध्यम से डिजिटल अभियान चलाया जाएगा। जनता से अनुरोध किया कि वे सोशल मीडिया पर अपने अनुभव साझा करें , जो भी अच्छा कार्य कर रहे हैं उसे साझा करें और महोत्सव को व्यापक स्तर पर प्रमोट करें। बोकारो स्थापना महोत्सव इस जिले के सामाजिक और सांस्कृतिक विकास का प्रतीक बनकर सामने आएगा, जिसमें हर नागरिक की भागीदारी इसे सफल बनाएगी।

## सीएसआर के तहत बेरमो अनुमंडल के विभिन्न पंचायतों में होगी 25 मार्डन लाइब्रेरी की स्थापना

### विद्यालयों व पंचायतों में स्थापित होने वाले पुस्तकालय के लिए संचालन समिति का होगा गठन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) के तहत सीसीएल-एनसीआरएपी के सौजन्य से पुस्तकालय स्थापना को लेकर समिति सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में बेरमो अनुमंडल के विभिन्न पंचायतों में कुल 25 मॉडर्न लाइब्रेरी स्थापित करने की योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराना तथा विद्यार्थियों, युवाओं एवं आमजन में पठन-पाठन की संस्कृति को प्रोत्साहित करना है। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा,जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे, सीएसआर नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

**संचालन के लिए समिति गठन का निर्देश**

पुस्तकालयों के सुचारू एवं प्रभावी संचालन के लिए एक संचालन समिति का गठन किया जाएगा। इस समिति की वरीय पदाधिकारी उप विकास आयुक्त (डीडीसी) होंगी, जो समग्र निगरानी एवं मार्गदर्शन प्रदान करेंगी। समिति में संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को भी शामिल किया जाएगा, ताकि कार्यों का समन्वय बेहतर ढंग से किया जा सके।

**विद्यालय आधारित पुस्तकालयों की जिम्मेदारी तय**

विद्यालय परिसरों में स्थापित होने वाले पुस्तकालयों के संचालन की जिम्मेदारी जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक को सौंपी जाएगी। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि विद्यालय स्तर पर पुस्तकालयों का उपयोग अधिकतम हो, इसके लिए नियमित रूप से विद्यार्थियों को प्रेरित किया जाए तथा पठन-पाठन से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जाए।



**चास एवं फुसरो में मोहल्ला लाइब्रेरी की शुरूआत**

बैठक में शहरी क्षेत्रों में अध्ययन सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से चास नगर निगम एवं फुसरो नगर परिषद के विभिन्न वार्डों में मोहल्ला लाइब्रेरी शुरू करने का निर्णय लिया गया। इन लाइब्रेरी के माध्यम से स्थानीय युवाओं, छात्रों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को लाभ मिलेगा।

**गुरूजी रात्रि पाठशाला को मिलेगा नया आयाम**

बैठक में गुरूजी रात्रि पाठशाला के बेहतर एवं प्रभावी संचालन पर भी विशेष चर्चा की गई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि रात्रि पाठशालाओं में अध्ययन सामग्री, उपस्थिति एवं शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए, ताकि वंचित एवं कामकाजी वर्ग के लोग भी शिक्षा से जुड़ सकें।

**समयबद्ध क्रियान्वयन पर दिया जोर**

उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुस्तकालय स्थापना से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी और समाज के सभी वर्गों को इसका लाभ मिलेगा।

## बोकारो जिले के स्थापना दिवस की उपायुक्त ने समस्त जिलेवासियों को दी हार्दिक बधाई

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आज हमारे गौरवशाली बोकारो जिले का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस विशेष अवसर पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने समस्त जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। 1 अप्रैल 1991 का दिन बोकारो के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है, जब तत्कालीन धनबाद जिला के चास एवं चंदनकियारी प्रखंडों तथा गिरिडीह जिला के बेरमो अनुमंडल को मिलाकर इस जिले का गठन किया गया। यह केवल प्रशासनिक बदलाव नहीं, बल्कि क्षेत्र की पहचान और विकास की नई शुरूआत थी। प्राकृतिक संसाधनों, औद्योगिक प्रगति और सांस्कृतिक विविधता से समृद्ध बोकारो आज राज्य के प्रमुख जिलों में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। यहाँ की मेहनतकश जनता, उनकी



जीवटता और आपसी सौहार्द इस जिले की असली ताकत है। इस अवसर पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने अपने संदेश में कहा कि बोकारो की धरती संघर्ष, समर्पण और प्रगति की अनगिनत कहानियों की साक्षी रही है। उन्होंने सभी नागरिकों से जिले के विकास, स्वच्छता, शिक्षा और सामाजिक समरसता को और मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। यह दिन हमें अपने गौरवशाली अतीत को याद करते हुए वर्तमान को सशक्त बनाने और उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का संकल्प लेने का अवसर देता है।

## मानस मंदिर जगजीवन नगर में 3 अप्रैल से 11 अप्रैल तक मानस अधिवेशन का आयोजन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मानस प्रचार समिति, मानस मंदिर, जगजीवन नगर में 54 वें मानस महाधिवेशन का 3 अप्रैल से शुरू होगा जो 11 अप्रैल तक चलेगा और 12 अप्रैल रविवार को पूणार्हुति हवन एवं भंडारे का आयोजन होगा।इस कार्यक्रम के सन्दर्भ में मंदिर परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में समिति के अध्यक्ष निरंजन सिंह, सचिव विनोद दुबे एवं कोषाध्यक्ष निशांत नारायण ने जानकारी दी की चतुर्दीक मंगल एवं व्यक्तित्व निर्माण के लिए प्रयासरत साहित्यिक, सांस्कृतिक एवम धार्मिक संस्था मानस प्रचार समिति हर वर्ष तुलसीदास कृत नव दिवसीय रामायण का नवाह्यान पारायण एवं राम कथा का आयोजन करती आ रहीं है। इसी क्रम में इस बार अयोध्या से पधारें संत रामशंकर वेदांती महाराज पिठाधिश्वर श्रीरामबल्लभा कुंज, जानकी घाट से पधार रहें है जो शाम को संध्या 6.30 बजे से राम कथा करेंगे एवं प्रातः मानस के नवाहय पाठ के लिए संत राधेश्याम दस महाराज अयोध्या से ही पधार रहें है। समस्त कर्मकांड मंदिर के पुरोहित ज्योति नारायण झा के आचारत्व में होगी एवं यज्ञमान, उज्जवल कुमार वर्मा एवं मनिका कीर्ति वर्मा होंगी।3 अप्रैल को सुबह विधायक राज सिन्हा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर अनुष्ठान का श्रीगणेश करेंगे।मानस प्रचार समिति की स्थापना वर्ष 1970 में हुई थी, वैलफेयर विभाग, सीएमपीएफ एवं धनबाद के



गणमान्य लोगो के द्वारा स्थापना हुई थीं, स्वर्गीय शिवपुजन तिवारी सचिव थे, परशुराम सिंह, कमिशनर पंडा साहब एवं कई लोग शामिल थे।इस मंच में चारो शंकराचार्य, कई रामानंदचार्य, रामकिंकर उपाध्याय, डोंगरे महाराज, करपात्री महाराज आदि पधार चुके है, परंपरागत तरीके से राम कथा एवम पारायण करने का श्रेय धनबाद में समिति को ही जाता है, अभिन्न बिहार का पहली कथा यही हुई थीं, बी सी सी एल का काफी सहयोग होता था जो अब उतना नहीं हो पता है, समिति द्वारा कल्याणकारी कार्य भी काफी होते है जिसमें निशुल्क औषधालय समिति द्वारा संचालित होती है जिसका वहन समिति करती है।प्रेस वार्ता में समिति के रामप्रवेश शर्मा, शमशेर सिंह, अजित गुप्ता, सनोज कुमार, सपन अधिकारी, रमा सिन्हा,कन्हाई भट्टचार्य भी उपस्थित थे।

## झारखंड सरकार ने बोकारो के अधिवक्ताओं के लिए बार भवन निर्माण की दिशा में की पहल

**बोकारो/रांची/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड सरकार ने राज्य के अधिवक्ताओं की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए जिला बार काउंसिल भवनों के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस क्रम में बोकारो जिले में जिला बार काउंसिल भवन के निर्माण के लिए दो अलग-अलग टेंडर जारी किए गए हैं, जिनकी कुल अनुमानित लागत लगभग 8.15 करोड़ है। बोकारो में जिला बार काउंसिल भवन का निमार्णः 4,71,01,175 रुपए, बेरमो में जिला बार काउंसिल भवन का निर्माण 3,43,71,286 रुपए के अलावा बोकारो में प्रधान जज, फैमिली कोर्ट के प्रस्तावित आवास निर्माण की भी मंजूरी दी गई है। जिसका ई-टेंडर नोटिस 17 दिसंबर 2025 को ही जारी किया गया था और बोली प्रक्रिया 8 जनवरी 2026 तक चली। निर्माण कार्य 12 महीने (बोकारो) और 11 महीने (बेरमो) में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। यह विकास इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल काउंसिल सदस्य अधिवक्ता रणजीत गिरि के प्रयासों का परिणाम माना जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर बोकारो समेत राज्य भर में बार काउंसिल भवनों के निर्माण और अधिवक्ताओं को बेहतर कार्यस्थल उपलब्ध कराने की मांग की थी। उसी मांग के अनुरूप झारखंड सरकार ने यह पहल की है। अधिवक्ता रणजीत गिरि ने इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री को बधाई दी है और कहा कि यह कदम न्यायपालिका और अधिवक्ताओं दोनों के लिए महत्वपूर्ण है।

# वित्तीय वर्ष 2025-26 में बोकारो इस्पात संयंत्र ने स्थापित किए नए कीर्तिमान

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उत्पादन, प्रेषण एवं परिचालन के क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की. इस अवधि में संयंत्र की सभी प्रमुख इकाइयों ने अब तक के सर्वश्रेष्ठ मासिक, त्रैमासिक एवं अर्धवार्षिक उत्पादन आँकड़े दर्ज किए, साथ ही कई वार्षिक उत्पादन कीर्तिमान भी स्थापित किए गए. स्टील मेल्टिंग शॉप(न्यू) से कच्चे इस्पात का उत्पादन 1.163 मिलियन टन के सर्वोच्च स्तर पर रहा. हॉट रोल्ड(एचआर) कॉइल का उत्पादन 4.267 मिलियन टन, कुल कोल्ड रोल्ड (सीआर) बिक्री योग्य इस्पात1.39 मिलियन टन, तैयार बिक्री योग्य इस्पात 4.15 मिलियन टन तथा कुल बिक्री योग्य इस्पात 4.56 मिलियन टन के रिकॉर्ड स्तर पर दर्ज किया गया. प्रेषण के क्षेत्र में भी संयंत्र ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल बिक्री योग्य इस्पात का 4.60 मिलियन टन तथा तैयार बिक्री योग्य इस्पात का 4.18 मिलियन टन का अब तक का सर्वाधिक डिस्पैच सुनिश्चित किया. परिचालन उपलब्धियों के दृष्टिकोण से भी वर्ष 2025-26 अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। एसएमएस-न्यू ने 465 हीट्स के साथ सबसे लंबी स्लैब कास्टिंग सीक्वेंस का नया रिकॉर्ड स्थापित किया. सीमित संसाधनों के बावजूद सिंटर प्लांट ने लगभग रिकॉर्ड स्तर का उत्पादन कर अपनी परिचालन दक्षता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. ब्लास्ट फर्नेस की उत्पादकता, कोक दर, सीडीआई दर एवं विशिष्ट ऊर्जा खपत जैसे तकनीकी-आर्थिक मानकों में भी उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया। सीआरएम-III ने स्थापना के बाद से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, वहीं कोल केमिकल्स क्षेत्र में भी उल्लेखनीय वृद्धि परिलक्षित हुई.



पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में प्रमुख उत्पादों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई. कच्चे इस्पात उत्पादन में 12.9 प्रतिशत, एचआर कॉइल में 15.6 प्रतिशत, सीआर बिक्री योग्य इस्पात में 18.3 प्रतिशत तथा कुल बिक्री योग्य इस्पात में 18.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई. उत्पाद विविधीकरण एवं मूल्य संवर्धन के क्षेत्र में भी संयंत्र ने महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं. विद्युत इस्पात, ऑटोमोबाइल क्षेत्र हेतु उच्च शक्ति कोल्ड रोल्ड इस्पात, जहाज निर्माण के लिए मरीन ग्रेड इस्पात तथा प्रेशर वेसल इस्पात जैसे नए ग्रेड सफलता पूर्वक विकसित किए गए। इसके अतिरिक्त, पहली बार चेकर प्लेट कॉइल का उत्पादन कर संयंत्र नेनए बाजार क्षेत्रों में प्रवेश की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया. समग्र रूप से, वित्तीय वर्ष 2025-26 में बीएसएल का प्रदर्शन इस स्तर तक उत्कृष्ट रहा कि संयंत्र ने सचमुच अपने प्रदर्शन से सभी मानकों पर उल्लेखनीय श्रेष्ठता प्रदर्शित करते हुए नए मानदंड स्थापित किए. पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए बीएसएल ने संसाधन संरक्षण, अपशिष्ट पुनर्चक्रण एवं ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में अनेक प्रभावी पहलें की हैं. सौर ऊर्जा परियोजनाओं सहित नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है तथा नेट-जीरोउत्सर्जन के लक्ष्य की दिशा में निरंतर प्रयास जारी हैं. सुरक्षा एवं डिजिटलीकरण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है. एआर/वीआर आधारित सेफ्टी एक्सीलेंस सेंटर की स्थापना, आईओटी आधारित मॉनिटरिंग प्रणाली तथा विभिन्न सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से कार्यस्थल सुरक्षा को और सुदृढ़ किया गया है. पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान संयंत्र को कालिंगा सेफ्टी एक्सीलेंस अवॉर्ड प्राप्त हुए हैं. वित्तीय वर्ष 2025-26 में बोकारो इस्पात संयंत्र का यह उत्कृष्ट प्रदर्शन इसके कर्मियों की प्रतिबद्धता, तकनीकी दक्षता एवं नवाचार की भावना का प्रतीक है. संयंत्र देश के इस्पात क्षेत्र को सुदृढ़ करने के साथ-साथ सतत एवं आत्मनिर्भर विकास की दिशा में निरंतर अग्रसर है. इस अवसर पर बोकारो इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन ने इस्पात कर्मियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए नए वित्तीय वर्ष में प्रदर्शन के स्तर को और ऊंचाइयों तक ले जाने तथा सुरक्षा एवं गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया. अधिशासी निदेशक (संकार्य) श्री अनुप कुमार दत्त ने संयंत्र के विभिन्न विभागों का दौरा कर अधिकारियों, कर्मियों एवं संविदा कर्मियों सहित समस्त बीएसएल परिवार को बधाई दी तथा आगामी वर्ष में और बेहतर प्रदर्शन हेतु प्रेरित करते हुए सुरक्षा एवं गुणवत्ता पर निरंतर फोकस बनाए रखने का संदेश दिया.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145865
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या :
JHAHIN/2017/72655
E-mail-
nbtimesbihar@gmail.com